CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : $27^{0}$ C
न्यूनतम : $23^{0}$ C

मुरादाबाद, मंगलवार 5 अगस्त 2025 मुरादाबाद संस्करण: वर्ष 22 अंक 356 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें।
मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | श्रावण शुक्ल पक्ष 10 विक्रमी सम्वत् 2082 | 10 सफर 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



जम्मू-कश्मीर को राज्य का दर्जा कब मिलेगाः फारूक अब्दुल्ला पेज 2



ओवल टेस्टः भारत की रोमांचक जीत, सिराज का पंजा खेल टाइम्स



अगस्त क्रांतिः स्मृतियों के बीच राष्ट्रभक्ति पर सुलगते सवाल सम्पादकीय



रूस और ईरान से तेल खरीदना बंद नहीं करेगा चीन पेज 12

# मेरठ की तस्वीर बदल देगी नई टाउनशिपः योगी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**मेरठ।** उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को मेरठ को एक बड़ी सौगात दी। उन्होंने शहर में नई टाउनशिप परियोजना का भूमि पूजन किया और इसे नए मेरठ की तस्वीर की शुरुआत बताया। सीएम योगी ने कहा कि आज मेरठ में न्यू टाउनशिप की नींव रखी गई है और अब नए मेरठ की तस्वीर जल्द ही सभी के सामने होगी। यह योजना मेरठ के नागरिकों के लिए आधुनिक और सस्ती जीवनशैली लेकर आएगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सावन के अंतिम सोमवार को शिलान्यास कर सभी को बधाई देता हूं। यह एनसीआर की ऐसी परियोजना है जिसे आज यहां प्रस्तुत किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि 2517 करोड़ की इस परियोजना को 750 एकड़ भूमि में विकसित किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने बताया कि इस योजना के अंतर्गत आवासीय, औद्योगिक और कमर्शियल सुविधाएं एक ही स्थान पर उपलब्ध कराई जाएंगी। इससे लोगों को रहने, व्यापार और रोजगार की सभी जरूरतें एक ही क्षेत्र में मिलेंगी, जो शहर की पहचान को पूरी तरह से बदल देगा। उन्होंने कहा कि इस टाउनशिप में लोगों को सस्ते दामों में घर उपलब्ध कराए जाएंगे और यह -शेष पृष्ठ दो पर



मेरठः भूमि पूजन करते हुए सीएम योगी व साथ में बैठे संसदीय राज्य मंत्री।

- मेरठ की पहचान अब एक्सप्रेसवे, रैपिड रेल और खेल
- नई टाउनशिप परियोजना का भूमि पूजन किया

## आतंक को संरक्षण देती है सपा व कांग्रेस कोर्ट के हालिया फैसले इसका सबूतः योगी

**सहारनपुर ( ब्यूरो )।** मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि भाजपा विरासत के संरक्षण के साथ-साथ विकास के लिए भी संकल्पित है। विरासत के संरक्षण के लिए मां शाकंभरी देवी कॉरिडोर बन रहा है। किसी भी मौसम में देशभर के श्रद्धालु आ सकते हैं। इसी तरह महाकुंभ में इतने श्रद्धालु आए, इससे कांग्रेस और उसके सहयोगी दल परेशान हैं। उन्हें परेशानी यह हो रही है कि सनातन धर्म का वैभव इतना ऊपर क्यों हो रहा है। उन्हें भारत की विरासत पर गौरव की अनुभूति नहीं हो रही है। कांग्रेस और सपा पर कटाक्ष करते हुए कहा कि अगर आतंकी वारदात होती है, तो यह संरक्षण देने के लिए छाती चौड़ी करके आगे बढ़ने का काम करते हैं। हाल ही में दो घटनाओं पर न्यायालय ने निर्णय दिया। महाराष्ट्र के मालेगांव में कांग्रेस की तत्कालीन सरकार ने हिंदुओं को अभियुक्त बनाया था, जिसके खुलासे अब हो रहे हैं।

# रक्षाबंधन पर महिलाओं के लिए तीन दिन रोडवेज की यात्रा फ्री

शाह टाइम्स ब्यूरो

- आठ अगस्त की सुबह से 10 अगस्त की रात्रि तक मिलेगी सेवा

**लखनऊ।** रक्षाबंधन के पर्व को देखते हुए सीएम योगी आदित्यनाथ ने आठ अगस्त की सुबह से 10 अगस्त की रात्रि 12 बजे तक यूपीएसआरटीसी की बसों व नगरीय बस सेवा की बसों में महिलाओं को निःशुल्क यात्रा के लिए व्यवस्था करने के निर्देश परिवहन विभाग को दिए हैं।

अधिकृत सूत्रों ने सोमवार को बताया कि वर्ष 2017 में प्रदेश की बागडोर संभालने के बाद मुख्यमंत्री का रक्षाबंधन के पर्व के मद्देनजर माताओं और बहनों को निःशुल्क यात्रा कराने का क्रम जारी है। मुख्यमंत्री ने प्रदेश में माताओं और बहनों को निःशुल्क यात्रा कराने का निर्देश दिया है। वर्तमान में उप्र परिवहन निगम के बेड़े में 13850 बसें शामिल हैं। जबकि 2022 में इनकी संख्या 12758 थी। बीते वर्ष रक्षाबंधन केवल एक दिन का था। इस बार मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 3 दिन निःशुल्क यात्रा कराने का निर्देश दिया है। ऐसे में परिवहन निगम ने अपनी तैयारी शुरू कर दी है।

## मालेगांव विस्फोट में भगोड़ों पर आरोप तय करने का रास्ता साफ

**मुंबई।** एनआईए की एक विशेष अदालत ने एजेंसी को फरार आरोपियों रामचंद्र कलसांगरा और संदीप डांगे की गिरफ्तारी के बाद उनके खिलाफ अलग-अलग आरोपपत्र दाखिल करने की अनुमति दे दी है। यह निर्देश 2008 के मालेगांव विस्फोट मामले में सात लोगों को बरी करने के अदालत के फैसले के साथ आया है। मध्य प्रदेश के इंदौर निवासी कलसांगरा और डांगे, एनआईए द्वारा जांचे गए इस मामले में आधिकारिक तौर पर वांछित आरोपी (एए-1 और एए-2) के रूप में सूचीबद्ध हैं।

## दिल्ली में सांसद सुधा रामकृष्णन से चेन छीनी

**नई दिल्ली।** दिल्ली में कांग्रेस सांसद सुधा रामकृष्णन से चेन छीनने का मामला सामने आया है। घटना सोमवार सुबह 6 बजे तमिलनाडु भवन के पास की है। वे डीएमके सांसद रजती के साथ सैर कर थीं, तभी जब स्कूटी पर सवार बदमाश ने घटना को अंजाम दिया। चेन खींचने की वजह सांसद की गर्दन पर चोट आ गई है। दिल्ली पुलिस ने केस दर्ज कर कार्वाई शुरू कर दी है। सुधा ने सुधा ने लेटर लिखकर पुलिस, स्पीकर और गृह मंत्रालय को शिकायत की है। गृह मंत्री अमित शाह को लिखे लेटर में कहा, श्मेरी चार से ज्यादा सावरेन (करीब 32 ग्राम) वजन की सोने की चेन खो गई और मैं इस आपराधिक हमले से बहुत सदमे में हूं।

## बिहार में मतदाता सूची के मसौदे पर किसी दल की ओर से कोई आपत्ति नहीं

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने कहा है कि बिहार में नई मतदाता सूची के मसौदे पर सोमवार अपराह्न तीन बजे तक किसी भी राजनीतिक दल की ओर से नाम काटने या जोड़ने को लेकर कोई दावा या आपत्ति प्राप्त नहीं हुई है पर मतदाताओं की ओर से तीन दिन में 1900 से अधिक दावे और आपत्तियां दर्ज कराई गई हैं। आयोग ने सोमवार को एक विज्ञप्ति में कहा कि एक अगस्त अपराह्न तीन बजे (मसौदा सार्वजनिक होने का समय) से चार अगस्त अपराह्न तीन बजे तक राजनीतिक दलों की ओर से एक भी दावा या आपत्ति नहीं दर्ज काराई गई है।

# चीन ने जमीन हड़पी, सबूत कहां?, SC ने राहुल से पूछा

### विश्वसनीय जानकारी क्या है, अगर आप सच्चे भारतीय होते, तो ऐसा नहीं कहते

शाह टाइम्स ब्यूरो

- सेना पर आपत्तिजनक टिप्पणी मामले में लखनऊ कोर्ट में राहुल के खिलाफ चल रही कार्रवाई पर रोक लगाई

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को भारतीय सेना पर आपत्तिजनक टिप्पणी को लेकर पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष व लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी को फटकार लगाई।

सुप्रीम कोर्ट ने पूछा आपको कैसे पता चला कि चीन ने भारत की 2000 वर्ग किमी जमीन पर कब्जा कर लिया है, विश्वसनीय जानकारी क्या है, अगर आप सच्चे भारतीय होते, तो ऐसा नहीं कहते। कोर्ट ने कहा कि जब सीमा पार संघर्ष चल रहा हो, तो क्या आप ये सब कह सकते हैं। आप संसद में सवाल क्यों नहीं पूछ सकते? आप (राहुल गांधी) विपक्ष के नेता हैं, संसद में बोलें, सोशल मीडिया पर नहीं बोलें। इसके साथ, सेना पर आपत्तिजनक टिप्पणी मामले में लखनऊ की कोर्ट में राहुल के खिलाफ चल रही कार्वाई पर सुप्रीम कोर्ट ने रोक लगा दी। कोर्ट ने इस मामले में शिकायतकर्ता (उदय -शेष पृष्ठ दो पर

## भूपेश बघेल की याचिका पर सुनवाई से सुप्रीम कोर्ट का इन्कार

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने 2160 करोड़ रुपये के कथित शराब घोटाला समेत अन्य मामलों से जुड़े संबंधित धन शोधन के आरोपों में घिरे छत्तीसगढ़ के पूर्व सीएम भूपेश बघेल और उनके बेटे चैतन्य बघेल को कोई राहत न देते हुए उनकी याचिका पर सुनवाई करने से इन्कार कर दिया। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने हालांकि पिता-पुत्र से कहा कि वे इस मामले में पहले हाईकोर्ट या निचली अदालत के समक्ष राहत की गुहार लगा सकते हैं।



## तमिलनाडु में विज्ञापन विवाद : सुप्रीम कोर्ट सरकार की याचिका पर शुक्रवार को करेगा सुनवाई

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट सरकार की कल्याणकारी योजनाओं में जीवित व्यक्तियों के नाम और तस्वीरें लगाने पर रोक के खिलाफ तमिलनाडु सरकार की ओर से दायर याचिका पर छह अगस्त को सुनवाई करेगा। पीठ ने राज्य सरकार की अपील पर शीघ्र सुनवाई करने की गुहार स्वीकार की। राज्य सरकार की ओर से पेश अधिवक्ता मुकुल रोहतगी ने मामले को अति महत्वपूर्ण बताते हुए याचिका पर तत्काल सुनवाई करने का अनुरोध किया। मद्रास हाईकोर्ट ने अपने एक आदेश में तमिलनाडु की सरकार की विभिन्न विज्ञापनों में कल्याणकारी योजनाओं में जीवित व्यक्तियों, पूर्व मुख्यमंत्रियों, पार्टी नेताओं या राजनीतिक दलों के नामों और तस्वीरों के इस्तेमाल पर अंतरिम रोक लगा दी थी।

# झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रणेता शिबू सोरेन नहीं रहे

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली/रांची।** पृथक झारखंड आंदोलन के अग्रदूत एवं पूर्व मुख्यमंत्री शिबू सोरेन का सोमवार को यहां निधन हो गया। वह 81 वर्ष के थे। श्री सोरेन एक माह से भी अधिक समय से यहां सर गंगाराम अस्पताल में भर्ती थे।

उनका किडनी तथा हृदय संबंधी बीमारियों का इलाज चल रहा था। उन्होंने सोमवार सुबह अस्पताल में ही अंतिम सांस ली। श्री सोरेन के पुत्र एवं झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सोशल मीडिया एक्स पर उनके निधन की जानकारी देते हुए लिखा कि आदरणीय दिशोम गुरुजी हम सभी को छोड़कर चले गए हैं। आज मैं शून्य हो गया हूं। दिशोम गुरुजी के नाम से लोकप्रिय श्री सोरेन के निधन की खबर मिलते ही समूचे झारखंड में शोक की लहर दौड़ गई। पिछले कई दिनों से राज्य में उनके शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना व दुआएं की जा रही थी।



## मुर्मू, मोदी व राहुल गांधी ने जताया शोक

**नई दिल्ली।** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री शिबू सोरेन के निधन पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, पीएम मोदी, राहुल गांधी और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, विभिन्न राज्यों के मुख्यमंत्रियों तथा कई अन्य वरिष्ठ नेताओं और गणमान्य व्यक्तियों ने गहरा शोक व्यक्त किया है। राष्ट्रपति मुर्मू ने सोशल मीडिया के एक्स पर लिखा कि श्री सोरेन का निधन सामाजिक न्याय के क्षेत्र की एक बड़ी क्षति है। उन्होंने आदिवासी अस्मिता और झारखंड राज्य बनाने के लिए संघर्ष किया। प्रधानमंत्री मोदी ने शोक व्यक्त करते हुए लिखा कि श्री सोरेन जमीनी नेता थे। उनका जनता के प्रति अटूट समर्पण था। श्री मोदी ने अस्पताल पहुंच कर श्री सोरेन को श्रद्धासुमन अर्पित किए और शोकाकुल परिजनों को ढांढस बंधाया। श्री गांधी ने कहा कि आदिवासी समुदाय की सशक्त आवाज रहे श्री सोरेन ने अपना जीवन उनके अधिकारों और हकों के लिए संघर्ष में खपा दिया।

# बांके बिहारी मंदिर विवादः उप्र सरकार के अध्यादेश पर सुप्रीम कोर्ट का सवाल

- हाईकोर्ट के सेवानिवृत्त जज की अध्यक्षता में समिति गठित करने का प्रस्ताव रखा

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने उप्र में वृंदावन के बांके बिहारी मंदिर विवाद मामले में राज्य सरकार के अध्यादेश जारी करने पर सवाल उठाया और हाईकोर्ट के एक सेवानिवृत्त न्यायाधीश की अध्यक्षता में एक समिति गठित करने का भी प्रस्ताव रखा।

पीठ ने कहा कि श्री बांके बिहारी जी मंदिर न्यास अध्यादेश, 2025 की वैधता पर उच्च न्यायालय द्वारा जब तक निर्णय नहीं लिया जाता, तब तक मंदिर के प्रबंधन की देखरेख के लिए एक सेवानिवृत्त उच्च न्यायालय के न्यायाधीश की अध्यक्षता में गठित एक समिति को अपना काम करना चाहिए।

## जातीय रैलियों पर रोक मामले में सुनवाई तीन सितम्बर को

**लखनऊ।** इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ पीठ ने जातीय रैलियों पर रोक के मामले में केंद्र सरकार को जवाब दाखिल करने को समय देकर अगली सुनवाई तीन सितम्बर को नियत की है। पहले कोर्ट ने केंद्र सरकार को मामले में जवाब पेश करने का मौका दिया था। साथ ही कोर्ट ने याची को भी पिछले 10 साल में राजनीतिक दलों द्वारा आयोजित की गई जातीय रैलियों का ब्योरा नए हलफनामे पर दाखिल करने को कहा था।

# 'आप' के पूर्व मंत्री जैन को मिली बड़ी राहत

- चार साल चली जांच में नहीं मिले सीबीआई को भ्रष्टाचार के सबूत, राउज एवेन्यू कोर्ट ने बंद किया केस

**नई दिल्ली ( ब्यूरो )।** लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) में पेशेवरों की अनियमित नियुक्ति और असंबंधित परियोजना निधि से भुगतान के आरोपों से संबंधित एक मामले में केंद्रीय जांच एजेंसी सीबीआई की तरफ से दायर क्लोजर रिपोर्ट राउज एवेन्यू कोर्ट ने स्वीकार कर ली है। मामला दिल्ली सरकार के पूर्व मंत्री सत्येंद्र जैन और अन्य के खिलाफ था।

विशेष न्यायाधीश दिग्विनय सिंह ने कहा कि कई वर्षों की जांच के बावजूद आरोपियों के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम या किसी अन्य अपराध के तहत आरोपों का समर्थन करने के लिए कोई सुबूत नहीं मिला। कोर्ट ने कहा कि इतने लंबे समय बाद भी जांच एजेंसी को कोई सुबूत नहीं मिला ऐसे में आगे की कार्यवाही किसी काम की नहीं है। भ्रष्टाचार के प्रावधानों को लागू करने के लिए कुछ सामग्री तो होनी ही चाहिए। केवल कर्तव्य की उपेक्षा या कर्तव्य का अनुचित प्रयोग ही अधिनियम के तहत उल्लंघन नहीं माना जा सकता।

## पहलगाम हमले के आतंकी पाकिस्तानी थे, लोकल नहीं

**नई दिल्ली।** ऑपरेशन महादेव में 28 जुलाई को मारे गए तीन आतंकी लोकल नहीं, पाकिस्तानी थे। यह जानकारी सुरक्षा एजेंसी के अधिकारी ने सबूतों के आधार पर एक न्यूज एजेंसी को दी है। अधिकारी ने बताया कि आतंकियों और एनकाउंटर साइट से मिले 6 सबूत से स्पष्ट हुआ है कि वे पाकिस्तान से थे। एनकाउंटर साइट से सुरक्षाबलों को आतंकियों के पास से पाक वोटर आईडी समेत अन्य सबूत मिले थे। सुरक्षा एजेंसी ने इन सबूतों को पाकिस्तान के नेशनल डेटाबेस एंड रजिस्ट्रेशन अथॉरिटी से मैच किया। आतंकियों के वोटर आईडी, बायोमेट्रिक रिकॉर्ड पाकिस्तान सरकार की ओर से जारी डिटेल्स से मैच हुए। इनमें सैटेलाइट फोन और जीपीएस डेटा भी शामिल हैं। अधिकारी ने कहा कि ये सबूत आतंकियों की पाकिस्तानी नागरिकता साबित करते हैं। जम्मू-कश्मीर में श्रीनगर के दाचीगाम नेशनल पार्क के पास हरवान इलाके में 28 जुलाई को सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ में तीन पाकिस्तानी आतंकी मारे गए थे।

# शेख अली की गुमटी में पार्क का इस्तेमाल बैडमिंटन या बास्केटबॉल कोर्ट के रूप में न हो

- सुप्रीम कोर्ट ने अधिकारियों को कियोस्क या दुकानों सहित किसी भी व्यावसायिक गतिविधि के खिलाफ भी दिया निर्देश

**नई दिल्ली।** लोधी-कालीन स्मारक 'शेख अली की गुमटी' परिसर के अंदर स्थित पार्क का इस्तेमाल बैडमिंटन या बास्केटबॉल कोर्ट के निर्माण के लिए नहीं किया जाएगा। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को यह आदेश दिया। इससे पहले शीर्ष अदालत ने दिल्ली सरकार को लोधी-कालीन स्मारक 'शेख अली की गुमटी' को कानून के तहत संरक्षित स्मारक घोषित करने के लिए एक नई अधिसूचना जारी करने का निर्देश दिया था।

जस्टिस सुधांशु धूलिया और न्यायमूर्ति अहसानुद्दीन अमानुल्लाह की पीठ ने अधिकारियों को इस क्षेत्र में कियोस्क या दुकानों सहित किसी भी व्यावसायिक गतिविधि के खिलाफ भी निर्देश दिया। शीर्ष अदालत को यह भी आश्वासन दिया गया कि चार खंडों वाले इस पार्क का रखरखाव और सौंदर्यकरण किया जाएगा, ताकि इसकी प्राकृतिक सुंदरता बनी रहे। इसका उपयोग आम जनता के लाभ के लिए किया जा सके। पीठ के 31 जुलाई के आदेश में कहा गया कि यहां केवल यही निर्देश दिया जाना चाहिए कि इसका उपयोग किसी अन्य उद्देश्य के लिए नहीं किया जाना चाहिए। इसके साथ ही क्षेत्र की सीमाओं को ध्यान में रखते हुए बैडमिंटन कोर्ट, बास्केटबॉल कोर्ट आदि का निर्माण जैसी कोई भी गतिविधि नहीं की जानी चाहिए। शीर्ष अदालत ने कोर्ट कमिश्नर को पार्क के रखरखाव और सौंदईकरण के लिए बागवानी विभाग सहित संबंधित विभागों के साथ समन्वय करने का निर्देश दिया। मामले की सुनवाई 28 अगस्त के लिए निर्धारित की गई है। स्मारक को लेकर विवाद तब सामने आया, जब शीर्ष अदालत ने डिफेंस कालोनी रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन को अपने ढांचे खाली करने और 1960 के दशक से इस ऐतिहासिक स्थल पर कब्जे के लिए मुआवजे के रूप में दिल्ली सरकार के पुरातत्व विभाग को 40 लाख रुपये का भुगतान करने का निर्देश दिया। शीर्ष अदालत डिफेंस कॉलोनी निवासी राजीव सूरी की ओर से दायर एक याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें उन्होंने प्राचीन स्मारक और पुरातात्विक स्थल एवं अवशेष अधिनियम, 1958 (एएमएएसआर अधिनियम) के तहत गुमटी को संरक्षित स्मारक घोषित करने की मांग की थी। दिल्ली हाईकोर्ट की ओर से 2019 में उनकी याचिका खारिज करने के बाद शीर्ष अदालत में यह याचिका दायर की गई थी। शीर्ष अदालत नियमित रूप से अतिक्रमण हटाने, अवैध कब्जे हटाने और स्मारक या उसके आसपास के क्षेत्र के सौंदईकरण को सुनिश्चित करने के लिए निर्देश देती रही है।

# बारिश ने खोल दी विकास कार्यों की पोल

## भागूवाला में बाढ़ जैसे हालात, कई गांवों की विद्युत आपूर्ति ठप



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम भागूवाला में बरसात की पहली ही बारिश ने हाईवे निर्माण और प्रशासनिक लापरवाही की पोल खोलकर रख दी है। हाईवे निर्माण के दौरान की गई गंभीर अनदेखी के चलते ग्राम की उत्तर दिशा में बाढ़ जैसे हालात उत्पन्न हो गए हैं।

हाईवे बनाते समय पानी की निकासी की समुचित व्यवस्था नहीं की गई। जहां दस बम्बे (पाइप) डालकर पानी निकालने की योजना थी, वहां मात्र एक बम्बा लगाकर काम चलता किया गया। परिणामस्वरूप, भारी बारिश के दौरान जल निकासी नहीं हो सकी और सड़क से उत्तर दिशा की पूरी बस्ती जलमग्न हो गई।

ग्राम भागूवाला का बिजली घर पूरी तरह से पानी में डूब चुका है, जिसके कारण क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति पूर्ण रूप से बाधित है। न केवल भागूवाला बल्कि आस-पास के कई ग्राम अंधेरे में डूबे हुए हैं। बिजली घर की पहले से जर्जर हालत इस आपदा को और भी खतरनाक बना रही है। यदि समय रहते कोई कदम नहीं उठाया गया, तो यह जर्जर भवन गिर सकता है, जिससे जान-माल की बड़ी क्षति हो सकती है और पूरा क्षेत्र लंबे समय तक विद्युत संकट से जूझ सकता है।

सड़क से ऊंचाई पर स्थित हाईवे के कारण ग्राम का पानी निकल नहीं पा रहा है, जिससे कई-कई फीट पानी घरों के आसपास और अंदर तक पहुंच गया है। इससे लोगों के मकानों की नींव खिसकने का खतरा पैदा हो गया है। हाईवे और विद्युत विभाग की इस घोर लापरवाही को लेकर ग्रामीणों में भारी आक्रोश है। सवाल उठता है कि जब बिजली घर की जर्जर हालत पहले ही अखबारों की सुर्खियां बन चुकी थीं, तो उसे दोबारा बनाने की पहल अब तक क्यों नहीं की गई? क्या विभाग तब जागेगा जब कोई बड़ा हादसा हो जाएगा? ग्रामीणों ने मांग की है कि जल्द से जल्द जल निकासी की उचित व्यवस्था की जाए। हाईवे निर्माण में की गई खामियों की उच्च स्तरीय जांच हो और विद्युत केंद्र को नए सिरे से पुनर्निर्मित किया जाए। जिससे भविष्य में इस प्रकार की आपदाओं से बचा जा सके।

# रीवा का राष्ट्रीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता के लिए चयन




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** ऑक्सफोर्ड पब्लिक सीनियर सेकेण्डरी स्कूल की कक्षा 11वीं की छात्रा रीवा भारती पुत्री सोमपाल सिंह निवासी ग्राम शमसाबाद नहटौर का उत्तर प्रदेश के इटावा में सितम्बर माह में होने वाली सीबीएसई राष्ट्रीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता के लिए चयन हुआ हैं।

एसजी पब्लिक स्कूल, गाजियाबाद में आयोजित सीबीएसई क्लस्टर जोनल ताइक्वांडो प्रतियोगिता के अतंर्गत रीवा भारती ने प्रतियोगिता के फाईनल राउण्ड में तृतीय स्थान प्राप्त कर कांस्य पदक जीतकर राष्ट्रीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता में अपना स्थान सुरक्षित किया। इस अवसर पर स्कूल प्रबंधन व छात्रा के परिवार में खुशी की लहर है तथा छात्रा ने अपनी इस सफलता का श्रेय अपने माता-पिता व गुरूजनों को दिया। ऑक्सफोर्ड परिवार उसके उज्जवल भविष्य की कामना करता है।

## एक नजर

### राखी बांधकर पौधों का वितरण




**चांदपुर।** मोहल्ला गोकुल नगर स्थित प्रजापति ब्रह्मकुमारी आश्रम में पवित्र त्यौहार रक्षाबंधन पर बहन भाइयों को राखी बांधकर पौधों का वितरण किया गया। इस अवसर पर उपस्थित वक्ताओं ने कहा कि पेड़ और प्रकृति हमें बहुत कुछ देती है हम भी देना सीखने की जरूरत है। इस मौके पर आश्रम मे गृहस्थ आश्रम रहकर की जा सकती है। ब्रह्माकुमारी साधना दीदी पूजा बहन ब्रह्माकुमार, महावीर सिंह, राम मूर्ति, निर्भय अग्रवाल, हर्ष, सुभाष चंद्र वर्मा, आशु गोयल, अरविंद कुमार, मुनेश कुमार, मुनेंद्र पाल, नरेश लाम्बा, सुभाष कुमार, डॉ. मुदित, जिला प्रमुख वीर सिंह, कृष्ण बैंकर्स, संजू बहन, पुष्पा बहन, विनोद बहन आदि ने आश्रम में धूमधाम से रक्षाबंधन का पर्व मनाया एवं एक दूसरे को पौधे देकर स्वस्थ जीवन की कामनाएं की।

### सनातन शौर्य संघ फाउंडेशन की बैठक



**हल्दौर।** ग्राम शफीपुर नंगली स्थित स्वयंभू बाबा झारखंडी महादेव मंदिर परिसर में रविवार को सनातन शौर्य संघ फाउंडेशन की बैठक का आयोजन हुआ। इस अवसर पर संगठन के पदाधिकारियों ने हिंदू समाज के उत्थान और संरक्षण के लिए एकजुट होने का आह्वान किया। बैठक की अध्यक्षता कर रहे संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष महंत भूपेंद्र सिंह महाराज ने कहा कि सनातन धर्म विश्व का सबसे प्राचीन धर्म है, जिसकी मर्यादा और गरिमा को बनाए रखना हर सनातनी का कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि समाज के समग्र विकास हेतु हमें एकजुट होकर कार्य करना होगा और अपनी भावी पीढ़ियों को हिंदू संस्कारों एवं सभ्यता से जोड़ना होगा। संघ के राष्ट्रीय सचिव नरेंद्र सिह ने कहा कि समाज को प्रगति के पथ पर अग्रसर करने के लिए आवश्यक है कि सनातन धर्मावलंबी सामाजिक बुराइयों का त्याग करें और अपने बच्चों को गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा प्रदान करें। बैठक में जिला अध्यक्ष अमित कुमार बालियां, युवा जिला अध्यक्ष अतुल कुमार, नरपाल सिंह, सिद्धांत चिकारा, मुकुल शेरावत, बलराम, घसीटा सिंह, सोनू सिंह, राहुल कुमार, दिग्विजय सिंह, आकांक्षा, रेणु देवी, सीमा देवी, रुकमेश, ममता आदि समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। बैठक का समापन धर्म रक्षा एवं सामाजिक समरसता के संकल्प के साथ किया गया।

### सहसपुर में लगातार बारिश से परेशानी

**सहसपुर।** सावन माह के अंतिम सोमवार के दिन लगातार बारिश से लगभग 9 घंटे भारी बारिश से जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया। वहीं दूसरी ओर स्कूलों में छात्राओं की संख्या लगभग दो से 5 प्रतिशत रही। एच.एम. गर्ल्स इंटर कॉलेज निकट जहीर लाइब्रेरी बाईपास मुरादाबाद रोड पर लंबे समय से नालों की सफाई न होने के कारण सड़क पर जलभराव का नजारा देखने को मिला। अनवर बुक स्टोर के स्वामी का कहना है लगातार बारिश से दुकान की छत चुने लगी। दुकान में रखा सामान भीग कर खराब हो गया। सहसपुर के मीना मार्केट, जामा मस्जिद बाजार की ज्यादातर दुकानें दोपहर तक बंद रही।

### चतरपुर में किसान गोष्ठी



**अफजलगढ़।** ग्राम चतरपुर में द्वारिकेश चीनी मिल अफजलगढ़ और गन्ना विकास परिषद के संयुक्त तत्वावधान में गन्ना कृषक विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। गोष्ठी में विशेषज्ञों ने गन्ना उत्पादन को बेहतर बनाने के लिए कई अहम तकनीकी बिंदुओं पर विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम में मृदा उर्वरता प्रबंधन, खेत की तैयारी, बीज शोधित करना और गिरते गन्ने से बचाव जैसे विषयों पर चर्चा की गई। किसानों को बताया गया कि वे लाल सड़न रोग से ग्रसित प्रजातियों को हटाकर नवीनतम प्रजातियों जैसे को-0118, कोलख-14201, 16202 और कोशा-13235 की बुवाई करें। को-0238 गन्ना प्रजाति में लाल सड़न रोग से बचाव के लिए प्रति एकड़ ड्रोन के माध्यम से 200 मिली एजोडीजो, 200 मिली एमिडा और 500 मिली लीफ का पर्णीय छिड़काव 15 दिन के अंतराल पर दो बार करने की सिफारिश की गई। इस मौके पर मुख्य महाप्रबंधक गन्ना उमेश कुमार सिंह बिसेन, सहायक महाप्रबंधक रजनीश सिंह, अतिरिक्त प्रबंधक अनिल धनकड़, विनय सिंह, जोनल अधिकारी विजेंद्र सिंह, विजय प्रकाश सिंह और गन्ना पर्यवेक्षक प्रशांत कुमार, नकुल कुमार, सचिन यादव, अरविंद कुमार सहित करीब 50 गन्ना कृषक मौजूद रहे।

# संगीतमय सुंदर कांड पाठ से कार्यक्रम स्थल बना भक्तिमय



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** महिला एकादशी संकीर्तन मंडल की ओर से आयोजित संगीतमय सुंदरकांड पाठ समारोह में दोहो और चौपाइयों के सामूहिक उच्चारण से कार्यक्रम स्थल को भक्ति मय बना दिया। इस दौरान मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम तथा उनके अनन्य सेवक वीर बजरंगबली हनुमान जी महाराज के पारंपरिक जयकारों से भी वातावरण गूंज उठा।

नगीना मार्ग स्थित प्राचीन सिद्ध पीठ मंदिर कालिया वाला के सामने आयोजित इस कार्यक्रम का शुभारंभ सामूहिक पूजन से किया गया। नमिता वर्मा के संरक्षण में लक्ष्मी चौहान, अलका चौहान, रचना शर्मा, गीता शर्मा, राजलक्ष्मी देवी, आराध्या रानी, गीता सैनी, जयंती देवी नाथ, चित्रा नाथ, काजल नाथ, अंतेश चौहान, शिखा चौहान, रचना गहलोत, शिवा गहलोत आदि अनेक महिलाओं ने जहां श्री रामचरितमानस ग्रंथ के सुंदरकांड पाठ की चौपाइयों और दोहों से कार्यक्रम स्थल को राम मय बना दिया। वहीं विभिन्न भजनों की प्रभावी प्रस्तुतियों और पारंपरिक जयकारों से वातावरण को गुंजा दिया।

कार्यक्रम में संस्था की ओर से आयोजक परिवार को वीर बजरंग बली हनुमान जी महाराज का चित्र भेंट करके जयकारों के बीच सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम का समापन सामूहिक आरती एवं प्रसाद वितरण से हुआ।

# ट्रैक्टर मार्च सफल बनाने की रणनीति तैयार

## भारी बारिश में दर्जनों गांवों में की सभाएं



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** 13 अगस्त को भाकियू टिकैत के प्रस्तावित ट्रैक्टर मार्च व अनिश्चितकालीन आन्दोलन को सफल बनाने के भाकियू कार्यकर्ताओं ने पूरी ताकत झोंक दी है। भारी वर्षा में भी जिले के दर्जनों गांवों में किसानों ने सभायें करके 13 अगस्त के आंदोलन को सफल बनाने हेतु रणनीति तैयार की।

चांदानंगली नवादा जीतपुरा खरक आदि कुछ गांवों की सभाओं में भाकियू जिलाध्यक्ष सुनील प्रधान व युवा जिलाध्यक्ष मनप्रीत सिंह भी पंहुचे तथा तैयारियों की समीक्षा की। ग्राम खरक में आयोजित किसान पंचायत को सम्बोधित करते हुए सुनील प्रधान ने कहा कि भ्रष्टाचार में लिप्त बिजनौर के कई सरकारी विभाग भाकियू के रडार पर हैं। 13 अगस्त से बिजनौर जिला मुख्यालय पर होने वाला किसान आन्दोलन अनिश्चित धरना बिजनौर कलेक्ट्रेट में चलेगा। जब तक किसानों की समस्याओं का समाधान नहीं होता, तब तक धरना चालू रहेगा। इस बार भारतीय किसान यूनियन झंडा 15 अगस्त का बिजनौर कलेक्ट्रेट में ही फहराएगी। अगर किसानों की समस्या का समाधान नहीं हुआ, तो एक ओर जहां संगठन की दशा और दिशा तय करेगा। वह दूसरी ओर इस आन्दोलन के बल पर ही भ्रष्टाचारियों का इलाज करके नाकारा अधिकारियों को किसानों की समस्यायों का समाधान कराने के लिए बाध्य किया जाएगा।

उन्होंने सभी किसानों से 13 अगस्त को अधिक से अधिक संख्या में अपने ट्रैक्टरों के साथ बिजनौर पंहुचने का आह्वान किया। बैठक की अध्यक्षता तेजपाल ने की और संचालन मुनि देव ने किया।

बैठक में जितेंद्र सिंह युवा जिला अध्यक्ष, मनप्रीत सिंह, मुनेंद्र सिंह काकरान, राकेश चौधरी, विनीत चौधरी, कीरत बालियान, तिलकराम कोबे, पुष्पेंद्र सिंह, दिनेश कुमार, धीरज सिंह, आशु चौधरी, मोनू चौधरी, नीरज कुमार, टीकम सिंह आदि किसान मौजूद रहे।

# प्रस्तावित कार्यों को प्राथमिकता से कराएं : डीएम

## जिला खनिज फाउंडेशन न्यास की बैठक




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** जिलाधिकारी जसजीत कौर की अध्यक्षता में आज दोपहर एक बजे कलेक्ट्रेट स्थित महात्मा विदुर सभागार में जिला खनिज फाउण्डेशन न्यास की बैठक संपन्न हुई। इस अवसर पर विधायक नगीना मनोज पारस, अपर जिलाधिकारी प्रशासन विनय कुमार सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. कौशलेंद्र सिंह, खनिज अधिकारी सहित संबंधित विभागीय अधिकारी मौजूद थे।

उन्होंने बताया कि जिला खनिज फाउण्डेशन न्यासों की संरचना और उनके कृत्यों का विनियमन करने और खनन क्रियाकलापों के प्रभावित क्षेत्रों में विकास सम्बन्धी क्रियाकलाप सम्पादित करने की रीति को विहित करने की दृष्टि से उत्तर प्रदेश जिला खनिज फाउण्डेशन न्यास नियमावली, 2017 का निर्माण किया गया है। उन्होंने बताया कि न्यास निधि/उक्त खाते से नियमावली में दी गयी व्यवस्थानुसार कुल धनराशि का कम से कम 60 प्रतिशत खनिज प्रभावित क्षेत्र में पेय जल आपूर्ति, पर्यावरण संरक्षण एवं प्रदूषण नियन्त्रण के उपाय, स्वास्थ्य देखभाल, शिक्षा, महिला एवं बाल कल्याण, वयोवृद्ध एवं नि:शक्त लोगों का कल्याण, कौशल विकास, स्वच्छता पर व्यय किया जाना है तथा 40 प्रतिशत धनराशि अन्य प्राथमिकता वाले क्षेत्र भौतिक अवसंरचना, सिंचाई, ऊर्जा एवं जल विभाजक विकास, खनन वाले जिले में पर्यावरणीय गुणवत्ता में वृद्धि करने के लिए कोई अन्य उपाय, फाउण्डेशन के न्यासियों द्वारा उक्त परियोजना के लिए तैयार की गयी वार्षिक कार्य योजना के अनुसार जिले में खनन सक्रियाओं से प्रभावित क्षेत्रों का विकास सामाजिक और आर्थिक परियोजना के लिए स्थानीय अवसंरचना का सृजन, रोजगार एवं स्वरोजगार क्षमताओं के सृजन के लिए कौशल विकास तथा क्षमता निर्माण हेतु प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करना, के साथ वर्ष में प्राप्त न्यास द्वारा प्राप्त कुल निधि की अनाधिक 5 प्रतिशत धनराशि न्यास द्वारा अपने प्रशासनिक या अधिष्ठान व्ययों की पूर्ति के लिए व्यय की जा सकती है।

जिलाधिकारी श्रीमती जसजीत कौर ने निर्देश दिए कि प्रस्ताव को सापेक्ष जनपद के आकाक्षांत्मक विकास खण्ड कोतवाली में 09 तथा नजीबाबाद में 12 प्राथमिक/पूर्व माध्यमिक विद्यालयों में 01-01 एस्ट्रोनॉमी लैब निर्माण, विकास खण्ड कोतवाली में संचालित कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय ग्राम महेशपुर (हीरावाली) में इंटरलॉकिंग का कार्य तथा कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय पुरैनी में मिट्टी भराव कार्य, विकास खण्ड नजीबाबाद में 02 समग्र विद्यालयों बैरमपुर व सिकरोडा तथा 01 प्राथमिक विद्यालय इस्सेपुर में अतिरिक्त कक्षा कक्ष का निर्माण कार्य, विकास खण्ड नजीबाबाद में 03 तथा विकास खण्ड कोतवाली में 02 नग आंगनबाडी केन्द्रों का निर्माण सहित अन्य प्रस्तावित कार्यों को नियमानुसार नामित कार्यदायी संस्था से ही कराया जाए।

उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि खनिज फाउण्डेशन न्यास निधि में उपलब्ध धनराशि को जन प्रतिनिधियों द्वारा प्रस्तावित कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर शामिल कर उसे पूरा कराएं। उन्होंने विधायक नगीना पारस द्वारा प्रस्तावित धर्मशालाओं में टायल्स आदि के कार्य के प्रस्ताव को कार्य योजना में शामिल करने के निर्देश दिए।

# विकास खंड कार्यालय परिसर में जलभराव



## नहीं हो पा रही पानी की निकासी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** विकास खंड के अंतर्गत ग्राम पंचायतों में विकास के दावे करने वाला विकासखंड खुद ही जल भराव की समस्या से जूझ रहा है। बीडीओ व ब्लॉक प्रमुख के कार्यालय के सामने पानी का भराव होने पर मिट्टी लगाकर पानी को अंदर जाने से रोका गया है।

प्राप्त समाचार के अनुसार नहटौर विकास खंड परिसर में बारिश होने के दौरान निकासी नहीं होने से जल भराव की स्थिति पैदा हो गई। बताया जाता है कि लाखों रुपए से विकासखंड के सामने नाले का निर्माण कराया गया है। लेकिन ब्लॉक के पानी की निकासी नहीं हो पा रही है। विकासखंड परिसर में ब्लॉक प्रमुख की ओर से सौंदर्यकरण के लिए बहुत से कार्य कराए गए हैं। जिनका नतीजा भी देखने को मिल रहा है। लेकिन विकासखंड परिसर में जल भराव की स्थिति में कोई सुधार नहीं हुआ है। सोमवार को बारिश के दौरान ब्लॉक परिसर में जल भराव की स्थिति पैदा हो गई। हालत यह रही की ब्लॉक प्रमुख कार्यालय बीडीओ कार्यालय के सामने मिट्टी लगाकर पानी अंदर जाने से रोका गया। इसके अलावा पशु चिकित्सालय, कृषि बीज भंडार में भी जलभराव की स्थिति बन गई। नागरिकों का कहना है कि विकासखंड की ओर से ग्राम पंचायत में विकास कार्य कराने के लिए ब्लॉक परिसर हमेशा तत्पर रहता है। लेकिन वह खुद ही जलभराव की स्थिति से जूझ रहा हैं।

# जम्मू-कश्मीर को राज्य का दर्जा कब मिलेगा: फारूक

**श्रीनगर, वार्ता**



5 अगस्त को भारत के संविधान से अनुच्छेद 370 हटाए जाने के भारत सरकार के फैसले को 6 साल पूरे होने वाले हैं, जिसे लेकर नेशनल कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष डा. फारूक अब्दुल्ला ने केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने भाजपा की तरफ इशारा करते हुए कहा कि उन्होंने जम्मू-कश्मीर को बेहतर बनाने की दिशा में क्या प्रयास किए हैं?

भाजपा सरकार ने पिछले छह सालों में जम्मू-कश्मीर में सुधार के नाम पर क्या किया है। मुझे ये पूरा भरोसा है कि एक दिन उनको ये फैसला करना ही पड़ेगा। इसके अलावा कोई और रास्ता नहीं बचा। यहां जम्मू-कश्मीर में राजभवन में एक वायसराय बैठे हैं, लेकिन मुख्य व्यक्ति राजभवन में बैठे वायसराय ही हैं। इस व्यवस्था को बदलने का समय आ गया है, यह एक लोकतांत्रिक देश है। जम्मू-कश्मीर के कुलगाम में जारी मुठभेड़ पर फारूक अब्दुल्ला ने कहा कि मैंने कभी नहीं कहा कि आतंकवाद पूरी तरह खत्म हो गया है, लेकिन जो लोग ये कहते थे कि अनुच्छेद 370 आतंकवाद के लिए जिम्मेदार है, वो कई सालों तक यहां प्रभारी थे। पहलगाम हमले से पहले उन्होंने दावा किया था कि उन्होंने सभी आतंकी शिविरों को खत्म कर दिया है। फारूक अब्दुल्ला ने आगे कहा कि यहां तक कि उन्होंने ये भी कहा कि पड़ोसी के साथ चल रहे मौजूदा युद्ध में आतंकवादियों को पीछे धकेल दिया गया है, तो फिर अब कुलगाम में मुठभेड़ कैसे हो रही है? इससे पहले पीडीपी अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती ने भी केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा था कि जम्मू-कश्मीर से 5 अगस्त 2019 में विशेष दर्जा छीना गया था, तब जम्मू-कश्मीर के हालात सुधारने का दावा किया गया था।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**मेरठ की...** योजना मेरठ के स्मार्ट सिटी मिशन को भी मजबूती देगी। अपने संबोधन में सीएम योगी ने मेरठ के अतीत को याद करते हुए कहा कि याद कीजिए, ये वही मेरठ है, जो कभी सोतीगंज के नाम से जाना जाता था। लेकिन आज सोतीगंज अपने आकाओं के साथ सो गया है... सोतीगंज समाप्त। उन्होंने कहा कि सपा और कांग्रेस दंगा भी करते हैं और सोतीगंज के व्यापारियों की चरण वंदना करते हैं। सोतीगंज उनकी पहचान थी, हमारी पहचान विकास, खुश हाली की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमें स्वदेशी को अपनाना होगा। वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट भी स्वदेशी का अभियान है। उन्होंने आगे कहा कि अब मेरठ की पहचान बदल चुकी है- 12 लेन एक्सप्रेसवे, रैपिड रेल प्रोजेक्ट, और 'एक जिला एक उत्पाद' (ओडीओपी) योजना में खेल सामग्री के उत्पादन केंद्र के रूप में मेरठ की पहचान बन रही है। मुख्यमंत्री ने यह भी स्पष्ट किया कि आने वाले समय में मेरठ, पश्चिमी उत्तर प्रदेश का विकास केंद्र बनेगा। कार्यक्रम में प्रशासनिक अधिक. ारियों, जन प्रतिनिधियों और बड़ी संख्या में शहरवासियों की भागीदारी रही। स्थानीय लोगों ने मुख्यमंत्री की इस पहल का स्वागत करते हुए इसे मेरठ के सुनहरे और सुरक्षित भविष्य की दिशा में एक मजबूत कदम बताया।

**चीन ने...** शंकर श्रीवास्तव) और यूपी सरकार को नोटिस भेजा है। 16 दिसम्बर 2022 में भारत जोड़ो यात्रा के दौरान राहुल ने विवादित बयान दिया था। उन्होंने कहा था कि लोग भारत जोड़ो यात्रा के बारे में पूछेंगे, लेकिन चीन ने 2000 वर्ग किमी भारतीय जमीन पर कब्जा किया है, 20 भारतीय सैनिक मारे गए और हमारे सैनिकों को अरुणाचल में पीटा जा रहा है। राहुल गांधी के बयान पर बॉर्डर रोड ऑर्गेनाइजेशन (बीआरओ) के पूर्व निदेशक उदय शंकर श्रीवास्तव ने लखनऊ की एमपी-एमएलए कोर्ट में मानहानि केस दर्ज कराया था। इसी साल 29 मई को इलाहाबाद हाईकोर्ट ने गांधी की याचिका खारिज कर दी थी और समन भेजा था। राहुल गांधी ने समन और शिकायत को चुनौती दी थी। उन्होंने कहा कि शिकायत दुर्भावनापूर्ण तरीके से और बदनीयती के तहत दर्ज कराई गई थी।

# सांप्रदायिक सौहार्द्र बिगाड़ने के आरोप में एटीएस ने दो को किया गिरफ्तार

**लखनऊ, वार्ता**



उप्र में आतंकवाद निरोधक दस्ते (एटीएस) ने सोशल मीडिया पर देश विरोधी अपरा. धिक षड्यंत्र रचने और सांप्रदायिक सौहार्द बिगड़ने के आरोप में अमरोहा से दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है।

गिरफ्तार अभियुक्तों में अमरोहा के नौगांव थाना क्षेत्र निवासी अजमल और महाराष्ट्र के ठाणे जिले का निवासी डॉ. उसामा माज शेक शामिल हैं। गिरफ्तार अभियुक्त विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के माध्यम से राष्ट्र विरोधी व गैर मुस्लिम के प्रति कट्टरपंथी विच. ारधारा को प्रसारित कर रहे थे। एटीएस की ओर से जारी विज्ञप्ति में बताया गया कि अजमल अली 'रिवाइविग इस्लाम' नाम से एक व्हाट्सएप ग्रुप चलाता है। जिसके तीन एडमिन है। साथ ही इसमें लगभग 400 पाकिस्तानी सदस्य शामिल है। पूछताछ के लिए इन्हें मुख्यालय पर बुलाया गया था। पूछताछ के दौरान अभियुक्तों ने अपना अपराध स्वीकार करते हुए बताया कि व्हाट्सएप ग्रुप पर रिवाइविंग इस्लाम ग्रुप के अलावा वह सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर कई पाकिस्तानी व्यक्तियों के संपर्क में थे। पूछताछ में उसने बताया कि वह एक इंस्टाग्राम आईडी, जिसका उपयोग डॉक्टर उसामा माज कर रहा था। अजमल ने पूछताछ में बताया कि वह डॉक्टर उसामा को अपना सीनियर मेंटोर मानता है। डॉक्टर उसामा उसे इंस्टाग्राम व सिग्नल एप के माध्यम से भारत विरोधी बातें करता था तथा देश की चुनी हुई सरकार गिर कर शरिया लागू करने की बात कही जाती थी। गौरतलब है कि एटीएस ने एक अगस्त को लखनऊ में मामला दर्ज करने के बाद अभियुक्त अजमल को गिरफ्तार किया था। इसी क्रम में आज अभियुक्त डॉक्टर उसामा माज शेख को भी महाराष्ट्र के गिरफ्तार किया गया है। यह दोनों सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्म के माध्यम से कई पाकिस्तानियों व्यक्तियों के संपर्क में थे। साथ हिंसात्मक जिहाद के माध्यम से भारत में गजवा-ए-हिद करके सरिया कानून लागू करना चाहते थे।

**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं दीपक काम्पलैक्स, पारकर कॉलेज रोड, मुरादाबाद से प्रकाशित।

**सम्पादक**
**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0591-2313314
मुख्यालय:
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UPHIN/2003/10263
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# शानू उर्फ गोल्टा को डेढ़ साल कारावास की सजा

## 10 हजार रुपये का अर्थदण्ड

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** जिले की अदालत ने एनडीपीएस केस में आरोपी को डेढ़ साल कैद और 10 हजार रुपए जुर्माने की सजा सुनाई है। जुर्माना अदा नहीं किए जाने पर आरोपी को अतिरिक्त समय जेल में गुजारना होगा।

प्राप्त जानकारी के अनुसार 29 मई 2021 को थाना नगीना पुलिस टीम द्वारा अभियुक्त शानू उर्फ गोल्टा पुत्र तसलीम गोल्टा निवासी मोहल्ला मनिहारी सराय कस्बा व थाना नगीना जनपद बिजनौर को 500 ग्राम चरस सहित गिरफ्तार किया गया। इस संबंध में थाना नगीना पर मुकदमा संख्या 204/21 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत किया गया। विवेचना उपरांत पुलिस द्वारा आरोप पत्र न्यायालय प्रेषित किया गया। इस अभियोग में स्थानीय पुलिस एवं मॉनिटरिंग सैल द्वारा न्यायालय में पैरवी की गयी एवं अभियोजन की कार्यवाही सम्पन्न करायी गई, जिसके परिणामस्वरुप सोमवार को मा0 न्यायालय ADJ-III, जनपद बिजनौर द्वारा मु.अ.सं. 204/21 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट के अभियुक्त शानू उर्फ गोल्टा उपरोक्त को 01 वर्ष 06 माह के कारावास व 10,000/- रूपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।

उल्लेखनीय है कि अभियुक्त शानू उर्फ गोल्टा थाना नगीना का हिस्ट्रीशीटर अभियुक्त है, जिसके विरुद्ध जनपद बिजनौर के विभिन्न थानो पर लूट, चोरी, गैंगस्टर एक्ट आदि जैसी गंभीर धाराओं में करीब ढाई दर्जन अभियोग पंजीकृत है।

# चोरों ने किया जान से मारने का प्रयास



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नूरपुर।** क्षेत्र के ग्राम जाफराबाद कुरई निवासी नौशाद मंसूरी की पत्नी तरन्नुम जहां सो रही थी। बीती रात अज्ञात चोरों ने घर की दीवार फांद कर घर में आये और जैसे महिला के इंजेक्शन लगाकर जान से मारने की कोशिश की तभी तरन्नुम जहां की अचानक आंख खुल गई। उसने चीख पुकार मचा दी। चीख-पुकार सुनकर परिवार के लोग भी जाग गए। चोर शोर शराबा होने पर फरार हो गए।

महिला ने आपबीती सुनाते हुए कहा कि मैं अपने घर में अकेली अपने बच्चों के साथ सो रही थी। मेरे पति घर पर नहीं थे। दिल्ली में रहकर मेहनत मजदूरी का काम करते हैं। जंगल की ओर से मेरे घर की तरफ दीवार फांद कर कुछ अज्ञात चोर आए और मेरा गला दबाकर जान से मारने की कोशिश की गई। मैंने शोर मचाया शोर शराबा सुनकर मेरे परिवार वाले आए। मेरे परिवार वालों को आता देख मुझे छोड़कर जंगल के रास्ते भाग गए। चीख-पुकार सुनकर आस पास के पड़ोसियों की भी आंख खुल गई। घटना पर सैकड़ों लोगों की भीड़ जमा हो गई। घटना की खबर सुनकर पुलिस के हाथ पैर फूल गए। पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। मौके पर पहुंच कर थाना प्रभारी निरीक्षक जयभगवान सिंह भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच कर घटना की बारीकी के साथ जांच की। पुलिस ने अज्ञात चोरों की इधर उधर तलाश की। मगर किसी भी अज्ञात चोरों का कही कुछ अता पता नहीं चल पाया है। महीला के गले पर चोट के निशान हैं। पुलिस ने महिला को अस्पताल में भर्ती कराया। महिला रात की घटना से डरी हुई है। महिला कुछ बोलने को तैयार नहीं है। ग्रामीणों का कहना है कि रात भर जाग कर ग्राम वालों को अपनी हिफाजत करनी पड़ रही है। थाना प्रभारी निरीक्षक जयभगवान सिंह का कहना है कि किसी भी अपराधियों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जायेगा। कोई भी किसी तरह की अफवाह पर ध्यान न दें।

# दिव्यांगों को रोजगार से जोड़ने का काम करें सरकार: पाशा

## शिक्षित दिव्यांगों को संविदा पर रखा जाए



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** राष्ट्रीय विकलांग एसो. के अध्यक्ष एम.आर. पाशा ने दिव्यांगों की समस्याओं का समाधान न किए जाने एवं उनकी उपेक्षा पर चिंता व्यक्त की है।

उन्होंने कहा कि बार-बार दिव्यांगों की समस्याएं अधिकारियों के सामने उठाए जाने के बावजूद उनका समाधान अधिकारियों व प्रदेश सरकार के द्वारा नहीं किया जा रहा है। आज दिव्यांग ही सबसे ज्यादा परेशान है। उन्हें सम्मान के साथ जीने का हक भी नहीं मिल पा रहा है। उन्होंने जोर देकर कहा कि जो दिव्यांग शिक्षित है, उन्हें नगर पालिकाओं, नगर पंचायतों एवं ग्राम पंचायतों में संविदा पर रखा जाए। अन्य दिव्यांगों को अपना कारोबार करने के लिए बिना ब्याज का कर्ज बैंकों से आसानी के साथ उपलब्ध कराया जाए। सीएमओ कार्यालय से दलालों को बाहर कर दिव्यांगों को एक ही दिन में प्रमाण पत्र उपलब्ध कराया जाए। उन्हें अनावश्यक परेशान न किया जाए। शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र के सभी दिव्यांगों को आवास योजना का लाभ दिया जाए। इसमें रिश्वत न ली जाए। विकास भवन में डूडा का कार्यालय तीसरी मंजिल पर है। वहां पर विकलांग नहीं पहुंच पाते है। जिसकी वजह से न तो डूडा विभाग के माध्यम से विकलांगों के आवास बन पा रहे है और न ही वह अपनी शिकायत दर्ज करा पाते है। डूडा का कार्यालय तत्काल नीचे लाया जाए। कृषि विभाग का कार्यालय उसकी जगह भेज दिया जाए। कई अन्य कार्यालय विकास भवन में नीचे है, जहां पर दिव्यांग व बुजुर्ग नहीं जाते है। थानों व सभी सरकारी कार्यालयों में रैम्प बनवाए जाए। ताकि वहां पर दिव्यांग अपनी फरियाद ले कर खुद जा सकें और कोई दलाल उनका शोषण न कर सके। उन्होंने कहा कि सभी पात्र दिव्यांगों को प्रतिमाह पंद्रह हजार रुपए की पेंशन दी जाए। ताकि वह सम्मान के साथ अपनी गुजर-बसर कर सकें। उन्होंने जनप्रतिनिधियों एवं समाजसेवियों का आह्वान करते हुए कहा कि वह दिव्यांगों की समस्याओं के समाधान के लिए अपनी जिम्मेदारी को पूरी ईमानदारी के साथ निभाए। दिव्यांगों की अपेक्षा बंद होनी चाहिए।

# सेंट मैरी स्कूल में रंगारंग कार्यक्रम

## अलफोंसा-डे और प्रधानाचार्या सिस्टर लिंसी का पर्व दिवस मनाया



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** प्रतिष्ठित सेंट मैरी स्कूल में अलफोंसा डे और प्रधानाचार्या सिस्टर लिंसी के पर्व दिवस के अवसर पर एक रंगारंग समारोह का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों की परीक्षाओं की वजह से 28 जुलाई का कार्यक्रम चार अगस्त को मनाया गया।

इस अवसर पर स्कूल के केजी, प्राइमरी और सीनियर विंग के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। सभा में छात्रों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। केजी के नन्हे छात्रों ने आकर्षक डांस प्रस्तुति दी, जिसे देखकर सभी मंत्रमुग्ध हो गए। छात्रों ने प्रिंसिपल सिस्टर लिंसी के लिए विशिंग सॉन्ग गाया और उनके प्रति अपने प्यार और सम्मान का इजहार किया। विद्यालय प्रबंधक फादर शाजू ने भारत की पहली संत सेंट अल्फोंसा की कहानी सुनाई और उनके जीवन से प्रेरणा लेने का संदेश दिया। छात्रों ने बड़े ध्यान से उनकी बातें सुनीं और उनके जीवन से प्रेरित होने का संकल्प लिया। प्राइमरी के विद्यार्थियों ने संत अलफोंसा से प्रेरित होकर डांस ड्रामा प्रस्तुत किया।

सभा के अंत में प्रधानाचार्या सिस्टर लिंसी ने सभी विद्यार्थियों और शिक्षक शिक्षिकाओं का धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि यह दिन उनके लिए बहुत विशेष है और वह अपने छात्रों के प्यार और सम्मान के लिए आभारी हैं। साथ ही उन्होंने अपने छात्रों के लिए गाना गाकर वहां उपस्थित सिस्टर जेनी, सिस्टर जिल्सी, सिस्टर एंजेल सहित सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया।

इस अवसर पर एलसीए प्रभारी तनुश्री, आसमा, आदित्य खन्ना, प्रभा एवं वैशाली सहित छात्रों और शिक्षक शिक्षिकाओं ने एकजुट होकर प्रधानाचार्या सिस्टर लिंसी के पर्व दिवस को यादगार बनाने के लिए महत्वपूर्ण सहयोग दिया।

# अल्ट्रासाउंड सेंटर के संचालक के विरुद्ध दर्ज कराया मुकदमा




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नूरपुर।** फर्जी डिग्री पर अल्ट्रासाउंड सेंटर संचालित करने वाले आरोपी चिकित्सकों के विरुद्ध स्वास्थ्य विभाग की टीम ने मुकदमा दर्ज कराया है।

स्वास्थ्य विभाग के अनुसार जनपद अमरोहा के मंडी धनौरा निवासी डॉ. आदित्य कुमार ने स्वास्थ्य विभाग के पोर्टल पर चांदपुर मार्ग पर वरदान अल्ट्रासाउण्ड सेन्टर संचालित करने के लिए आवेदन किया था। डॉ. आदित्या कुमार द्वारा उक्त अल्ट्रासाउण्ड सेन्टर पर डॉ. अनुराग झा निवासी एएन केयर एण्ड क्योर हास्पिटल कालागढ़ रोड धामपुर को अल्ट्रासाउण्ड सेन्टर पर सलाहकार के रूप में नियुक्त किया गया तथा डॉ. अनुराग झा ने अपने शपथ-पत्र में अपनी शैक्षिक योग्यता एमबीबीएस एमडी बतायी थी तथा उत्तर प्रदेश मेडिकल कौंसिल लखनऊ के कार्यालय का अतिरिक्त शैक्षिक योग्यता पंजीकरण प्रमाण पत्र भी उपलब्ध कराया था। जिसमें उत्तर प्रदेश मेडिकल कौंसिल का एमबीबीएस रजिस्ट्रेशन अंकित है। सलाहकार समिति पीसी पीएनडीटी द्वारा लिए गए निर्णय के परिपेक्ष्य में आवेदकों द्वारा प्राप्त कराए गए चिकित्सकों के प्रमाण-पत्र मेडिकल कौंसिल को सत्यापन के लिए भेजे गए, तो मेडिकल कौंसिल लखनऊ कार्यालय द्वारा अवगत कराया गया है कि डॉ. अनुराग झा की डिग्री व अतिरिक्त योग्यता रजिस्ट्रेशन कार्यालय अभिलेखों में अंकित नहीं है। डॉ. अनुराग झा की डिग्री का जयपुर से भी सत्यापन कराया गया। वह भी फर्जी निकली। पीएनडीटी नोडल अधिकारी डॉ. कृष्ण कांत राहुल ने चिकित्सकों के विरुद्ध छल कपट धोखाधड़ी कुटरचना एवं फर्जी शैक्षिक योग्यता प्रमाण पत्र मामले में सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया गया है। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने अल्ट्रासाउंड सेंटर के संचालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया।

# बिजली विभाग कर्मचारी के घर में लाखों की चोरी

## एक माह में दूसरी बार चोरी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चांदपुर देहात।** क्षेत्र के ग्राम जमालुदीनपुर में बीती रात चोरों ने मकान को निशाना बनाते हुए लाखों रुपए की चोरी की घटना को अंजाम देकर फरार हो गए।

प्राप्त समाचार के अनुसार क्षेत्र के ग्राम जमालुदीनपुर का है जहां बीती रात चोरों ने जमालुद्दीनपुर में एक घर को निशाना बनाते हुए चोरी की घटना को अंजाम देकर फरार हो गए। जमालुद्दीनपुर निवासी देशराज सिंह के दोनों पुत्र राजबहादुर सिंह व गजराज सिंह बिजली विभाग में टीजीटू के पद पर तैनात हैं। देशराज सिंह के बड़े पुत्र गजराज सिंह बिजली विभाग में चांदपुर में तैनात हैं तथा छोटा पुत्र राजबहादुर सिंह जनपद बरेली में तैनात हैं। राजबहादुर सिंह अपनी पत्नी के साथ बरेली में ही रहते हैं। घर पर उनके बड़े भाई भाभी व माता पिता रहते हैं। चोरों ने राजबहादुर के बंद पड़े मकान को निशाना बनाते हुए मकान का ताला तोड़कर मकान में रखे सोने के आभूषण व 20000 रुपए की नगदी व कीमती कपड़े चोरी कर चोर फरार हो गए। घटना की जानकारी परिजनों को तब हुई, जब राजबहादुर के बड़े भाई गजराज सिंह रात्रि लगभग 12 बजे पेशाब करने के लिए उठे थे। तब उन्होंने देखा की कमरे का ताला टूटा हुआ पड़ा था। जिसके बाद उसने अपने माता-पिता को जगाया और घटना की सूचना परिजनों ने पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस ग्राम में पहुंची और स्थति का जायजा लिया। बताता जाता है कि चोरी में छह लाख से अधिक किमत के सोने के आभूषण और लाखों रुपए के कीमती कपड़े तथा 20 हजार रुपए की नगदी चोरी हुई है। ग्राम जमालुदीनपुर में एक माह में दूसरी बार चोरी हुई है। परन्तु पुलिस अभी तक भी पहली चोरी की घटना का खुलासा नहीं कर पाई है। ग्राम में हुई दूसरी चोरी की घटना से दहशत का माहौल बना हुआ है।

## एक नजर

### राधे-राधे सोसाइटी का स्थापना दिवस मनाया



**नजीबाबाद।** राधे-राधे वेलफेयर सोसाइटी के छठे स्थापना दिवस पर विकास कार्यों को बढ़ाए जाने का संकल्प लिया गया। स्थापना दिवस पर सोसाइटी की ओर से गोद लिए प्राइमरी विद्यालय ग्राम शाहपुर खैरुल्लापुर के बरामदे में जाली लगवा कर के बरामदा कवर करवाया गया। इस मौके पर स्कूल की प्रधानाचार्य ने बताया कि जहां बच्चे खाना खाते हैं, वहां पर कचरा उड़कर आ जाता था और उनके अनुरोध पर राधे-राधे वेलफेयर सोसाइटी ने वहां जाली लगवा कर समस्त बरामदे को कवर करवाया। इस अवसर पर राधे राधे सोसाइटी की अध्यक्ष नीलम माहेश्वरी ने बताया कि उक्त कार्य को संपन्न करने के लिए समाजसेवी अवनीश कुमार अग्रवाल ने अपना पूर्ण सहयोग प्रदान किया है। उन्होंने राधे-राधे वेलफेयर सोसाइटी की ओर से अवनीश कुमार अग्रवाल का आभार व्यक्त किया हैं। उन्होंने आशा जताई कि भविष्य में भी राधे -राधे वेलफेयर सोसाइटी के सभी सदस्य मिलकर ऐसे ही सराहनीय कार्य करते रहेंगे।

### प्योर ईवी ने किरतपुर में की एंट्री




**बिजनौर।** जनपद के किरतपुर में प्योर ईवी ने अपने नवीनतम शोरूम का उद्घाटन किया। यह शोरूम लाडपुरा स्थित कोटले वाली मस्जिद के पास खोला गया है। जहां ईप्लूटो 7 जी मैक्स और ईट्रिस्ट् एक्स जैसे लोकप्रिय इलेक्ट्रिक टू-व्हीलर्स की संपूर्ण रेंज प्रदर्शित की जाएगी। प्योर ईवी की यह पहल किरतपुर के लोगों को एक बेहतर, पर्यावरण के अनुकूल और अत्याधुनिक राइडिंग अनुभव प्रदान करने के लिए है। हमारे अत्याधुनिक स्कूटर्स और मोटरसाइकल्स के साथ इस नए शोरूम में प्योरपॉवर- हमारी ऊर्जा भंडारण उत्पाद श्रृंखला भी प्रदर्शित की जाएगी, जो घरों और व्यवसायों को स्वच्छ और भरोसेमंद ऊर्जा समाधान प्रदान करने के लिए डिजाइन की गई है। यह शोरूम लॉन्च प्योर ईवी की तेज विस्तार रणनीति का प्रतीक है, जिसका उद्देश्य भारत में अपनी पहुंच को तेजी से बढ़ाना और इलेक्ट्रिक मोबिलिटी को आम जनता के लिए सुलभ बनाना है। स्मृदेशी अनुसंधान और निर्माण पर ध्यान केंद्रित करते हुए प्योर ईवी निरंतर नवाचार कर रहा है और ग्राहकों को सस्ट्रेनेबल विकल्प अपनाने के लिए सशक्त बना रहा है।

### मूसलाधार बारिश से फसलें जलमग्न



**चांदपुर देहात।** बीती देर रात से लगातार हो रही तेज मूसलाधार बारिश के कारण मानव जीवन स्वस्थ हो गया है। साथ ही किसानों की फसलें भी जलमग्न हो गई हैं। मामला विकासखंड जलीलपुर क्षेत्र का है, जहां बीती देर रात से लगातार हो रही बारिश से किसानों की फसलें जलमग्न हो गई हैं। लगातार हो रही बारिश से किसानों की फसलों पर बाढ़ का संकट मंडराने लगा है। तेज बारिश से खेत पानी से लबालब भर गए हैं। किसानों को अब बाढ़ का भय सताने लगा है। क्योंकि वर्ष 2013 में केदारनाथ त्रासदी से लेकर 2024 तक किसानों की फसलें जलमग्न होकर नष्ट हो जाती है। किसानों ने अपनी फसलों को बाढ़ से बचाने के लिए शासन प्रशासन से बांध बनाने को लेकर कई धरना प्रदर्शन तथा ज्ञापन भी दिया। लेकिन सरकार ने अभी तक जलीलपुर क्षेत्र में बहने वाली गंगा नदी पर तटबंध नहीं बनाया है। गंगा नदी का जलस्तर जब बढ़ जाता है, तो खादर क्षेत्र के दर्जनों गांवों को अपनी चपेट में ले लेता और किसानों की फसलें जलमग्न होकर नष्ट हो जाती है।

### इनरव्हील वाटिका में लगाए पौधे




**धामपुर।** इनरव्हील क्लब ने पर्यावरण के प्रति जागरूकता की भावना के साथ स्योहारा रोड पर स्थित मुन्नी देवी मंदिर के प्रांगण में क्लब अध्यक्षा ज्योति अग्रवाल, क्लब सचिव सोनिया कर्णवाल व क्लब के अन्य सभी सम्मानीय सदस्य - शालिनी एस. झा, सरिता गोयल, श्वेता मल्होत्रा, रचना गुप्ता ,शालिनी गुप्ता,शालिनी मित्तल, सोनिका गुप्ता व सोनिया गुप्ता जी की सहभागिता व अथक प्रयास से (फलों व फूलों) के 60 पौधे लगाए गए। उन्होंने इसे इनरव्हील वाटिका (खुशहाल धरा) का नाम दिया। इसी के साथ हाथ से हाथ मिलाते हुए मित्रता दिवस भी मनाया गया। यह प्रतीकात्मक भाव स्थिरता और पर्यावरणीय जिम्मेदारी के प्रति हमारे समर्पण को दर्शाता है।

### पुलिस कर रही चोरों की तलाश

**नहटौर।** झालू चौराहे पर सेल्समैन की बाइक से एक लाख तीस हजार रुपए की नगदी व 325 डिब्बी सिगरेट से भरा थैला चुराने वालों की पुलिस तलाश में जुटी। दो बाइक सवार सीसीटीवी कैमरे में कैद हुए है। पुलिस खुलासे के नजदीक पहुंच गई है। धामपुर के मौहल्ला खातियान चव्वनीवाला चौराहा निवासी उदित महेश्वरी ने दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा कि उसकी फर्म धामपुर तहसील क्षेत्र में सिगरेट सप्लाई का काम करती है। उसकी फर्म का सेल्समैन सूर्य नगर कॉलोनी निवासी राकेश कुमार शर्मा 30 जुलाई को नहटौर के झालू चौराहे पर एक दुकान के बाहर बाइक खड़ी करके दुकान से आर्डर लेने के लिए गया था। उसी समय उसकी बाइक में बंधा थैला अज्ञात व्यक्ति चुराकर ले गया। थैले में एक लाख तीस हजार रुपए की नगदी व 325 सिगरेट की डिब्बी थी। आसपास के कैमरे देखने पर पता लगा कि सफेद रंग की बाइक से दो व्यक्ति थैला चुराकर ले गए है। सूत्रों के मुताबिक पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज आदि खंगाली है। पुलिस खुलासे के नजदीक पहुंच गई है।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र
'शाह टाइम्स'
की शत-प्रतिशत गारंटी
खबरें छुपाता नहीं ,छापता है
मोबाइल नम्बर:- 9927777377
samiullah.bijnor@gmail.com

## एक नजर

### ड्रोन की अफवाह न उड़ाए




**बिजनौर।** डीएम जसजीत कौर एवं एसपी अभिषेक ने आज शाम कलेक्ट्रेट सभागार में पत्रकारों से वार्ता करते हुए कहा कि कोई भी ड्रोन संबंधी अफवाह न उड़ाए। उन्होंने कहा कि नगीना, हल्दौर एवं चांदपुर थाना क्षेत्रों में ड्रोन संबंधी अफवाहे ज्यादा उड़ाई जा रही है। कई जगह खिलौने बरामद किए गए है। अगर कही पर ऐसी कोई चीज दिखाई देती है, तो इसकी सूचना तत्काल पुलिस को दें। किसी भी कीमत पर कानून अपने हाथ में न ले। अगर कोई संदिग्ध व्यक्ति घूमता हुआ दिखाई देता है, तो उसके साथ मारपीट बिल्कुल न करें। पुलिस को सूचना दें, ताकि सच्चाई का पता लगाया जा सकें। हर हाल में शांति व्यवस्था बनाए रखे और पुलिस का सहयोग करें। बिना अनुमति के ड्रोन उड़ाने वालों के विरूद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### तैरता मिला युवक का शव

**स्याऊ।** क्षेत्र के ग्राम गोयली सादात के भूड इलाके में बारिश के कारण गड्ढ़ों में पानी भर गया है। वहां से गुजर रहे लोगों ने पानी में एक शव को तैरते देखा। जिससे ग्राम में हड़कंप मच गया। देखते ही देखते ग्रामीण मौके पर इकट्ठा हो गए। वहां पहुंची पुलिस ने शव को बाहर निकलवाया और शिनाख्त करवाई। मृतक की पहचान शमीम पुत्र शरीफ निवासी ग्राम गोयली सादात के रूप में हुई। मृतक शमीम पांच भाइयों में दूसरे नंबर का था। उसके पिता का पहले ही निधन हो चुका है। अभी यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि कब और कैसे यहां पहुंचा। परिजन उसका पोस्टमार्टम नहीं करवाना चाहते थे, लेकिन पुलिस ने कानूनी प्रक्रिया के तहत शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का पता चल पाएगा।

### चांदपुर में सादिक गिरफ्तार

**बिजनौर।** चांदपुर पुलिस ने मौहल्ला चाहसंग निवासी सादिक पुत्र अब्दुल रशीद को धारा 196 (2) बीएनएस में गिरफ्तार किया है। मौहल्ला कायस्थान शिव लोक कॉलोनी निवासी संदीप कौशिक पुत्र बागेश्वर प्रसाद ने आज चांदपुर थाने में उसके विरूद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जिसमें कहा गया था कि धर्म परिवर्तन सहित अन्य आरोपों में गिरफ्तार किए गए अपने भतीजे आरिफ पुत्र फारूक के संदर्भ में सादिक ने न्यूज चैनल पर भ्रामक बयान दिया। जिससे शांति व्यवस्था भंग हो सकती है।

### मेडिकल पर बिक रही नशीली गोलियां

**मंडावर।** ग्राम दयालवाला निवासी अमित गौतम पुत्र इंद्रराज सिंह ने प्रभारी निरीक्षक को दिए प्रार्थना पत्र में कहा है कि यहां स्थित आर.के. मेडिकल स्टोर का मालिक रोहित पुत्र लक्ष्मीचंद निवासी मीरावाला, थाना करौली, जनपद मुजफ्फरनगर है। जो अपने मेडिकल स्टोर पर नशे की प्रति. बंधित गोलियां थोक के भाव बेच रहा है। जिस कारण क्षेत्र के युवा नशे के आदि हो रहे है। इसकी उसने औषधि निरीक्षक से भी एक बार शिकायत की थी। उस समय इस पर छोटा-मोटा जुर्माना लगा कर छोड़ दिया गया था। लेकिन इसके बावजूद यह नशीली दवाई बेचने से बाज नहीं आ रहा है। अमित गौतम ने मेडिकल स्टोर संचालक के विरूद्ध कार्यवाही की मांग की है। वैसे भी क्षेत्र में नशाखोरों की संख्या तेजी के साथ बढ़ रही है। युवा व किशोर नशे के आदि होते जा रहे है। समाज पर इसका बहुत बुरा असर पड़ रहा है। ऐसे ही नशेड़ियों से उनके परिजन भी परेशान है। क्षेत्र में एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। जिसमें परेशान परिजन नशेड़ी युवक को रस्सी से बांध रहे है। नशे के कारण परिवार टूटने की हालत में पहुंच रहे है। महिलाएं एवं बच्चों पर इसका बुरा असर पड़ रहा है। नशेड़ी कमाते नहीं है और नशा खरीदने के लिए घर का सामान तक बेच देते है। मौका लगता है, तो चोरी भी कर लेते है।

## वरिष्ठ आसपा नेता मौलाना अतीकुर्रहमान ने कहा

# साजिशों से रहे खबरदार



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** आसपा की प्रदेश कोर कमेटी के सदस्य एवं बढ़ापुर विधानसभा क्षेत्र के संभावित प्रत्याशी मौलाना अतीकुर्रहमान कासमी ने कहा कि मौजूदा दौर में साजिशों से खबरदार रहना है।

प्राप्त समाचार के अनुसार बढ़ापुर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम कल्याणपुर में आयोजित सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि हमें अपने वोट की अहमियत समझनी चाहिए। एक भी वोट खराब नहीं होना चाहिए। मतगणना के दौरान कई बार एक-दो वोट से भी हार जीत हो जाती है। बाद में फिर पछताना पड़ता है। असम एवं बिहार की मिसाल देते हुए उन्होंने कहा कि सभी अपने-अपने पूरे परिवार के वोट जरूर बनवाए और इस पर भी पैनी नजर रखें कि कोई विरोधी पार्टी का नेता और उससे हमदर्दी रखने वाला वोट न कटवा दें। अक्सर मतदान के दिन देखने में आता है कि जब वोट डालने के लिए पोलिंग बूथ पर जाते है, तो पूरे परिवार के ही नाम ही वोटर लिस्ट से गायब मिलते है। फिर हमें मायूस होकर वापस लौटना पड़ता है। यह बड़ी साजिश का हिस्सा होता है। असम और वर्तमान में बिहार में जो कुछ हो रहा है, वो सभी के सामने है। उन्होंने कहा कि चुनाव से पहले उत्तर प्रदेश में भी वोटर लिस्ट में काम होगा। हमें अपने कागजात दुरुस्त रखने होंगे और लगातार नजर रखनी होगी।

उन्होंने कहा कि आसपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं नगीना के सांसद चंद्रशेखर दबे-कुचले समाज की लड़ाई लड़ रहे है। वह संसद से लेकर सड़क तक हमारी आवाज मजबूती के साथ उठा रहे है। हमारा भी फर्ज बनता है कि अपना एक-एक वोट आजाद समाज पार्टी के प्रत्याशियों को दें। अगर ऐसा नहीं करेंगे, तो बड़ा नुकसान हो जाएगा। उन्होंने कहा कि बढ़ापुर विधानसभा क्षेत्र विकास में सबसे ज्यादा पिछड़ गया है। खासतौर पर दलितों, पिछड़ों एवं मुस्लिमों की आबादी वाले ग्रामों व कस्बों में विकास कार्य नहीं कराए जा रहे है। विकास कार्यों में पूरी तरह से भेदभाव किया जा रहा है। बढ़ापुर को ब्लॉक नहीं बनाया गया और अफजलगढ़ को तहसील मुख्यालय नहीं बनाया गया। गरीब दलितों और मुस्लिमों को आवास योजना का लाभ नहीं मिल पाया है। बेरोजगारी और महंगाई काफी ज्यादा बढ़ गई है। चोरी व लूट की वारदातें खूब हो रही है। भाजपा की सरकार में हर कोई परेशान है। खुशहाली की जगह नफरत ने ले ली है।

इस दौरान नईम मंसूरी, उजैर आलम, मौहम्मद जाहिद अल्वी, नसीम अल्वी, इमरान आदि भी मौजूद थे। सदारत मौलाना अब्बास ने की। निजामत कारी मौहम्मद इमरान ने की।

# लाइसेंस निरस्त होने के बाद भी संचालित अस्पताल सील

## उच्चाधिकारियों को सौंपी रिपोर्ट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** थाना क्षेत्र में दो माह पूर्व लाइसेंस निरस्त होने के बाद भी अवैध रूप से अस्पताल संचालित किया जा रहा था। स्वास्थ्य विभाग के नोडल अधिकारी ने कार्यवाही कर अस्पताल को सील कर कानूनी कार्रवाई के लिए उच्च अधिकारियों को रिपोर्ट सौंप दी है।

प्राप्त समाचार के अनुसार बिना लाइसेंस व बिना डॉक्टर हर गली में मौत बांटते फर्जी अस्पतालों में स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति भयावह मोड़ पर पहुंच चुकी है। कस्बे व ग्रामीण क्षेत्र की हर गली और चौराहे पर बिना पंजीकरण, बिना प्रशिक्षित डॉक्टर और बिना मान्यता के तथा कथित 'अस्पताल' धड़ल्ले से संचालित हो रहे हैं।



ऐसा ही एक मामला थाना क्षेत्र के ग्राम कासमपुर गढ़ी स्थित पेट्रोल पंप के समीप एनएस हयात अस्पताल का सामने आया था। इस अस्पताल का दो माह पूर्व पंजीकरण निरस्त कर दिया गया था, परंतु अस्पताल लगातार अवैध रूप से चलाया जा रहा था। स्थानीय शिकायतकर्ता के आधार पर स्वास्थ्य विभाग के नोडल अधिकारी एसीएमओ डॉ. अनिल कुमार ने सोमवार को जांच उपरांत अस्पताल को सीलिगं की कार्यवाही हेतु रिपोर्ट उच्च अधिकारियों को सौंपने की बात कही है। इसी भवन में छह माह पूर्व एनजेएस नामक अस्पताल चलाया जा रहा था। जिसे हाई ब्लड प्रेशर मरीज की मौत होने के बाद बंद कर दिया गया था। क्षेत्र में अवैध रूप से चलाए जा रहे अस्पतालों में मरीजों का इलाज नहीं, बल्कि मौत बांटी जा रही है और स्वास्थ्य विभाग मूकदर्शक बना हुआ है। सीएमओ कार्यालय में सीमित संख्या में ही अस्पतालों व पैथोलॉजी का पंजीकरण है। जबकि जमीनी हकीकत यह है कि दर्जनों अवैध अस्पताल व पैथोलॉजी लैब नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में खुलेआम चल रहे हैं। इनमें से अधिकांश दो कमरों के किराए के मकान में चलते हैं। जहां न तो पर्याप्त संसाधन हैं और न ही योग्य डॉक्टर यहां पर मौजूद हैं। इन फर्जी संस्थानों में झोलाछाप द्वारा इलाज आम है। यहां तक के सर्जन न होते हुए भी गर्भवती महिलाओं के ऑपरेशन कर प्रसव कराया जाता है, जिससे कई मरीजों की जान जा चुकी है। स्वास्थ्य विभाग की जांच टीमें जब भी क्षेत्र में जाती हैं, उससे पूर्व ही सूचना लीक हो जाती है। नतीजतन मौके पर अवैध उपकरण और झोलाछाप चिकित्सक नहीं मिलते है। इस प्रकार हर बार जांच औपचारिकता बनकर रह जाती है और फर्जी अस्पताल संचालक निर्भीक होकर संचालन करते रहते हैं। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि यदि समय रहते इन अवैध चिकित्सा संस्थानों पर सख्त कार्रवाई नहीं की गई, तो यह पूरा क्षेत्र एक दिन गंभीर स्वास्थ्य आपदा की चपेट में आ सकता है। सीएमओ कार्यालय की निष्क्रियता को लेकर भी सवाल उठाए जा रहे हैं कि आखिर कौन है, जो इन फर्जी अस्पतालों को बचा रहा है।

बड़ा सवाल यह है कि जब पंजीकृत अस्पतालों की संख्या सीमित है, तो बाकी फर्जी संस्थान किन की छत्रछाया में चल रहे हैं। क्या यह विभागीय मिलीभगत का परिणाम तो नहीं है। जनता अब कार्रवाई चाहती है, जवाब नहीं। यदि स्वास्थ्य विभाग ने अब भी आंखें मूंदी रखीं, तो अगली लापरवाही किसी बड़ी त्रासदी को जन्म दे सकती है।

# गैर मान्यता प्राप्त स्कूलों व कक्षाओं के संचालन पर रोक की मांग

## शनिवार को प्रभारी मंत्री से मिले थे संगठन के पदाधिकारी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के पदाधिकारियों ने जिलाधिकारी जसजीत कौर से मिलकर जनपद में स्वीकृत मान्यता से ऊपर की कक्षाओं का संचालन करने वाले विद्यालयों के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है।

आज संगठन के जिला अध्यक्ष गय्यूर आसिफ के नेतृत्व में जिला मंत्री विनोद कुमार, डॉ. हरीश राजपूत, विनीत कुमार त्यागी तथा सुधांशु कुमार वत्स आदि ने जिलाधिकारी जसजीत कौर से मिलकर जनपद में अनेक क्षेत्रों में स्वीकृत मान्यता से ऊपर की कक्षाओं का संचालन करने वाले विद्यालयों की शिकायत की। संगठन का कहना है कि इस प्रकार अवैध कक्षाओं के संचालन के कारण मान्यता प्राप्त विद्यालयों में छात्रों की संख्या निरंतर कम हो रही है, जो जनपद से लेकर लखनऊ तक चिंता का विषय है। इस प्रकार मान्यता से ऊपर कक्षाओं का संचालन करने वाले विद्यालयों के संबंध में मुख्यमंत्री, शिक्षा सचिव तथा शिक्षा निदेशक के भी कार्यवाही करने के लिए कड़े निर्देश हैं।



विनोद ने कहा कि जिला स्तर संबंधित अधिकारियों के संज्ञान में अनेक बार यह प्रकरण लाने के बाद भी ऐसे विद्यालयों को न तो चिन्हित किया गया है और न अभी तक कोई कार्यवाही की गई है।

ज्ञापन देने के बाद जिला मंत्री विनोद कुमार ने विज्ञप्ति के माध्यम से जानकारी दी कि ऐसे विद्यालयों की शिकायत को लेकर जनपद के प्रभारी मंत्री माननीय कपिल देव अग्रवाल से भी शनिवार को संगठन ने भेंट करके ज्ञापन दिया था तथा उनसे कार्रवाई की मांग की थी।

मंत्री के निर्देश पर ही आज संगठन के पदाधिकारी जिलाधिकारी से मिले थे। जिन्होंने शिकायती पत्र लेकर संबंधित अधिकारियों के माध्यम से कड़ी कार्यवाही का आश्वासन दिया।

# ड्रोन की अफवाहों पर प्रशासन सख्त, दो गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** थाना क्षेत्र के ग्राम हीरावाली के एक व्यक्ति बुंदू ने उसकी छत पर एक ड्रोन आकर गिरने की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर मामले की छानबीन की। जिसमें ड्रोन मात्र एक खिलौना पाया गया। पुलिस ने मामले में दो लोगों एक ड्रोन खिलौने के मालिक व एक अन्य व्यक्ति जिसके द्वारा गांव में अफवाह फैलाई गई, को गिरफ्तार कर उनके विरुद्ध कानूनी कार्यवाही की गई है।



प्राप्त जानकारी के अनुसार गत एक अगस्त को रात के नौ बजकर 21 मिनट पर बुन्दु पुत्र रमजानी निवासी ग्राम हीरावाली थाना नगीना, जनपद बिजनौर ने यूपी-112 के माध्यम से पुलिस को सूचना दी कि उसकी छत पर एक ड्रोन आकर गिरा है। सूचना प्राप्त होते ही स्थानीय पुलिस द्वारा तत्काल मौके पर पहुंचकर जांच की गई, जिसमें पाया गया कि छत पर गिरा उपकरण एक खिलौनानुमा हेलीकॉप्टर था। पुलिस को जांच में पता चला कि उक्त खिलौना हेलीकॉप्टर ग्राम हीरावाली निवासी आकाश (उम्र 19 वर्ष) द्वारा खरीदा गया था एवं उसी के द्वारा उड़ाया जा रहा था। इस दौरान सैफुल्ला पुत्र इश्तियाक द्वारा गांव में ड्रोन उड़ने की अफवाह फैलाई गई। गत दो अगस्त को थाना नगीना पुलिस द्वारा अभियुक्तगण आकाश व सैफुल्ला को अंतर्गत धारा 170 बीएनएसएस में गिरफ्तार कर आवश्यक कार्यवाही की गई।

# भारी वर्षा से जनजीवन अस्त-व्यस्त

## घरों में घुसा नालों का पानी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** मध्य रात्रि से हो रही तेज वर्षा के चलते मौहल्ला मुगलू शाह में चार-चार फीट बरसात का पानी खड़ा हो गया, जिससे मौहल्लेवासी परेशान हो गए। उनके घरों में नालों का पानी पहुंच गया।

नगर पालिका के द्वारा नगर में अचार्य आरएन केला इंटर कॉलेज के सामने तहसील तक बनाये गये नए नाले का कोई फायदा जनता को नजर नहीं आया। पानी भरने से मौहल्ले वासियों का खाना, पीना दुश्वार हो गया। नगर पालिका द्वारा नालों की साफ-सफाई पर भी मौहल्लेवासियों ने सवाल खड़े किए। कोई जनप्रतिनिधि हाल-चाल पूछने नहीं पहुंचा।



स्कूली बच्चे गंदे पानी में स्कूल का बैग सिर पर रखकर निकलने को मजबूर हो गए। लोगों के घरों में सुबह का नाश्ता तक नहीं बन पाया। रात्रि में ही पानी भर जाने के कारण लोग अपना सामान इधर से उधर उठाते परेशान दिखाई दिए। आपको बता दे कि बीते कई वर्षों से मौहल्ला मुगलूशाह में बरसात का पानी भरने की समस्या बनी हुई है। चुनाव के दौरान वादे किए जाते हैं, लेकिन इस और कोई पुख्ता इंतजाम नहीं किए जाते। जिससे मौहल्लेवासी काफी परेशान है। जब इस विषय में चेयरमैन मुअज्जम इंजीनियर से बात करने को फोन किया गया उनके अस्सिटेंट द्वारा फोन उठाया गया और जानकारी प्राप्त हुई की चेयरमैन मुअज्जम इंजीनियर की तबीयत ठीक न होने के कारण वह आज मौहल्ला मुगलू शाह नहीं पहुंच सके।

वहीं आज नजीबाबाद की कछियाना बस्ती मालन नदी के पानी से जल मग्न हो गई। बस्ती में लोगों के घरों के अंदर तीन-चार फीट पानी घुस गया। जिससे कछियान बस्ती में अफरा तफरी मच गई। लोगों ने घरों की छतों पर आशियाना बनाया, खाने पीने की सामग्री व घरों में रखे हुए सामान पानी से खराब हो गया। बस्ती में इंसान सहित पशु भी खाने पीने से परेशान हैं। खेतों में किसानों की लाखों रुपए की फसले व सब्जी बर्बाद होने की आशंका है। उप जिलाधिकारी शैलेंद्र कुमार, तहस.ीलदा, कानूनगो, लेखपाल ने मौके का जायजा लिया। नदी का जलस्तर बढ़ने से नदी के उफान से स्कॉर्पियो कार नदी के रपटें में फंस गई।

गाड़ी में बैठे लोगों की चीख पुकार सुनकर ग्रामीणों ने कार का रेस्क्यू करके पानी से बाहर निकाला। कार सवार लोग जान जोखिम में डालकर रपटें को पार कर रहे थे। ग्रामीणों ने बामुश्किल गाड़ी को पानी के तेज बहाव से बाहर निकाला।

# जांच में मंडावर के मोईन के खिलाफ नहीं मिला सबूत

## वन अधिकारी ने जांच रिपोर्ट सौंपी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** बाग काटने के नाम पर पांच लाख रुपए की रिश्वत तय कर दो लाख रुपए पहले लेने के मामले में मंडावर निवासी सांध्य दैनिक के पत्रकार मोईन अहमद को वन विभाग ने क्लीन चिट दे दी है।

गौरतलब है कि मंडावर के मौहल्ला बंजारान निवासी मोईन अहमद पुत्र इबाहीम बिजनौर से प्रक.ाशित एक सांध्य दैनिक के पत्रकार है। उन्हें लेकर सोशल मीडिया पर एक पत्र वायरल हुआ था। जिसके मुताबिक पांच मार्च, 24 को मोईन अहमद ने एक बाग की कटाई के लिए सभी विवादों का ठेका पांच लाख रुपए में लिया था। कटाई एक माह के अंदर होनी थी। दो लाख रुपए पहले और तीन लाख रुपए बाद में देने तय हुए थे। डायरी के पेज पर लिखी गई इस तहरीर पर नीचे दो हस्ताक्षर थे। जिसे रिश्वत देने और लेने वाले के बताए जा रहे थे। मोईन अहमद के मंडावर में मौजूद विरोधियों ने इसे सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया था। जिससे वन विभाग के अधिकारियों की भी जमकर फजीहत हो रही थी। वन विभाग एवं उद्यान विभाग के स्टाफ पर प्लाटिंग के लिए हरे-भरे फलदार आम के बागों को कटवाने के आरोप पूर्व से लगते रहे है।

इस मामले में वन विभाग ने मोईन अहमद को नोटिस जारी कर जवाब मांगा था। क्षेत्रीय वनाधिकारी ने इसकी जांच की। उन्होंने जांच रिपोर्ट उप प्रभागीय वनाधिकारी को भेज दी है। जिसमें कहा गया है कि साक्ष्यों व शपथ पत्र का परीक्षण करने पर मोईन अहमद द्वारा लेन-देन की पुष्टि नहीं होती है। सोशल मीडिया पर वायरल पत्र को साक्ष्य के अभाव में सत्य नहीं मानते हुए निरस्त किया जाना उचित प्रतीत होता है।

# विशाल पेड़ गिरने से अफरा-तफरी

**किरतपुर।** रविवार देर रात से हो रही लगातार तेज बारिश के चलते किरतपुर थाने के बाहर खड़ा एक विशाल पेड़ जड़ से उखड़कर धराशायी हो गया। घटना सोमवार सुबह की है, जब हल्की बूंदाबांदी के बीच राहगीरों का आवागमन जारी था। इसी दौरान थाने के मुख्य गेट के बाहर खड़ा करीब 100 वर्ष पुराना पिलखन का पेड़ अचानक भरभराकर नीचे गिर पड़ा। पेड़ गिरते ही मौके पर मौजूद पुलिसकर्मी व राहगीरों में अफरा-तफरी मच गई। लोगों ने भागकर किसी तरह अपनी जान बचाई। गनीमत रही कि हादसे में कोई जानी या माली नुकसान नहीं हुआ। स्थानीय लोगों के अनुसार, यह पेड़ ब्रिटिश शासनकाल में थाने की स्थापना के समय लगाया गया था। बताया जाता है कि उस वक्त अंग्रेजों व मोहल्ला काजियान निवासी हाफिज शफाअत अली सिद्दीकी के बुजुर्गों सहित अन्य गणमान्य लोगों ने थाने के बाहर वृक्षारोपण किया था। थाने के गेट के दोनों ओर पिलखन के दो विशाल पेड़ थे, जिनमें से एक पेड़ सोमवार को भारी बारिश की वजह से गिर गया। पेड़ गिरने से राहगीरों को आवागमन में असुविधा हुई। नगर पालिका के सफाई नायक प्रेम सिंह ने बताया कि यह पेड़ पालिका क्षेत्र में आता है, इसलिए इसे काटकर सुरक्षित रूप से नगर पालिका परिसर में रखवाया जाएगा।



# नदीम आजाद अध्यक्ष और कर्मेंद्र चौधरी बने महामंत्री

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झालू।** प्रेस क्लब झालू के चुनाव में सर्वसम्मति से नदीम आजाद को अध्यक्ष एवं कर्मेंद्र चौधरी को महामंत्री चुना गया है, जबकि राजू अग्रवाल को कोषाध्यक्ष व मो. साजिद एवं डॉ. अमीरुद्दीन अंसारी को उपाध्यक्ष बनाया गया है। इसके बाद नवनिर्वाचित कार्यकारिणी को बधाई मिलने का सिलसिला शुरू हो गया है।





प्रेस क्लब झालू का चुनाव शनिवार को क्लब कार्यालय पर चुनाव अधिकारी डॉक्टर अख्तर हुसैन अंसारी की देखरेख में संपन्न हुआ। चुनाव अधिकारी ने नवनिर्वाचित कार्यकारिणी की घोषणा करते हुए कहा कि पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 2 अगस्त 2025 कि रात्रि प्रेस क्लब झालू का चुनाव प्रक्रिया संपन्न हुई। इसमें सर्वसम्मति से लवलेश कुमार को संरक्षक, नदीम अहमद आजाद को अध्यक्ष, कामेन्द्र चौधरी को महामंत्री चुना गया। कार्यकारिणी के अन्य पदों पर भी चुनाव संपन्न किया गया। इसमें मा. मो. साजिद व डॉ. अमीरुद्दीन अंसारी को उपाध्यक्ष, राजू अग्रवाल को कोषाध्यक्ष, डॉक्टर अख्तर हुसैन अंसारी को ऑडिटर, शोएब अख्तर व मोहम्मद बिलाल को कार्यालय सचिव एवं विनीत चौधरी को मीडिया प्रभारी चुना गया। इसके अलावा मोहम्मद अजहर, सलीम अंसारी, मोहम्मद फाजिल व नईम अहमद पीर जी आदि को सदस्य चुना गया। इस तरह सर्वसम्मति से प्रेस क्लब झालू का चुनाव संपन्न हो गया। चुनाव अधिकारी डॉक्टर अख्तर हुसैन अंसारी ने कहा कि मैं नवनिर्वाचित कार्यकारिणी को बधाई देता हूं और उम्मीद करता हूं कि प्रेस क्लब झालू पत्रकारों के हकों की लड़ाई लड़ते रहेंगे। साथ ही पत्रकारों को संगठित कर संगठन को मजबूत करेंगे। इस दौरान प्रेस क्लब के संरक्षक एवं पूर्व अध्यक्ष लवलेश कुमार ने कहा कि मैं नव निर्वाचित कार्यकारिणी के सर्वसम्मति से चुने जाने पर बधाई देता हूं और उम्मीद करता हूं कि प्रेस क्लब को मजबूत करने पर जोर दिया जाएगा। उधर नवनिर्वाचित प्रेस क्लब झालू की कार्यकारिणी को बधाई मिलने का सिलसिला भी शुरू हो गया है। अनेक पत्रकार संगठनों एवं क्षेत्र के लोगों ने प्रेस क्लब झालू को शुभकामनाएं दी है।

# जेवरात व नकदी लूट कर फरार

**बिजनौर।** छोटा भाई मौहल्ले में सुरक्षा के लिये पहरा लगा रहा था। इसी दौरान दो चोर दीवार फांदकर उसके बड़े भाई के गले पर गंडासा लगाकर जेवरात और हजारों की नकदी लेकर फरार हो गए। घटना से मौहल्ले में सनसनी फैल गयी। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौका मुआयना कर चोरों को पकड़ने का आश्वासन दिया है। घटना रविवार रात करीब साढ़े तीन बजे की बताई गई है। मौहल्ला बुखारा में अरबी मस्जिद के पीछे रहने वाले आदिल पुत्र बुंदु अपनी मां के साथ घर में सो रहा था। उसका छोटा भाई कामिल मौहल्ले के युवकों के साथ पहरा लगा रहा था।

# प्रशासन कर रहा किसानों की अनदेखी : सुनील प्रधान

## ट्रैक्टर रैली में पहुंचने का किया आह्वान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नूरपुर।** क्षेत्र के ग्राम बीरबलपुर उर्फ बूढ़पुर में भारतीय किसान यूनियन टिकैत की पंचायत आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता प्रदेश संगठन मंत्री पंडित लक्ष्मीकांत शर्मा व संचालन मोनू चौधरी ने किया। पंचायत में यूनियन के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष सुनील प्रधान व युवा जिलाध्यक्ष मनप्रीत सिंह संधू का फूलमालाओं से स्वागत किया गया। कार्यक्रम में ब्लॉक कमेटी की ओर से लकड़ी का हल देकर सम्मानित किया गया।



पंचायत को सम्बोधित करते हुए सुनील प्रधान ने कहा कि जिला प्रशासन किसानों की समस्याओं की अनदेखी कर रहा है। इसलिए आगामी 13 अगस्त को जिला मुख्यालय पर ट्रैक्टर रैली का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें जनपद भर के किसानों से पहुंचने का आह्वान किया गया। जिलाध्यक्ष ने कहा कि जनपद में भ्रष्टाचार चरम पर है। अधिकारियों द्वारा आमजन को लूटने के नए-नए तरीके अपनाए जा रहे है। वाहन चैकिंग के नाम पर ट्रैफिक पुलिस शहर के अंदर चैकिंग कर रही है। जबकि वाहन चैकिंग प्वाइंट शहर से बाहर होने चाहिए। तहसील में अंश निर्धारण व आरटीओ ऑफिस में ड्राइविंग लाइसेंस आदि के नाम पर किसानों व आमजन से अवैध वसूली की जा रही है। सरकार ने किसानों के ट्यूबवेल के लिए मुफ्त बिजली देने की घोषणा की, तो फिर स्मार्ट मीटर क्यों लगाए जा रहे हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं से विद्युत विभाग द्वारा लगाए जा रहे स्मार्ट मीटर का विरोध करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि जनपद में गुलदार ने करीब चालीस लोगों की हत्या कर दी है। वन विभाग ने मौन साध रखा है। उन्होंने गुलदार के हमले में मरने वालों के परिजनों को सरकार से पचास लाख रुपये की आर्थिक सहायता देने की मांग की है। आवारा पशुओं द्वारा किसानों को फसलों को बर्बाद किया जा रहा है। प्रशासन आवारा पशुओं को पकड़कर पशुशाला भेजे। जिलाध्यक्ष ने कहा कि भारतीय किसान यूनियन किसी का उत्पीड़न नहीं होने देगी।

पंचायत को युवा जिलाध्यक्ष मनप्रीत सिंह संधू, हरिराज सिंह, कविराज सिंह, अशोक धनकड़, चौधरी अमरपाल सिंह, प्रशान्त चौधरी, भोपाल सिंह, मास्टर देवेन्द्र सिंह, मास्टर रोहताश सिंह यादव आदि ने भी सम्बोधित किया।

इस अवसर पर कफील सैफी, मनीष धनकड़, यादराम सिंह, अशफाक खान, शाह आलम प्रधान, नासिर मलिक, मौहम्मद शमशेर, हाजी मौहम्मद सलमान, राजेश सैनी, सुदामा, कपिल धनकड़, डॉ. इशरत अली, वारसी साजिद हुसैन समेत बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।


**न्यायालय सिविल जज जू.डि. नगीना, जिला बिजनौर**

वाद सं.-769/2024

1- मौ. रईस उम्र लगभग 47 वर्ष 2- मौ. अफजाल उम्र लगभग 55 वर्ष पुत्रगण अ. सलाम

**-वादीगण**

**बनाम**

1- फरयाद अली उम्र लगभग 50 वर्ष पुत्र अ. सलाम 2- शुऐब पुत्र फरियाद अली निवासीगण ग्राम चकमहदूद सानी, परगना स्योहारा, तहसील धामपुर, जिला बिजनौर।

**-प्रतिवादीगण**

हरगाह वादनी ने आपके नाम एक नालिशी बाबत तकसीम हवेली व निषेधाज्ञा हेतु दायर की है। लिहाजा आपको हुक्म होता है कि बतारीख 20.08.2025 ई. की बाबत 10 बजे दिन असालतन या मार्फत के जो मुकदमा के हालात से करार वाकई वाकिफ किया गया है और जो कुछ उमूर अहम मुतालिक के मुकदमा का जवाब दे या जिस के पास और सख्श हो जो सवालात की दे सके हाजिर हो और जवाब देही दावा करे कि आपका लाजिम है। उसी रोज जुमला दस्तावेज पेश करे। जिन पर बताईये अपना जवाब देही के इस्तेमाल करना चाहते हो।

आपको इत्तला दी जाती है कि अगर बरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे, तो मुकदमा बगैर हाजिर आपका समसुआ और फैसला होगा।

दस्तखत मेरे और मोहर आज व तारीख 29.07.2025 ई. बाबत जारी किया गया।

नियत दिनांक:- 20.08.2025

**प्रबंधक**
**सिविल जज ( जू.डि. )**
**नगीना, बिजनौर**

**न्यायालय सिविल जज जू.डि. नगीना, जिला बिजनौर**

वाद सं.-766/2024

1- मौ. रईस उम्र लगभग 47 वर्ष 2- मौ. अफजाल उम्र लगभग 55 वर्ष पुत्रगण अ. सलाम

**-वादीगण**

**बनाम**

1- फरयाद अली उम्र लगभग 50 वर्ष पुत्र अ. सलाम निवासी ग्राम चकमहदूद सानी, परगना स्योहारा, तहसील धामपुर, जिला बिजनौर।

2- मौ. शमशाद पुत्र हबीब अहमद निवासी मौहल्ला इस्लाम नगर, परगना स्योहारा, तहसील धामपुर, जिला बिजनौर।

**-प्रतिवादीगण**

हरगाह वादनी ने आपके नाम एक नालिशी बाबत तकसीम हवेली व निषेधाज्ञा हेतु दायर की है। लिहाजा आपको हुक्म होता है कि बतारीख 20.08.2025 ई. की बाबत 10 बजे दिन असालतन या मार्फत के जो मुकदमा के हालात से करार वाकई वाकिफ किया गया है और जो कुछ उमूर अहम मुतालिक के मुकदमा का जवाब दे या जिस के पास और सख्श हो जो सवालात की दे सके हाजिर हो और जवाब देही दावा करे कि आपका लाजिम है। उसी रोज जुमला दस्तावेज पेश करे। जिन पर बताईये अपना जवाब देही के इस्तेमाल करना चाहते हो।

आपको इत्तला दी जाती है कि अगर बरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे, तो मुकदमा बगैर हाजिर आपका समसुआ और फैसला होगा।

दस्तखत मेरे और मोहर आज व तारीख 29.07.2025 ई. बाबत जारी किया गया।

नियत दिनांक:- 20.08.2025

**प्रबंधक**
**सिविल जज ( जू.डि. )**
**नगीना, बिजनौर**

**न्यायालय सिविल जज जू.डि. नगीना, जिला बिजनौर**

वाद सं.-767/2024

1- मौ. रईस उम्र लगभग 47 वर्ष 2- मौ. अफजाल उम्र लगभग 55 वर्ष पुत्रगण अ. सलाम

**-वादीगण**

**बनाम**

1- फरयाद अली उम्र लगभग 50 वर्ष पुत्र अ. सलाम निवासी ग्राम चकमहदूद सानी, परगना स्योहारा, तहसील धामपुर, जिला बिजनौर।

2- शिव स्वरूप सिंह पुत्र रोहिताश निवासी ग्राम शुमाल खेड़ी, परगना स्योहारा, तहसील धामपुर, जिला बिजनौर।

**-प्रतिवादीगण**

हरगाह वादनी ने आपके नाम एक नालिशी बाबत तकसीम हवेली व निषेधाज्ञा हेतु दायर की है। लिहाजा आपको हुक्म होता है कि बतारीख 20.08.2025 ई. की बाबत 10 बजे दिन असालतन या मार्फत के जो मुकदमा के हालात से करार वाकई वाकिफ किया गया है और जो कुछ उमूर अहम मुतालिक के मुकदमा का जवाब दे या जिस के पास और सख्श हो जो सवालात की दे सके हाजिर हो और जवाब देही दावा करे कि आपका लाजिम है। उसी रोज जुमला दस्तावेज पेश करे। जिन पर बताईये अपना जवाब देही के इस्तेमाल करना चाहते हो।

आपको इत्तला दी जाती है कि अगर बरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे, तो मुकदमा बगैर हाजिर आपका समसुआ और फैसला होगा।

दस्तखत मेरे और मोहर आज व तारीख 29.07.2025 ई. बाबत जारी किया गया।

नियत दिनांक:- 20.08.2025

**प्रबंधक**
**सिविल जज ( जू.डि. )**
**नगीना, बिजनौर**

**नाम परिवर्तन सूचना**

मैंने अपनी पुत्री का नाम HANIYAN HUDA से बदल कर HANIYA HUDA रख दिया है। भविष्य में मेरी पुत्री को HANIYA HUDA के नाम से ही जाना व पहचाना जाए। **सना परवीन पत्नी वसीम अहमद निवासी- मोहल्ला हकीमपुरा, कस्बा सहसपुर, थाना स्योहारा ( जिला- बिजनौर )**

**कार्यालय**
**मण्डलीय ग्रामोद्योग प्रशिक्षण केन्द्र**
ग्राम-अकबरपुर चौंगावां, कोटद्वार रोड, नजीबाबाद, जनपद-बिजनौर

**प्रेस विज्ञप्ति**

वित्तीय वर्ष 2025-26 में मण्डलीय ग्रामोद्योग प्रशिक्षण केन्द्र, उ.प्र. खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड, नजीबाबाद-बिजनौर द्वारा जनपद-मेरठ, हापुड़, बागपत, बुलन्दशहर, गाजियाबाद, गौतमबुद्धनगर, मुरादाबाद, अमरोहा, रामपुर, संभल, बिजनौर, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर व शामली के ग्रामीण क्षेत्रों में 15 दिवसीय कौशल सुधार (सामान्य/एस.सी.एस.पी.) प्रशिक्षण कार्यक्रमों के सत्रों का आयोजन किया जाना है, जिसमें दर्जी, जरी-जरदोजी, ब्यूटीपार्लर, जूट बैग निर्माण, घरेलू सजावटी सामान, ट्रेड एवं ओडीओपी योजना तथा विश्वकर्मा श्रम सम्मान प्रशिक्षण योजनान्तर्गत समस्त ट्रेडों में प्रशिक्षार्थियों को प्रशिक्षण प्रदान कराये जाने हेतु अनुभवी टी.ओ.टी. धारक मास्टर ट्रेनरों की आवश्यकता है। साथ ही केन्द्र पर संचालित किये जाने वाले माटीकला प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रशिक्षण देने हेतु अनुभवी टी.ओ. टी. मास्टर ट्रेनरों की आवश्यकता है। जिसके लिये नियमानुसार मानदेय का प्राविधान है।

अत: उपरोक्त संचालित कराये जाने वाले प्रशिक्षण कार्यक्रमों में प्रशिक्षण देने हेतु इच्छुक ट्रेनर अपना सी.वी. दिनांक 13.08.2025 तक इस केन्द्र पर व्यक्तिगत रूप से किसी भी कार्यालय कार्य दिवस में आकर जमा कर सकते है, इसके उपरान्त दिनांक 14.08.2025 को अपरान्ह 2:00 बजे से ट्रेनरों का साक्षात्कार लिया जायेगा।

**( विपिन कुमार )**
**प्राचार्य**

# एकजुट होकर संघर्ष करें किसान: दिगम्बर

## भाकियू की विचार गोष्ठी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किरतपुर।** भारतीय किसान यूनियन (अराजनैतिक) की एक विचार गोष्ठी राणा बैंक्विट हॉल में आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता राजेंद्र मोहन चेयरमैन व संचालन राकेश प्रधान ने किया।

मुख्य अतिथि युवा प्रदेश अध्यक्ष चौधरी दिगंबर सिंह ने किसानों से एकजुट होकर संघर्ष करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि जब तक किसान को उसका हक और अधिकार नहीं मिल जाता, तब तक संगठन चुप नहीं बैठेगा। उन्होंने गन्ना मूल्य वृद्धि, शुगर मिलों में भेदभाव, बिजली विभाग की मनमानी, तहसीलों में भ्रष्टाचार व किसानों को मुआवजा न मिलने जैसे मुद्दों पर सरकार से संघर्ष की बात कही। साथ ही युवाओं से नशे से दूर रहने व बुजुर्गों से पंचायत चुनाव में लालची नेताओं से दूरी बनाने की अपील की।

जिलाध्यक्ष नितिन कुमार सिरोही ने कहा कि जनपद के हर क्षेत्र में जाकर किसानों को जागरूक किया जा रहा है।

बिजनौर के साथ हो रहे भेदभाव को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा, चाहे वह गंगा एक्सप्रेसवे हो, इंडस्ट्रियल एरिया, गन्ना मूल्य या बिजली विभाग की लापरवाही जैसे हर मुद्दे पर संघर्ष होगा।

गोष्ठी में ब्लॉक अध्यक्ष अरविन्द राजपूत, कुलवीर सिंह, अतुल बालियान, नीटू चौधरी, विनोद चौहान, देशराज, यशवन, ग्राम प्रधान अजमईन, मुकुल राजपूत, शैलेंद्र, मिठ्ठन, सतपाल, दानिश, देवेंद्र सिंह आदि किसान नेता उपस्थित रहे।

## कुम्हेड़ा में मिली बुजुर्ग महिला की लाश, शिनाख्त नहीं

**किरतपुर।** थाना क्षेत्र के ग्राम कुम्हेड़ा में उस समय सनसनी फैल गई जब एक बुजुर्ग महिला का शव नहर में पानी में तैरता हुआ देखा गया। ग्रामीणों ने तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और शव को पानी से बाहर निकालकर अपने कब्जे में लिया।

पुलिस के अनुसार महिला की उम्र लगभग 55 वर्ष के बीच प्रतीत हो रही है। महिला के शरीर पर कोई स्पष्ट चोट के निशान नहीं मिले हैं, जिससे प्रथम दृष्टया मामला डूबने का प्रतीत हो रहा है। हालांकि, वास्तविक कारणों का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही चल पाएगा। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है और आस-पास के गांवों में महिला की शिनाख्त कराने के प्रयास शुरू कर दिए हैं। समाचार लिखे जाने तक मृतका की पहचान नहीं हो सकी थी।

# हरिहर मंदिर जाने से रोके गए शिवभक्त, जताया रोष

## भगवान शिव के भक्तों को बार-बार रोकना पीड़ादायक



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** सावन माह में भगवान शिव के चरणों में जल अर्पित करने निकले श्रद्धालुओं को पुलिस द्वारा रोके जाने पर गणेश चौथ समिति के पदाधिकारी भड़क उठे। सोमवार को जब चारपहिया वाहनों का जत्था हरिहर मंदिर (संभल) की ओर रवाना हुआ, तो रानीबाग चौकी पर पुलिस ने उन्हें रोक लिया।

इस कार्रवाई से आहत शिव भक्तों ने नारेबाजी करते हुए प्रशासन से विरोध जताया। हर हर महादेव, हरिहर मंदिर जाएंगे, जल वहीं चढ़ाएंगे जैसे नारों से क्षेत्र गूंज उठा।

गौ रक्षा प्रमुख संयम जैन ने कहा, "भगवान शिव के भक्तों को बार-बार रोका जाना बेहद पीड़ादायक है। हम वर्षों से हरिहर मंदिर में जल चढ़ाना चाहते हैं, पर हर बार प्रशासन अड़ंगा लगाता है। ये हिंदुओं की आस्था का सवाल है।"

हालांकि, विवाद बढ़ता देख प्रशासन ने भक्तों को समझाया और उन्हें धामपुर स्थित किसान सहकारी गन्ना समिति परिसर के शिव मंदिर में जलाभिषेक के लिए सहमत किया गया। वहां विधिपूर्वक जल चढ़ाया गया। इस मौके पर विजय कुमार जैन, हिमांशु चौधरी, आयुष चौधरी, दीपक भारद्वाज, अजय राजपूत, संयम जैन समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## सरस्वती शिशु मंदिर में वेश प्रति.



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** सरस्वती शिशु मंदिर में भैया बहनों की वेश प्रतियोगिता संपन्न हुई। प्रतियोगिता में निर्णायक के रूप में राम जी पांडे श्रीमति अपर्णा रानी, ओम प्रकाश व विजय वर्मा रहे। विद्यालय के समस्त भैया बहनों के नाखून, बाल, दांत वेश की स्वच्छता शर्ट, पेंट, जूते ,मोजे आदि के आधार पर निर्णय को द्वारा प्रत्येक कक्षा के तीन भैया बहनों को प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान घोषित किया।

प्रतियोगिता में नव्या, हिमांशिका, दीक्षित, कनिष्क व दृष्टि ने शिशु वाटिका वर्ग प्ले से द्वितीय में प्रथम स्थान नव्या, हिमांशिका, दीक्षित, आरव, कनिष्का, सिद्धार्थ प्राप्त किया। द्वितीय स्थान पर कार्तिकेय, ईशान, देवांश दिवाकर व दीपांशु रहे। तृतीय स्थान पर काव्या, तपस्या प्रजापति आरव, डिंपल सैनी व हर्ष अग्रवाल। इसी प्रकार कक्षा तृतीय से अष्टम तक रुद्राक्षी राजपूत, प्रियांशु, संस्कार, निशिका, नंदिनी व नेतिका राजपूत ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। द्वितीय स्थान पर लक्ष्य कुमार वंश पोसवाल, वर्णिका, कनक कटारिया, इशिका, मनु रही तथा तृतीय स्थान अर्पिता, सृष्टि शिवाय, नैना, कनक व खुशी ने प्राप्त किया। सर्वप्रथम निर्णयकों अपर्णा रानी एवं श्री राम जी पांडे ने प्रधानाचार्य अमरपाल सिंह के साथ मां शारदा के समक्ष पुष्पार्चन किया। प्रधानाचार्य अमरपाल पाल सिंह ने बताया कि वेश द्वारा हमारे व्यक्तित्व के बारे में बहुत सारी बातें अनायास ही प्रकट हो जाती है। रामजी पांडे ने बताया कि स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मस्तिष्क निवास करता है। अब स्वस्थ शरीर कब होगा, जब हम स्वच्छ रहेंगे। अच्छी तैयारी करने के लिए श्रीमती अपर्णा रानी द्वारा समस्त भैया बहनों को शुभाशीष दिया गया। प्रतियोगिता के संयोजक श्री ओम प्रकाश सैनी व विजय वर्मा रहे।

# स्कूलों में स्काउट गाइड क्लब का गठन हो: एडीएम

## आवश्यक प्रशिक्षण उपलब्ध कराने के निर्देश




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** जिलाधिकारी श्रीमती जसजीत कौर के निर्देशों के अनुपालन में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व श्रीमती वान्या सिंह की अध्यक्षता में आज दोपहर कलेक्ट्रेट स्थित महात्मा विदुर सभागार में जिला परिषद जिला संस्था भारत स्काउट और गाइड उ.प्र. जनपद बिजनौर की एक आवश्यक बैठक आयोजित की गई।

अपर जिलाधिकारी श्रीमती सिंह ने शिक्षा विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी स्कूलों में स्काउट गाइड क्लब का गठन कराया जाना सुनिश्चित करें और जिस स्कूल में स्काउट गाइड क्लब गठित हैं, उनका नियमित रूप से स्काउट गाइड की गतिविधियां संचालित रखें। उन्होंने स्काउट संस्था से स्कूलों में स्थापित स्काउट गाइड क्लब के नवीनीकरण, पंजीकरण एवं प्रशिक्षण के बारे में आवश्यक जानकारी प्राप्त करते हुए निर्देशित किया कि जिले में स्काउट गतिविधियों को पूर्ण गुणवत्ता के साथ संचालित करने के लिए आवश्यक प्रशिक्षण उपलब्ध कराएं और जो स्कूल/शिक्षण संस्थान स्काउट में पंजीकृत हैं, नियमानुसार समयपूर्वक नवीनीकरण कराना भी सुनिश्चित करें।

कार्यक्रम के दौरान लीडर ट्रेनर सत्यपाल सिंह मलिक द्वारा जिला संस्था भारत स्काउट और गाइड उ.प्र. जनपद बिजनौर के लिए कार्यालय भवन उपलब्ध कराने के सम्बन्ध में प्रस्ताव पेश करते हुए कहा कि जब तक जिला प्रशासन द्वारा भवन के भूमि का आवंटन नहीं होता तब तक किराए पर एक कमरा उपलब्ध कराने का अनुरोध किया ताकि स्काउट गाइड की गतिविधियों को सुव्यवस्थित और मानक के अनुरूप संचालित किया जा सके। उन्होंने विगत बैठक के बाद की जाने वाली उपलब्धियों एवं प्रगतियों पर प्रकाश डाला गया तथा कोषाध्यक्ष राकेश कुमार शर्मा द्वारा लेखा-जोखा का विवरण प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के दौरान ही सामूहिक रूप से स्काउट प्रार्थना और अंत में राष्ट्रगान का गायन भी हुआ।

इस अवसर पर सहायक प्रादेशिक संगठन आयुक्त ब्रिजेश कुमार, सचिव कैलाश चन्द, डॉ. निर्मला शर्मा जिला गाइड कमिश्नर, जीजीआईसी एवं अन्य विद्यालयों की प्रधानाचार्य सहित जिला संस्था भारत स्काउट और गाइड उ.प्र. के जिला एवं तहसील स्तरीय पदाधिकारी मौजूद थे।

## अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के शानू शेख पुन: बने नगराध्यक्ष




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की स्योहारा इकाई द्वारा एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में विभाग संगठन मंत्री सतेंद्र जिला प्रमुख तथा धामपुर के जिला संयोजक अनुज राजपूत की गरिमामयी उपस्थिति रही। बैठक का मुख्य उद्देश्य संगठन के विस्तार और नवगठित नगर कार्यकारिणी की घोषणा करना रहा।

बैठक को संबोधित करते हुए विभाग संगठन मंत्री सतेंद्र ने कहा कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद एक ऐसा छात्र संगठन है जो वर्ष के सभी 365 दिन छात्र हितों की सेवा में संलग्न रहता है। उन्होंने कहा कि परिषद केवल शैक्षणिक गतिविधियों तक सीमित नहीं बल्कि सामाजिक दायित्वों को भी पूरी निष्ठा से निभाती है। इस अवसर पर आरुषि पाल को जिला छात्रा प्रमुख महानगर की छात्राओं की प्रमुख प्रतिनिधि नियुक्त किए जाने की घोषणा की गई, जिसे उपस्थित कार्यकर्ताओं द्वारा तालियों की गड़गड़ाहट और गर्मजोशी से स्वागत किया गया।

नवगठित नगर कार्यकारिणी शानू शेख नगर अध्यक्ष, लक्षित राठी नगर मंत्री, निगम राजपूत नगर सह-मंत्री, इशू शर्मा नगर सह-मंत्री, अक्षित नगर सह-मंत्री, निखिल कुमार नगर संयोजक छात्रा विकास प्रकोष्ठ इसके अतिरिक्त अन्य कार्यकर्ताओं को भी विभिन्न संगठनात्मक दायित्व प्रदान किए गए, जिससे परिषद की नगर इकाई को एक नई ऊर्जा और दिशा प्राप्त होगी। वही सभी कार्यकर्ताओं ने नवगठित कार्यकारिणी को शुभकामनाएं दीं और पूर्ण निष्ठा अनुशासन तथा समर्पण भाव से संगठन के लिए कार्य करने का संकल्प लिया है।

# शिव-पार्वती के विवाह का प्रसंग सुनाया

## कथा ज्ञान यज्ञ महोत्सव का छठा दिन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** टीचर्स कॉलोनी स्थित श्री सत्य धाम धर्मशाला में चल रहे 10 दिवसीय श्री शिव महा. पुराण कथा ज्ञान यज्ञ महोत्सव के छठे दिन भगवान शंकर और माता पार्वती के विवाह का प्रसंग सुनकर श्रद्धालु भाव विभोर हो उठे। इस दौरान कॉलोनी के देव मंदिर से कथा स्थल तक निकाली गई शिव बारात मे शामिल महिलाओं ने ढोल की थाप पर भावपूर्ण नृत्य करते हुए भगवान भोलेनाथ और उनकी अर्धांगिनी माता पार्वती के चरणों में श्रद्धा भावना प्रदर्शित की।

श्रद्धालुओं ने श्रावण मास तथा शिव महापुराण कथा से संबंधित पारंपरिक जयकारों से वातावरण को गुंजा दिया। छठे दिन की कथा के मुख्य यजमान कमल सिंह चौहान एवं उनकी धर्मपत्नी नीतू सिंह चौहान, नितीश सिंह चौहान के अलावा अन्य यजमानों में राजपाल सिंह चौहान पंजाब नेशनल बैंक वाले तथा आशा देवी चौहान, आनंद सिंह चौहान सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य, महेंद्र पाल सिंह चौहान सेवानिवृत्त पुलिस निरीक्षक, विनोद कुमार चौहान मास्टर, घसीटा सिंह चौहान, राजीव कुमार दीक्षित, जीएस कश्यप, अनिल कुमार चौहान, योगेंद्र कुमार शर्मा एडवोकेट, असित कुमार, पंकज कुमार आदि रहे जिन्होंने परिजनों सहित पूजन कार्यक्रम में सहभागिता की। पूजन कार्यक्रम देव मंदिर के पुजारी पंडित रविकांत वशिष्ठ ने प्रभावी मंत्र उच्चारण के बीच संपादित कराया।

इस मौके पर कथावाचक आचार्य पंडित कैलाश चंद्र वशिष्ठ महाराज ने सती का प्रसंग सुनाते कहा कि यदि पति की आज्ञा के बिना कोई भी नारी अपने पिता के घर भी किसी उत्सव में जाती है तो उसे वहां पर पति के साथ न होने के कारण अपमान का सामना करना पड़ता है। इसीलिए भारत की प्रत्येक नारी को चाहिए कि वह पति आज्ञा का पालन करना अपना दायित्व समझे। इस दौरान प्रदर्शित की गई भगवान शंकर और माता पार्वती के विवाह की झांकी में सजे हुए बच्चों ने श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। श्रद्धालुओं ने भी श्रद्धा का अर्पण करते हुए यथा संभव धनराशि व उपहार भी भेंट किए। कथा निरंतर 6 अगस्त तक चलेगी तथा 7 अगस्त को सामूहिक हवन यज्ञ एवं विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा।

## जीके हॉस्पिटल ने 21 मरीजों को पोषण पोटली वितरित की

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** सीएचसी नगीना के टीबी डिपार्टमेंट द्वारा चिन्हित कर इलाज किये जा रहे टीबी के रोगियों को पोषण पोटली का वितरण जी.के. हॉस्पिटल परिसर में हॉस्पिटल के प्रबन्धक व चिकित्सक द्वारा वितरण किया गया है।

नगर के प्रसिद्ध जी.के. हॉस्पिटल द्वारा 21 मरीजों को पोषण पोटली का वितरण हॉस्पिटल के प्रबन्धक शरद अग्रवाल एवं उनके सुपुत्र डॉ. आकाश अग्रवाल एमबीबीएस एमडी फिजिशियन की ओर से सीएचसी नगीना के टीबी डिपार्टमेंट द्वारा चिन्हित इलाज किए जा रहे टीबी के मरीजों को पोषण पोटली का वितरण जीके हॉस्पिटल परिसर में किया गया। सीएचसी नगीना के टीबी विभाग की ओर से एस टी एस सनाउलहक, एसटीएलएस नरेन्द्र कुमार उपस्थित रहे।

जीके हॉस्पिटल की ओर से डॉ. आकाश कुमार अग्रवाल ने 21 टीबी रोगियों को पोषण पोटली का वितरण किया। जिसके अंदर मूंगफली के दाने, परमल, गुड, भुने सोयाबीन तथा चने, मरीज को कार्बोहाइड्रेट, प्रोटीन और वसा की पूर्ति के लिए दिये गये। डॉ. आकाश कुमार अग्रवाल ने क्षय रोग की जानकारी देते हुए उससे बचने के बारे में भी बताया। उन्होंने कहा कि मास्क पहने, दो हफ्ते से ज्यादा खांसी होने पर तुरन्त नजदीकी अस्पताल में बलगम की जांच कराये, जांच पॉजिटिव आने पर अपने नजदीकी हॉस्पिटल में इलाज कराये। प्रशासनिक स्तर पर क्षय रोगियों के लिए बहुत सारी सुविधाये भी उपलब्ध है।

डॉ. आकाश ने टीबी हो जाने पर खाने में परहेज, साफ सफाई एवं पानी की सही मात्रा का ध्यान रखने की जानकारी भी दी। जीके हॉस्पिटल की ओर से अरुण कुमार, विनीत कुमार, आनन्द भारद्वाज, शिवम वर्मा, अजय कुमार आदि उपस्थित रहे।

## एक नजर

### ईओ ने कराई नालों की सफाई



**धामपुर।** नगर में बीती रात से लगातार हो रही बारिश के बीच जलभराव की आशंका को लेकर नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी रविशंकर शुक्ल खुद सड़कों पर उतर आए। उन्होंने नगर के लगभग सभी वार्डों का दौरा किया और जहां नालियों में जाम मिला, उसे मौके पर ही साफ कराया। सफाई निरीक्षक व सफाई नायक के साथ मौके पर मौजूद रहकर उन्होंने कर्मचारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि नगर में जलभराव किसी भी हालत में न हो। यदि कहीं भी नाला या नाली जाम मिले, तो उसे तुरंत साफ किया जाए और जनता को राहत मिले। नगर की जनता को यह देखकर संतोष हुआ कि जिम्मेदार अधिकारी जमीनी स्तर पर सक्रिय हैं। बारिश में जलभराव को रोकने का यह प्रयास एक उदाहरण बन सकता है, यदि हर नगर में ऐसी तत्परता दिखाई जाए।

### बी.एस.सी. चतुर्थ सेमेस्टर का परीक्षाफल



**बिजनौर।** कृष्णा कॉलेज ऑफ साइंस, बिजनौर के बी.एस.सी. चतुर्थ सेमेस्टर का परीक्षाफल शत प्रतिशत रहा। साइंस विभाग के विभागाध्यक्षा डॉ. पूनम गुप्ता ने बताया कि एम.जे.पी. रुहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली द्वारा घोषित परिणाम में बी.एस.सी. चतुर्थ सेमेस्टर में प्राची ने 7.24 एस.जी.पी.ए. प्राप्त कर प्रथम स्थान, मुस्कान ने 6.76 एस.जी.पी.ए. प्राप्त कर द्वितीय स्थान तथा चारु ने 6.67 एस.जी.पी.ए. प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। महाविद्यालय परिवार इन सभी विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना करता है। कृष्णा कॉलेज की प्राचार्या डॉ. सीमा शर्मा ने सभी उत्तीर्ण छात्र/छात्राओं को बधाई देते हुए कहा कि कृष्णा कॉलेज का परिणाम सदैव ही अति उत्तम रहा है। संस्थापक निदेशक राजीव कुमार, प्रबंधक मनोज कुमार, निदेशक पवन कुमार, प्राचार्या डॉ. सीमा शर्मा, सहायक प्रवक्ता डॉ. शोमा सिंह, डॉ. पायल राठी, रश्मि वत्सल, श्वेता टॉक, शुभांषी वर्मा, संचित कुमार, अदीबा शारिक, सौम्या वर्मा, मीतू, सलोनी, दीक्षा त्यागी, आकाश, प्रतिभा आदि ने विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

### श्रद्धालुओं ने मंदिरों में की पूजा-अर्चना

**नहटौर।** सावन माह के चलते अंतिम सोमवार को श्रद्धालुओं ने शिवालय पहुंच कर पूजा-अर्चना करके अपने परिवारों की सुख समृद्धि की कामना की। श्रद्धालुओं ने उपवास रखकर मंदिरों के शिवालयों में पहुंचकर पूजा-अर्चना करके अपने परिवारों की सुख समृद्धि की कामना की तथा बेलपत्री आदि सामग्री चढ़ाई। सोमवार को चामुंडा धाम पंचायती मंदिर, हाथी वाला मंदिर, पूर्वी चौंधियान, शिव मंदिर, पाताल तोड़ शिव मंदिर, झारखंडी, फिरोजपुर आदि शिवालयों पर महिला-पुरुषों व लड़कियों ने पहुंचकर पूजा-अर्चना की। पूजा अर्चना के दौरान उन्होंने अपने परिवारों की सुख समृद्धि की कामना की तथा बेल पत्री भांग धतूरा आदि पूजा की सामग्रियों पर चढ़ाई। इसके अलावा ग्रामीण अंचलों में भी बालिकाओं पुरुषों में महिलाओं ने मंदिरों में पहुंच कर पूजा अर्चना करके अपने परिवारों की सुख समृद्धि की कामना की तथा गरीबों को दान दिया।

# सिविल बार एसोसिएशन ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

## हाईकोर्ट बेंच की स्थापना की मांग



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चांदपुर।** सिविल बार एसोसिएशन तहसील चांदपुर के अध्यक्ष के नेतृत्व मे एसोसिएशन पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री के नाम सम्बोधित एक ज्ञापन उपजिलाधिकारी नितिन तेवतिया को देते हुए पश्चिमी उप्र में हाईकोर्ट बेंच की स्थापना की मांग की है।

मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार लखनऊ के नाम उपजिलाधिकारी चांदपुर को दिये गए ज्ञापन में सिविल बार एसोसिएशन ने कहा कि पिछले काफी वर्षों से उच्च न्यायालय इलाहाबाद की खंडपीठ/बेंच की स्थापना पश्चिम उत्तर प्रदेश में स्थापित करने हेतु संघर्षरत है ताकि आमजन को सस्ता एवं सुलभ न्याय प्राप्त हो सके। मा. उच्च न्यायालय इलाहाबाद अधिक दूर होने के कारण पश्चिमी उत्तर प्रदेश की आम जनता, वादीगण, अधिवक्तागण को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। सस्ता एवं सुलभ न्याय के उद्देश्य की पूर्ति के लिए पश्चिमी उत्तर प्रदेश में किसी भी समुचित स्थान पर माननीय उच्च न्यायालय इलाहाबाद की बेंच स्थापित होने की आवश्यकता है। ज्ञापन देने वालों में सिविल बार एसोसिएशन चांदपुर के अध्यक्ष शमशाद अहमद एड, महासचिव हरिश्वर सिंह एडवोकेट, सुनील कुमार शर्मा एडवोकेट, रियाज आलम एडवोकेट, अकरम हाशमी एडवोकेट, काजी तनवीर आलम एडवोकेट, नीरज चौहान एडवोकेट, नसीम अहमद एडवोकेट, नौशाद अहमद एडवोकेट, सिराजुद्दीन एडवोकेट, मनोज कुमार एडवोकेट, तुलाराम सिंह एडवोकेट, दिनेश कुमार एडवोकेट, छत्रपाल सिंह एडवोकेट, विशाल कुमार एडवोकेट, आनंद कुमार एडवोकेट आदि उपस्थित रहे।

# बाइक अनियंत्रित होकर फिसलने से दो कांवड़ती घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** सावन के अंतिम दिन हरिद्वार से गंगा जल लेकर वापसी कर रहे चाचा भतीजा की बाइक अनियंत्रित होकर फिसल जाने के कारण दोनों कांवड़ती गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें राहगीरों की मदद से पुलिस द्वारा सीएचसी अफजलगढ़ भर्ती कराया गया, जहां एक व्यक्ति को हायर सेंटर रेफर कर दिया।

मिली जानकारी के अनुसार दिनेश कुमार (40 वर्ष) पुत्र हरिचरन व आकाश कुमार (27 वर्ष) पुत्र महिपाल निवासी चैती चौराहा काशीपुर (उत्तराखंड) सोमवार को सावन के अंतिम दिन हरिद्वार से गंगा जल लेने कर गंतव्य की ओर वापस लौट रहे थे कि राष्ट्रीय राजमार्ग 734 पर आलमपुर गांवड़ी के समीप बाइक अनियंत्रित होकर सड़क पर गिरने से दोनों बाइक सवार कांवड़ती घायल हो गए। राहगीरों व पुलिस की मदद से घायलों को सीएचसी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सक खालिद अख्तर द्वारा आकाश कुमार को हायर सेंटर रेफर कर दिया।

# सावन के आखिरी सोमवार को शिव मंदिर में उमड़े भक्त



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** सावन मास के अंतिम सोमवार को नगर में शिवभक्ति का अद्भुत नजारा देखने को मिला। प्रात:काल से ही रिमझिम बारिश हो रही थी, लेकिन श्रद्धालुओं की आस्था इतनी दृढ़ थी कि बारिश उनके कदमों को मंदिरों तक पहुँचने से रोक नहीं सकी। नगर के शिवालयों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी रही। हर गली, हर मोहल्ले से शिवभक्त जलकलश लेकर मंदिरों की ओर बढ़ते दिखाई दिए।

श्रद्धालुओं की भीड़ प्राचीन शिव मंदिर में देखी गई। जहाँ भक्तों ने लंबी कतारों में खड़े होकर जलाभिषेक किया और भगवान भोलेनाथ से सुख-समृद्धि की कामना की। पंडित हर शर्मा ने बताया कि सावन का अंतिम सोमवार अत्यंत पुण्यदायक होता है। आज की बारिश भी भक्तों की आस्था को नहीं डिगा पाई। सुबह 4 बजे से ही मंदिर में रुद्राभिषेक प्रारंभ हो गया था और भक्त लगातार दर्शन कर रहे हैं।

इस अवसर पर नगर के अन्य प्रमुख मंदिरों पंजाबी कॉलोनी शिव मंदिर, चामुंडा देवी मंदिर, श्री राम मंदिर, ठाकुरद्वारा बजरिया मंदिर, बड़ा शिव मंदिर, राधा कृष्ण मंदिर आदि में भी श्रद्धालुओं की अपार भीड़ उमड़ी रही। श्रद्धालुओं ने बेलपत्र, दूध, जल, धतूरा, भांग और फूलों के साथ भोलेनाथ का जलाभिषेक किया।

श्रद्धालुओं में महिलाओं और युवाओं की सहभागिता भी उल्लेखनीय रही। सुबह से ही मंदिरों में 'हर-हर महादेव' और 'बोल बम' के जयकारे गूंजते रहे, जिससे पूरे नगर का वातावरण भक्तिमय बन गया। कई स्थानों पर भजन-कीर्तन, हवन और प्रसाद वितरण की व्यवस्था भी की गई थी। पुलिस प्रशासन और मंदिर समितियों की ओर से श्रद्धालुओं की सुरक्षा व व्यवस्था को लेकर सतर्कता बरती गई। स्वयंसेवकों ने लाइनें बनवाकर दर्शन कराए और बारिश के चलते फिसलन वाले स्थानों पर विशेष ध्यान रखा गया।

बारिश के बावजूद पूरे नगर में शिवभक्ति का उमंग, श्रद्धा और उल्लास देखने लायक था। भक्तों ने कहा कि सावन का महीना भगवान शिव को अत्यंत प्रिय होता है, और अंतिम सोमवार को जलाभिषेक करने से विशेष फल की प्राप्ति होती है।

# पश्चिम उप्र में भी स्थापित हो हाईकोर्ट बेंच

**अधिवक्ताओं ने पीएम के नाम एसडीएम को सौंपा ज्ञापन**

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** उच्च न्यायालय बैंच स्थापना की मांग ने ज़ोर पकड़ लिया है। महाराष्ट्र के कोल्हापुर में चौथी बैंच की घोषणा पर अधिवक्ताओं में गहरा रोष प्रकट किया और लाखों की आबादी वाले क्षेत्र पश्चिमी उत्तर प्रदेश में बैंच की स्थापना में भेदभाव करने का आरोप लगाकर प्रर्दशन किया। जबकि प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन उपजिलाधिकारी को सौंपा।

केन्द्र सरकार द्वारा महाराष्ट्र के कोल्हापुर में छह जिलों के लिए हाईकोर्ट बैंच की घोषणा की गई है। जबकि पश्चिमी उत्तर प्रदेश में उच्च न्यायालय की बैंच की स्थापना की मांग बरसों से की जा रही है, लेकिन किन्ही न किन्ही कारणों से मांग को पूरा नहीं किया जा रहा है। इसी के विरोध में अधिवक्ताओं में रोष फैल गया। जिला बार एसोसिएशन के सदस्यों ने विरोध में प्रर्दशन किया और प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपकर कहा कि महाराष्ट्र राज्य में चौथे बेंच की स्थापना कर दी गई जो केवल छह जिलों के लिए और 1.64 लाख की आबादी है। जबकि प्रदेश में 22 जिलों की आबादी सात करोड़ से भी ज़्यादा है लेकिन दुख की बात है कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश में अभी तक बैंच की स्थापना नहीं की गई है। ज्ञापन में अतिशीघ्र बैंच की स्थापना करने की मांग करते की।

ज्ञापन में प्रधानमंत्री से महाराष्ट्र के कोल्हापुर की तरह आम हुए आम जनता को सस्ता व सुलभ न्याय हेतु इस आशय का दिया जाय। ज्ञापन में प्रधानमंत्री से डोर स्टेप के सिद्धांत पर बैंच/खंडपीठ दी गई है उसी प्रकार पश्चिमी उत्तर प्रदेश में भी बैंच की स्थापना की जाये। ज्ञापन में जिला बार एसोसिएशन की ओर से हाईकोर्ट बैंच स्थापना को केन्द्रीय संर्घष समिति के प्रस्ताव का सर्मथन किया गया। जबकि बैंच स्थापना न किए जाने पर अधिवक्ताओं ने विरोध प्रर्दशन भी किया। इसके अलावा अधिवक्ताओं ने बैंच न बनाने के विरोध में अदालतों में भी कार्य नहीं किया। साथ ही पश्चिमी उत्तर प्रदेश में बैंच स्थापना करने का सर्मथन करते रहने का निर्णय लिया। इस मौके पर जिला सिविल बार एसोसिएशन के अध्यक्ष मौहम्मद इस्लाम, सचिव उमर अल्वी, जिला सिविल कोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अब्दुल जब्बार, मौहम्मद नईम, मौहम्मद नवाज, खुर्शीद अहमद,मौ. याहिया खान मुबश्शिर हुसैन, मौ. सादिक, जसवीर सिंह यादव,असद हुसैन, रफत अली,चौधरी नदीम आदि अधिवक्ता मुख्य रूप से मौजूद रहे।



सम्भल- कोल्हापुर की तरह पउप्र. में हाईकोर्ट बेंच की मांग को पीएम के नाम उपजिलाधिकारी को ज्ञापन देते अधिवक्ता।

## स्थानांतरित दरगाह में बारिश का पानी घुसने से कार्य रोका

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** देर रात्रि शुरू हुई बारिश का पानी दरगाह में घुस गया। इससे स्थानांतरण कार्य रोकना पड़ गया।

बहजोई रोड हयात नगर थाने से चंद दूरी पर स्थित याकूब शाह की दरगार अतिक्रमण की जद में आने पर हटाने के आदेश दिए गए थे। मस्जिद व दरगाह इंतेजामिया कमेटी की और से मस्जिद में तोडफोड़ कर दी थी लेकिन दरगार और उसके अंदर मजार को सुरक्षित दूसरी जगह शिफ्ट करने का ठेका दे दिया गया था। ठेकेदार ने मज़ार और दरगाह की इमारत को बिना किसी नुक्सान व अकीदत के साथ शिफ्ट करने का काफी काम पूरा कर लिया जबकि कुछ काम अभी बाकी रह गया है। कार्य में लगी कार्यदायी संस्था अपना काम तेजी से कर रही थी, लेकिन रविवार/सोमवार की देर रात्रि से हुइ मूसलाधार बारिश का पानी दरगाह में घुस गया। पानी भर जाने से कायदायी संस्था को कार्य रोकना पड़ गया। प्रशासन की ओर से दिए गए समय में कुछ ओर विलम्ब होगा।

# भूजल को दूषित कर रहा था वाशिंग प्लांट

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** भूजल को दूषित कर रहे जींस वाशिंग प्लांटों पर प्रशासनिक शिकंजा जारी है। नगर मजिस्ट्रेट के नेतृत्व में की जा रही कार्यवाही पर दो ओर वाशिंग प्लांटों पर छापा मारा गया। एक प्लांट का जनरेटर को सील कर दिया जबकि वहां मिले घरेलू रसो गैस सिलेंडर की सूचना आपूर्ति विभाग को दी गई।

सोमवार को जिलाधिकारी डा. राजेन्द्र पैंसिया द्वारा नगर मजिस्ट्रेट सुधीर कुमार के नेतृत्व में गठित टीम ने मौहल्ला पंजू सराय में कब्रिस्तान वाले मार्ग पर जींस कारखाने का निरीक्षण किया। टीम ने पुराने अहाते के निकट स्थित अनिल और मौहम्मद हाशिम के जींस करखाने पर की गई जांच में प्लांट संचालन को किसी तरह की कोई अनुमति किसी भी विभाग की ओर से नहीं ली गई थी,जबकि कारखाने में हानिकारक रंगों का इस्तेमाल किया जा रहा था। कैमिकल और रंगों के पानी के निस्तारण की कोई व्यवस्था वाशंग प्लांट स्वामियों की ओर से नहीं की गयी थी। कैमिकलयुक्त पानी को नालियों में बहाया जा रहा था। जिससे भूजल को काफी नुक्सान हो रहा था जबकि भूजल दूषित होने से लोगों में जानलेवा बीमारियां पनपने की उम्मीदें बढ़ती जा रही थीं। नगर मजिस्ट्रेट सुधीर कुमार ने बताया कि जनपद में बड़ी संख्या में जींस वाशिंग प्लांटों का संचालन किया जा रहा है। जिनमें कैमिकल और हानिकारक रंगों का इस्तेमाल कर उसका दूषित पानी नालियों में बहाया जा रहा है। जिले भर में भूजल दूषित कर रहे वांशिंग प्लांटों पर जिलाधिकारी ने निरीक्षण करन और मानकों की अंदेखी करने वालों के खिलाफ कार्यवाही करने के निर्देश दिए थे। उन्होने बताया कि सोमवार को पुजू सराय/तश्तपुर में संचालित हाशिम और अनिल के वाशिंग प्लांट पर कैमिकल भरे ड्रम मिले जबकि उसका पानी नाली में बहता हुआ पाया गया। इसके अलावा प्लांट में घरेलू रसोइ गैस सिलेंडरों का भी प्रयोग किया जा रहा ाा। मोके पर कई सिलेंड मिलने पर इसकी सूचना आपूर्ति विभाग को दे दी गई है। टीम ने प्लांट के जेनरेटर को सील कर दिया साथ कारखाने के अन्य सामान को प्लांट स्वामी की सुर्पदगी में दे दिया गया। इसके अलावा विद्युत लाइन को प्रथक कर दिया।



सम्भल-पंजू सराय तश्तपुर में वाशिंग प्लांट का निरीक्षण करते नगर मजिस्ट्रेट।

# एकजुट होकर किसानों के हितों की उठाएं आवाज

**भाकियू बीआरएसएस की बैठक में जनसभा सफल बनाने का आहवान**

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** भारतीय किसान यूनियन बी आर एस एस की जन जागरण बैठक का आयोजन किया गया।

ग्राम सलखना, लखौरी, सेंडा में आयोजित बैठक में जिलाध्यक्ष कामेन्द्र चौधरी ने कहा कि संगठन द्वारा 12 अगस्त को चमरौआ में होने वाली विशाल जनसभा कारे सफल बनाने के उद्देश्य से गांव-गांव जन जागरण बैठक का आयोजन किया जा रहा हैं जनसभा को संगठन के राष्ट्रीय संरक्षक प्रोफेसर विनोद नागर सम्बोधित करेंगे। उन्होने कहा कि संगठन हमेशा से ही किसान के हित की लड़ाई लड़ते हुए समाधान कराने को हमेशा अग्रसर रहा है। समस्याओं से निजात पाने के लिए एकजुट होना आवश्यक है। साथ ही किसानों के हितों और उनकी समस्याओं को आवाज उठाकर एकजुट होने की आवाज बुलंद की। बैठक में कार्यकर्ताओं से अधिक से अधिक संख्या में जन सभा में पहुंचकर सफल बनाने का भी आहवान किया। इस मौके पर मुख्य रूप से शिवनारायण सैनी, अनमोल कुमार, सुभाष चाहल, मेंहदी हसन, प्रवेन्द्र यादव, सुफियान पाशा, चौ.संतवीर सिंह, रोहित सिदधू, बंटी चौधरी, जयवीर सिंह उर्फ नन्हे, मौ. फरकान अली, जोगिन्दर सिंह, संजय शर्मा, डालचंद सिंह, मौ. हसन, चौ. कल्लू सिंह, दाऊद अली, नन्हे अली, चन्द्रकेश यादव, गौरव चौधरी, श्रृषिपाल यादव, हरवेन्द्र चौधरी व महिला कार्यकर्ता कांता चौधरी आदि मौजूद रहे।

## मंदिर व आश्रम का दानपात्र व घंटे ले गए चोर

शाह टाइम्स,संवाददाता

**बबराला।** खेरेश्वर महादेव व आश्रम पर बीती रात चोरों ने दान पात्र व घंटा चोरी कर लिये। आश्रम पर सोने वाली महिला ने घटना की तहरीर पुलिस चौकी बबराला पर दी है।

बीती रात्रि खेरेशवर महादेव मंदिर आश्रम पर मुन्नी देवी पत्नी स्व. महेन्द्र निवासी बाघऊ ने बबराला चौकी में दी तहरीर में कहा है कि वह बीती रात आश्रम पर सो रही थी। तभी अज्ञात चोरों ने ताला तोड़कर मंदिर के घंटे व दानपात्र चुरा लिया। वह डर के मारे चुप रही। पुलिस का कहना है कि घटना की जांच कर कार्रवाई अमल में लाइ जा रही है।

## बम-बम भोले के जयकारों से गूंजे शिवालय

**बबराला ( शाह टाइम्स,संवाददाता )।** क्षेत्र के शिवालयों में बम-बम भोले के जयघोष गूंजे। सभी कष्टों को हरने वाले भगवान शिव का सावन माह प्रिया है। भगवान शिव को ये माह इसलिए प्रिय है,क्योंकि इस माह बारिश होती है। पंडित श्याम हरि ने बताया कि शिव जी को इस माह बारिश के चलते ठंडक औ सुकून मिला ाा। जिससे उन्हे ये माह ज्यादा प्रिय है। शिव जी को सावन माह में जलाभिषेक का बड़ा मरळतव है। अगर भक्तजन जल पंचामर्त दूध का अभिषेक करें तो उनकी सभी मनोकामना पूर्ण हो जाती है। सावन माह के प्रत्येक सोमवार का अपना महत्व है। इस माह का हिंदू धर्म में विशेष महत्व है। भगवान शिव की आराधना से कष्टों को छुटकारा मिलता है। कांवरिये अधिक संख्या में कांवर भरकर चढ़ाते हैं।

# एमएसपी गारंटी कानून को किया जाए लागू

**भाकियू तराई की महापंचायत में की गई मांग**



सम्भल-ग्राम सैफ खां सराय में तरई किसान यूनियन के अध्यक्ष सम्बोधन करते।

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** तराइ किसान यूनिय की किसान महापंचायत में राष्ट्रीय अध्यक्ष ने अनेको समस्याओं पर चर्चा की और सरकार से समस्याओं का समाधान करने की मांग की।

ग्राम सैफ खां सराय स्थित मौहम्मद नदीम किदवई प्रधान के स्थान पर आयोजित महापंचायत को राष्ट्रीय अध्यक्ष तेजिंदर सिंह विंक ने सम्बोंधित किकया। उन्होने कहा कि सरकार ने चुनाव के समय एमएसपी गारंटी कानून सी टू प्लस 50 प्रतिशत फार्मूले के साथ देने और किसानों की आये दोगुनी करने आदि वादे किए थे,लेकिन सत्ता में आते ही सरकार अपने वादों को भूल गयी है। उन्होन स्मार्ट मीटर पर रोक लगाने की मांग करते हुए कहा कि किसानों की कर्ज माफी पूर्ण रूप से होनी चाहिए जबकि किसानों की आय दोगुनी होने के साथ कृषि यंत्र उपकरणों को पूर्ण रूप से जीएसटी को खत्म करने तथा बिजली विभाग की अनियमित लूटमार को रोकने और बिजली आपूर्ति हर जगह सभी के लिए उपलब्ध होने तथा लगातार विश्वनीय रहनी चाहिये। उन्होने कृषि बीज और खाद डीएपी की काला बाज़ारी बंद करने तथा सरकार खाद विक्रेता के पास खाद की मात्रा पूरी होने पर ज़ोर दिया। साथ ही सहकारी खाद विक्रेता के पास भी खाद की मात्रा पूरी होने एवं यूरिया खाद के साथ निजी विक्रेता द्वारा अतिरिक्त सामग्री बेचना एक अवैध व्यवहार है इस व्यवहार को रोकने के लिए पूर्ण रूप से प्रतिबंध लगाने की मांग की। इस मौके पर प्रदेशाध्यक्ष खालिद पाशा, प्रदेश सचिव रफी खान, प्रदेश महामंत्री नबील अहमद,मंडल अध्यक्ष आमिर प्रधान, जिलाध्यक्ष मौहम्मद नदीम खान, युवा जिलाध्यक्ष मौहम्मद नदीम किदवई, वीरेन्द्र गुप्ता,अजय कुमार, हाजी जर्रार, रजा खान, कलीम खान, मेंहदी हसन, नवीन कुमार,मुजफ्फर खान, वसीम, सदाकत हुसैन, बाबू प्रधान, मुबीन, जुनैद, जमीर, शफीक मंसूरी, तातलब प्रधान, धीरेन्द्र यादव, प्रेमपाल यादव, इब्राहीम खान, नदीम पाशा, खलील खान आदि मौजूद रहे।

## रंगोली में बनियाखेड़ा को मिला प्रथम स्थान

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** सम्पूर्ण अभियान सम्मान समारोह एवं आकांक्षा हाट कार्यक्रम में बाल विकास पुष्टाहार विभाग की ओर से रंगोली प्रतियोगिता कराई गई। प्रतियोगिता में रंगोली में प्रथम बाल विकास परियोजना बनियाखेड़ा को मिला।

## एक नज़र इधर भी



### रोटरी क्लब सदस्यों ने की कांवड़ियों की सेवा

**सम्भल।** रोटरी क्लब मिडटाउन के तत्वावधान में सावन माह के आखिरी सोमवार पर कांवरियों की सेवा की। नगर के सूर्यकुंड मंदिर पर क्लब के सभी सदस्यों ने कांवड़ भक्तों को अल्पहार, फल,शुद्ध जल वितरित किया। जबकि इसके बाद सुरक्षा व्यवस्था के लिए मौजूद पुलिस कर्मियों को भी फल और जल का वितरण किया।क्लब अध. डा. प्रशांत वार्ष्णेय ने बताया कि सावन माह का पवित्र महीना चल रहा है। दूर-दूर से श्रृद्धालु गंगा जल लाकर शिवलिंग पर अर्पित कर रहे है। इस दौरान सुमित अग्रवाल, अलोक गुप्ता, वेद प्रकाश चाहल आदि मौजूद रहे।



### डीएम ने किया बाढ़ प्रभावित इलाके का निरीक्षण

**बबराला ( शाह टाइम्स,संवाददाता )।** जनपद में बाढ़ की विभीषिका से निपटने को तैयारियां तेज हो गयी है। जिलाधिकारी ने गंगा में बढ़ते जल स्तर पर बाढ़ प्रभावित इलाकों का निरीक्षण कर तैयारियों का जायजा लिया। पूर्व वर्षों में पहाड़ों पर हुई भयंकर बारिश और पानी छोड़े जाने से गंगा का जल स्तर खतरे के निशान को पार कर गया था। जबकि बाढ़ आ जाने से गंगा किनारे बसे गांवो और आसपास के क्षेत्र काफी प्रभावित हुए थे। पहाड़ों पर निंरतर हो रही बारिश के कारण गंगा का जल स्तर लगातार बढ़ता जा रहा है। बाढ़ की विभीषिका का सामना न करना पड़े। इसे लेकर प्रशासनिक स्तर पर तैयारियों के साथ वैल्पिक व्यवस्थाएं पूरी कर ली गई है। सोमवार को जिलाधिकारी डा. राजेन्द्र पैंसिया ने गुन्नौर थाना क्षेत्र के ग्राम ईसमपुर डांडा में बाढ़ प्रभावित इलाके का निरीक्षण किया। इस दौरान जिलाधिकारी ने गंगा के जल स्तर को लेकर जानकारी ली। तथा सम्बंधित को आवश्यक निर्देश दिए। डीएम ने स्पर (ठोकर) बनाने तथा सड़क कटान के पास बांव बल्ली लगाने और तटबंध को लेकर भी निर्देश दिए। इस मौके पर अपर जिलाधिकारी प्रदीप वर्मा, उपजिलाधिकारी वंदना मिश्रा, अधिशासी अभियंता सिंचाई विभाग बाढ़ खंड क्षेत्र बदायूं एवं सम्बंधित अधिकारी मौजूद रहे।

### पति व्रत सबसे बड़ा व्रत

**सम्भल ( शाह टाइम्स,ब्यूरो )।** श्रीचामुंडा देवी मंदिर पर चल रहा शिव महापुराण कथा के पांचवे दिन कथा वाचक अनंतदास महाराज ने पतिव्रता की महिमा बतायी। उन्होने कहा कि पति व्रत सबसे बड़ा व्रत है। अगर कोई इस पतिव्रत को निभाता है तो उसे भगवत की प्राप्ति हो जाती है। इसके साथ ही गणेश जी जन्मोत्सव को ढूंढा से मनाया गया। जबकि जालंधर उद्वार का उद्वत वणन किया। सोमवार को कथा के यजमान अजय कुमार गुप्ता एवं प्रमिला गुप्ता रहे। प्रसाद की सेचा सचिन द्वारा की गई। इसके अलावपा महंत मुरली सिंह, मनोज कुमार गुप्ता, राम किशन ठकराल, मयंक गुप्ता, विनोद कुमार, आशुतोष कुमार, रजनीकांत चैहान, योगिता गुप्ता आदि का विशेष सहयोग रहा।

### बारिश से शहर हुआ पानी-पानी

**सम्भल ( शाह टाइम्स,ब्यूरो )।** रात्रि के अर्द्ध पहर शुरू हुई बारिश से शहर पानी-पानी हो गया। गली और मौहल्लों के साथ मुख्य मार्गों पर जल भराव से छोटे वाहनों को काफी दुशवारियों का सामना करना पड़ा। जबकि पैदल चलने वाले राहगीरों को तालाब जैसे हालात से गुज़रना पड़ा। सोमवार की रात्रि के अर्द्ध पहर शुरू हुई बारिश का सितम सुबह तक जारी रहा। मूसलाधार बारिश से हर जगह जल भराव रहा। नगर क्षेत्र में हुई बारिश से निचले स्थानों पर पानी भर जाने के कारण आवागमन बंद हो गया। जबकि छोटे दो पहिया वाहनों और ई रिक्शा अधिक पानी में बंद हो गए। इसके अलावा नगर के कई मुख्य मार्गों पर जल भराव के कारण लोगों को आवागमन में अत्याधिक परेशानी का सामना करना पड़ा। इसके अलावा बारिश से नाले और नालियां भी उफन गई। बारिश के थमते ही जगह-जगह हुआ जल भराव खत्म होने पर मार्ग पर आवागम सुचारू हो सका।

# यूरिया बैग 600 में देने की राभद्रप की शिकायत पर दुकान सील

**शिकायत पर अपर कृषि अधिकारी व नायब तहसीलदार ने मारा था छापा**

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** जनपद में यूरिया खाद की किल्लत और प्राईवेट दुकानदारों की मनमानी से किसान परेशान है। सोमवार को तहसील क्षेत्र के कैलादेवी पर एक निजी दुकानदार द्वारा 600 रूपये प्रति यूरिया का बैग देने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। शिकायत पर नायब तहसीलदार और उप कृषि अधिकारी मौके पर पहुंच गए। दोनों अधिकारियों ने किसानों से पूछताछ की तथा जांच कर दुकान को सील कर दिया।

कैलादेवी पर थाना मार्ग पर बनी एक निजी दुकानदार द्वारा सोमवार को 600 रूपये बेचा जा रहा था। किसान यूरिया खाद लेने के लिए पहुंचे तो किसी ने एक वीडियो बनानी शुरू कर दी। वीडियो में एक युवक खाद लेकर बाहर निकला तो उससे पूछताछ की गई। उसने भी 600 रूपये प्रति किलो बैग बताया। इस पर किसानों ने हंगामा शुरू कर दिया। उच्चाधिकारियों से शिकायत की तो मुख्य विकास अधिकारी ने जल्द ही टीम गठित कर जांच के लिए भेज दिया। टीम में नायब तहसीलदार ओर अपर जिला कृषि अधिकारी मौके पर पहुंच गए। दोनों ही अधिकारियों ने दुकानदार से लाइसेंस के बारे में पूछताछ की जबकि मौजूद दवाइयों और यूरिया के बैगों की संख्या देखी। इसके अलावा वहां मौजूद किसानों से भी पूछताछ की। जांच के बाद दुकान को सील कर दिया गया। बता दें कि जनपद में खाद की किल्लत और उर्वरक की ब्लैक मार्केटिंग तथा किसानों से अधिक वसूली पर किसान संगठन रोष व्यक्त कर धरना-प्रर्दशन भी कर चुके हैं लेकिन यूरिया और उर्वरक की ब्लैक मार्केटिंग रूक नहीं रही ह।।कसानों के लिए खाद की की किल्लत बन गई है। हर तरफ यूरिया खाद के लिए हाहाकार मचा हुआ है। समिति पर हज़ारों की संख्या में लाइन लगी रहती है तो वहीं निजी दुकानदारों की चांदी कट रही है। दुकानदार अपनी मनमानी करते हुए यूरिया का एक बैग 600 रूपये में बेच रहे हैं। दर असल राष्ट्रीय भ्रष्टाचार दमन परिषद की ओर से खाद वितरण में धांधली व निर्धारित मूल्य से अधिक में बेचे जाने की शिकायतों पर अधिकारियों को सूचना दी जा रही है। राभद्रप की सूचना पर अपर जिला कृषि अधिकारी और नायब तहसीलदार की टीम ने छापा मार कार्रवाई कर दुकान को सील किया।



सम्भल-यूरिया अधिक रेट पर बेचे जाने की सूचना पर पहुंचे राभद्रप कार्यकर्ता।

# बाबा महाकाल की निकाली शाही सवारी

**सवारी का जगह-जगह हुआ भव्य स्वागत**

शाह टाइम्स संवाददाता

**बबराला।** गुन्नौर में बाबा महाकाल की शाही सवारी निकाली गई। आसपास के गांव से भी लोग इस आयोजन में शामिल हुए।

नगर में बैंड बाजे के साा महाकाल की सवारी पालकी में सवार महादेव की पूजा अर्चना की गइ। शोभायात्रा मौहल्ला जुलेहपुरा में तहसील तिराहा, सदर बाजार, मौहल्ला सराय के बाद शिव मंदिर पर आकर समापन हुआ।नगर में भ्रमण करने के बाद शिव मंदिर पर समाप्त हुई। याोभायात्रा का जगह-जगह स्वागत किया। सवारी के साथ बड़ी संख्या में लोगों ने शोभायात्रा का स्वागत किया। इस दौरान संजीव अग्रवाल, अंकुर अग्रवाल, राजीव अग्रवाल, कुमोद वार्ष्णेय, विवेक, ाशिवरतन, अतुल माथुर, सतीश भोला, अन्नू, कार्तिक, रविराज गुप्ता, आंचल, संगीता, रेनू, परी, ग्रगादेवी आदि शामिल रहे।

## जर्जर तार टूटकर गिरने से 10 वर्षीय मासूम झुलसा

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** हजरत नगर गढ़ी थाना क्षेत्र के ग्राम मंगनपुर में जर्जर बिजली का तार टूटकर गिर गया। चपेट में आकर अयान (10) झुलस गया। उसे अस्पताल लाया गया।

# डीएम व एसपी ने किया चौकी का निरीक्षण

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** नगर की पुलिस चौकी को थाना बनने की कवायद शुरू हो गई है। जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने संयुक्त रूप से चौकी का निरीक्षण किया और अधीनस्थों को निर्देश दिए।

सोमवार को जिलाधिकारी डा. राजेन्द्र पैंसिया व पुलिस अधीक्षक के के विशनोई बबराला पुलिस चौकी का निरीक्षण करने पहुंचे। डीएम और एसपी ने संयुक्त रूप से पुलिस चौकी का निरीक्षण कर चौकी में कमरे के निर्माण और टिन शेड आदि को देखा। जबकि अधीनस्थों से जानकारी दी। चौकी इंचाज विशाल शर्मा ने बताया कि अधिकारियों ने चौकी का निरीक्षण कर लिया है। फिलहाल चौकी से ही थाना संचालन की प्रक्रिया चलेगी। फिर स्थायी स्थान पर थाना स्थापित होगा। इस मौके पर गन्नौर कोतवाल अखिलेश प्रधान ने बताया कि थाना बनाने की प्रक्रिया चल रही है। बबराला चौकी से ही फिलहाल थाने का संचालन होगा। इसकी प्रक्रिया भी लगभग परी हो चकी है। इस दौरान पूर्व विधायक अजीत कुमार राजू यादव, उपजिलाधिकारी वंदना मिश्रा, सी ओ दीपक तिवारी व पुलिस स्टाफ मौजूद रहा।



बबराला- पुलिस चौकी का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लेते डीएम व एसपी।

# डाक कांवड़ लेकर आई महिलाओं का स्वागत

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** डांक कांवर लेकर पहुंचा महिला टीम के जत्थे का स्वागत किया जबकि महिला कांवरतियों ने शिव मंदिर पर पहुंचकर जलाभिषेक किया।

ग्राम मौहम्मदपुर टांडा में कांग्रेस महिला मोर्चा की निर्वतमान जिलाध्यक्ष मीनू शर्मा के नेतृत्व में जत्था डांक कांवर लेने बृजघाट के लिए रवाना हुआ था। सोमवार को महिलाओं का जत्था बृजघाट से पवित्र गंगा जल लेकर लौटा। महिलाओं ने शिव मंदिर पर पहुंचकर जलाभिषेक किया ओर देश में अमन चैन व सुख समृद्धि की कामना करते हुए भोलेनाथ से प्रार्थना की। ग्रामीणों ने महिला जत्थे की प्रशंसा करते हुए उनका हर्षोल्लास के साथ स्वागत सत्कार किया। इस दौरान जत्थे में प्रियांशी शर्मा, सुहानी शर्मा,मानवी चौधरी, मोहनी चौधरी, सिमी चौधरी, खुशी चौधरी, महक चौधरी, मीनाक्षी चौधरी, सानिया चौधरी, बबीता शमा, प्रतीक्षा शर्मा, चन्द्रकांत शर्मा, सुरभि जोशी, मिथिलेश जोशी, कुसुम चौधरी, अघोरी कश्यप, राधिका गिरि आदि रहीं। जबकि विजय शर्मा, मुनेश कुमार जोशी, ठाकुर दुष्यंत कुमार सिंह, सुदीस शर्मा, विवेक चौधरी, अनिकेत चौधरी सहयोगी रह।



# बारिश पड़ते ही सड़कें हुई पानी-पानी

■ वाहनों के निकलने में रही दुश्वारियां



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांठ।** बारिश पडते ही कांठ स्योहारा मार्ग पानी पानी हो गया जिससे निकलने में वाहनों को दुश्वारियो का सामना करना पड़ा है। आधी रात को शुरू हुई बारिश से सुबह तक खेत खलिहान सब भर गए इससे किसानों के चेहरे खिल उठे किसानों ने इस बारिश को गन्ना और धान के लिए मुफीद बताया किसानो का कहना था की बरसात के सीजन की यह पहली बारिश है। जिससे खेतों में भली प्रकार पानी भरा है।

वहीं दूसरी ओर सड़कों पर जगह-जगह हुए जल भराव से वाहन चालकों को भारी दुश्वारियो का सामना करना पड़ा कांठ स्योहारा मार्ग पर नए गांव के सामने सड़क नदी में तब्दील हो गई। वहां पर पानी के तेज बहाव के कारण लहरें उठती दिखाई दी जिसमें निकलने वाले वाहनों को बड़ी दुश्वारियां से गुजरना पड़ा कई वाहन पानी भर जाने के कारण खराब हो गए।

जिन्हें वाहन चालकों ने धकेल कर पानी से बाहर किया और पानी सूखने के बाद अपने वाहनों को लेकर वहां से निकल गए। कुल मिलाकर अचानक हुई बारिश जहां किसान और किसानी के लिए मुफीद बताई जा रही है वहीं वाहन चालकों को जगह-जगह पर बारिश से परेशानियों का भी सामना करना पड़ा है।

# हर-हर महादेव के जयकारों संग प्रारंभ हुआ जलाभिषेक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** मौहल्ला कजल बाशान गंज स्थित श्री शिव मंदिर (पीपल वाले) में कांवड़ियों द्वारा ब्रजघाट से लाया गया गंगा जल प्रात: शिवलिंग पर हर-हर महादेव के जयकारों संग पूजन पुरोहित अनुज भारद्वाज द्वारा विधिवत कराकर प्रारंभ किया। शिव भक्तों ने कतार बध खड़े होकर घंटे बजाते हुए जलाभिषेक कर सब के लिए सुख समृद्वि के लिये भोले बाबा से प्रार्थना की। व्यवस्था में प्रबंधक अतुल जौहरी के साथ राहुल गुप्ता, पारूल गुप्ता, मनी, गौरव विशाल गुप्ता, वरूण गुप्ता, शशांक गुप्ता, गोपाल शर्मा, हनी रस्तौगी आदि ने सहयोग किया।

# चोरी की अफवाहों को लेकर पुलिस ने ग्रामीणों संग की मीटिंग



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मूंढापांडे।** उत्तर प्रदेश भाजपा सरकार के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के ड्रोन तथा चोरियों से संबंधित झूंठी अफवाहों को फैलाने वालों के खिलाफ एनएसए लगाए जाने तक की कार्रवाई वाले बयान आने के बाद से पुलिस सतर्क हो गई है।

सोमवार की शाम को मूंढापांडे थाना प्रभारी राजीव कुमार शर्मा ने मूंढापांडे ब्लॉक सभागार में ग्रामीणों के साथ बैठक ली और कहा कि ड्रोन और चोरी की झूंठी अफवाहें फैलाने वालों के साथ सख्त कानूनी कार्यवाही की जाएगी, अगर कोई व्यक्ति किसी भी व्यक्ति को चोर समझकर मारता पीटता है तो उसके खिलाफ कार्यवाही की जाएगी, अगर कोई संदिग्ध व्यक्ति ग्रामीणों को दिखाई दे तो तुरंत पुलिस को सूचित करें न कि उसके साथ मारपीट करें ऐसी स्थिति में पुलिस को तुरंत सूचना दें,उस व्यक्ति के साथ मारपीट की तो आपके खिलाफ एनएसए तक की कार्यवाही होनी तय है,थाना प्रभारी ने बताया कि पूर्व में ब्यौरो मैजिक चालक अब्बास निवासी दलपतपुर के साथ मिलक अक्का डिलारी में कुछ लोगों ने चोर समझकर मारपीट की थी, मारपीट करने वाले 25 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था, कोई भी व्यक्ति ड्रोन तथा चोरी की झूंठी अफवाह फैलाता है तो उसके खिलाफ सख्त से सख्त कानूनी कार्यवाही की जाएगी,इस दौरान दलपतपुर चौकी प्रभारी गौरव कुमार, आकाश पाल त्यागी, सोनू कुमार, विकास चौधरी, कांस्टेबल देवेंद्र,दलपतपुर प्रधान नजर अली, सुनील कुमार, विशाल कुमार,सराफत अली, सुलेमान, शहजादे खां आदि मौजूद रहे।

# गांगन नदी पर पुल निर्माण को लेकर ग्रामीणों का प्रदर्शन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांठ।** गांगन नदी पर पुल निर्माण की मांग को लेकर आज ग्रामीणों ने प्रदर्शन किया और सरकार पर पल निर्माण की अनदेखी करने का आरोप लगाया। बतादे की कोठी खिदमतपुर से छजलेट संपर्क मार्ग पर देहरी जुम्मन गांव के पास गांगन नदी पर काफी समय पहले छोटा पुल बना हुआ था। जिससे होकर लगभग दो दर्जन गांवों के लोग अमरोहा सहित विभिन्न स्थानों पर आते जाते हैं। लेकिन कुछ साल पहले से इस पुल के बीच में गड्ढे पड़ गए जिनकी वजह से बरसात में पानी पुल पर आने के बाद गड्ढे दिखाई देने बंद हो जाते हैं और इसमें लोग दुर्घटना का शिकार हो जाते हैं। ग्रामीणों के मुताबिक इस गड्ढे में दो बच्चे भी डूब कर अपनी जान से हाथ धो चुके हैं ग्राम प्रधान अरुण कुमार का कहना है कि शासन में जिम्मेदारों से जब इस संबंध में बात होती है तो आश्वासन हर बार मिलता है।लेकिन पुल का निर्माण आज तक नहीं हो पाया है। भारतीय किसान यूनियन के नेता सुशील चौधरी ने कहा कि यदि पल का निर्माण या जीर्णोद्धार नहीं हुआ तो किसान यूनियन को आंदोलन करना पड़ेगा। इस मौके पर सत्येंद्र कालरा राजेंद्र सिंह अनुज कुमार हरिओम सिंह सचिन कुमार प्रमोद कुमार आदि काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# खतौनी दुरुस्तीकरण के लिए सप्ताह में दो दिन लगेगा कैंप

**कांठ।** खतौनी में हुई गलती को ठीक करने के लिए अब सप्ताह में दो दिन तहसील में कैंप का आयोजन किया जाएगा जिसमें अंश संशोधन नाम एवं अन्य गलतियों में सुधार किया जाएगा। उक्त जानकारी तहसीलदार कार्यालय द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से दी गई। बताया गया कि यह कैंप 10:00 बजे से दोपहर 2:00 बजे तक संचालित रहेगा इसमें किसी भी प्रकार की त्रुटि को ठीक कराने के लिए संबंधित व्यक्ति अपने आवश्यक अभिलेख सहित आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने मंगलवार व शुक्रवार को लगने वाले कैंपों में समस्त लेखपाल व राजस्व निरीक्षक को तहसील सभागार में उपस्थित रहने के निर्देश दिए। और क्षेत्र के लोगों से ज्यादा से ज्यादा संख्या में आकर अपनी खतौनी ठीक कराने का आह्वान किया।

# टीएमयू में ए न्यू पैराडाइम इन ट्रांसफॉर्मिंग एजुकेशन पर वर्चुअली संगोष्ठी आज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के फैकल्टी ऑफ एजुकेशन की ओर से एजुकेशन 5.0: ए न्यू पैराडाइम इन ट्रांसफॉर्मिंग एजुकेशन पर कल (आज) आयोजित ऑनलाइन नेशनल सेमिनार में धनमंजुरी यूनिवर्सिटी, मणिपुर के वाइस चांसलर प्रो. डबल्यू सी सिंह और जय मिनेश आदिवासी यूनिवर्सिटी, कोटा- राजस्थान के वीसी प्रो. डीपी तिवारी बतौर मुख्य अतिथि ऑनलाइन शिरकत करेंगे। इस नेशनल सेमिनार का शुभारम्भ प्रात: साढ़े दस बजे होगा। टीएमयू के बिजनेस इक्यूबेशन सेंटर और इंस्टिट्यूशन इन्नोवेशन काउंसिल के सहयोग से हो रहे इस सेमिनार में डॉ. बीआर आंबेडकर यूनिवर्सिटी, दिल्ली के डीन एकेडमिक्स अफेयर्स प्रो. सत्यकेतु सांकृत एवम् जेएनयू, दिल्ली के स्कूल ऑफ संस्कृत एंड इंडिक स्टडीज के प्रो. रामनाथ झा बतौर स्पीकर्स अनुभव साझा करेंगे। सेमिनार में टीएमयू के वीसी प्रो. वीके जैन, डीन एकेडमिक्स प्रो. मंजुला जैन, डीन स्टुडेंट्स वेलफेयर प्रो. एमपी सिंह आदि भी गरिमामयी मौजूदगी रहेगी। यह सेमिनार राजस्थान, मध्यप्रदेश, बिहार, उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र आदि के शिक्षाविदों, शोधार्थियों,




शिक्षक-प्रशिक्षकों और छात्रों को शिक्षा के उभरते स्वरूप, नवाचारों और चुनौतियों पर चर्चा करने के लिए एक साझा मंच प्रदान करेगा। सेमिनार के कन्वीनर एवम् फैकल्टी ऑफ एजुकेशन के प्रिंसिपल डॉ. विनोद कुमार जैन ने यह जानकारी देते हुए बताया, देश-विदेश के प्रख्यात शिक्षाविदों, नीति निर्माताओं और तकनीकी विशेषज्ञों की ओर से शिक्षा 5.0 का दर्शन और आवश्यकता, शिक्षण में कृत्रिम बुद्धिमत्ता का उपयोग, शिक्षा में मूल्य और नैतिकता का पुनर्स्थापन, छात्र-केंद्रित और परियोजना आधारित अधिगम, कौशल आधारित शिक्षा और रोजगार की दिशा सरीखे विषयों पर शोध पत्र प्रस्तुत किए जाएंगे। सेमिनार में शिक्षा 5.0 की अवधारणा और उसकी प्रासंगिकता पर गहराई से विचार-विमर्श होगा। सेमिनार की कोर्डिनेटर डॉ. सुगंधा जैन ने बताया, शिक्षा 5.0 में शिक्षक की भूमिका में बदलाव, प्रौद्योगिकी और कृत्रिम बुद्धिमत्ता का प्रयोग, एआई आधारित शिक्षण टूल्स, माइक्रोलर्निंग, मानव केंद्रित दृष्टिकोण और व्यक्तिगत सीखने के पथ को विशेष प्राथमिकता दी जाती है। ऑनलाइन शिक्षा, हाइब्रिड मॉडल, और नवीन मूल्यांकन प्रणाली जैसे विषयों को विशेष सत्रों में शामिल किया जाएगा।

# चिकित्सा अधीक्षक ने कर्मचारियों व अधिकारियों को दिए दिशा निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर राजपाल सिंह द्वारा सभी कर्मचारी अधिकारियों की एक बैठक की जिसमें सभी को जरूरी निर्देश दिए सभी अपना अपना काम समय पर करें सभी अधिकारी कर्मचारी अपनीअपनी ड्रेस में रहे समय से आए और कार्य के प्रति पूरी तरह से जिम्मेदार रहे। इसी के साथ बैठक में ही उपस्थित एएनएम द्वारा एवं समस्त स्टाफ द्वारा डॉक्टर राजपाल सिंह को बुके देकर सम्मानित किया गया। बैठक में सभी कर्मचारियों अधिकारियों की उपस्थिति रही। मुख्य रूप से डॉक्टर श्वेतांबरी त्यागी डा0 रेशम बजाहत डॉक्टर दुर्गेश्वर सिंह ब्लॉक प्रोग्राम मैनेजर चंचल सिंह




आजाद बीसीपीएम मनीष कुमार सानू कुमार अमित कुमार एएनएम आरती आशा सैनी विमलेश सागर बृजरानी नूर आदि सभी एएनएम उपस्थित रहे।

# तहसीलदार ने राजस्व वसूली की समीक्षा कर दिए निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांठ।** तहसीलदार राजकुमार सिंह ने संग्रह अमीनो को बुलाकर बैठक की और राजस्व वसूली के बारे में जानकारी करते हुए इसको शत प्रतिशत करने के निर्देश दिए उन्होंने कहा कि मिले लक्ष्य के मुताबिक हमें शत प्रतिशत वसूली कार्य पूर्ण करना होगा।

उन्होंने वसूली कम रहने पर अमीनो को कार्रवाई की चेतावनी भी दी। इस मौके पर तहसील के सभी अमीन मौजूद रहे।



# टिमिट के छात्र का 'प्राइमटेल फाइबकॉम लिमिटेड' में इंटर्नशिप के लिए चयन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** टिमिट के विद्यार्थियों के लिये वैश्विक कॉर्पोरेट कंपनीयों के द्वार हमेशा खुले हैं व सभी बड़ी कंपनियाँ टिमिट के विद्यार्थियों को अन्य संस्थानों की तुलना में वरीयता प्रदान करती है।

टिमिट के विद्यार्थियों की कार्पोरेट जगत में भारी माँग है। बडी कंपनियों में लगातार विद्यार्थियों का इंटर्नशिप के लिए चयन होना संस्थान, फैकल्टिज् व इंफ्रास्ट्रक्चर के साथ प्लेसमेंट सैल की उत्तम कार्य प्रणाली को दर्शाता है। इसी क्रम में प्रतिष्ठित कंपनी "प्राइमटेल फाइबकॉम लिमिटेड" ने टिमिट के बी.कॉम के छात्र वेदांत गोयल को मैनेजमेंट ट्रेनी-अकाउंट्स एंड फाइनेंस के पद पर ज्वाइनिंग प्रदान की है।इस अवसर पर टिमिट के प्रो. विपिन जैन डीन-फैकल्टी ऑफ कॉमर्स एण्ड मैनेजमेंट ने बधाई देते हुए कहा कि यह टिमिट के छात्रों के लिए गर्व का पल है। वेदांत गोयल ने अपने क्षेत्र में उच्चतम स्तर की कामयाबी हासिल की है। यह चयन विश्वसनीय कंपनी में अनुभव प्रदान करने और अपने सपनों को पूरा करने का सशक्त माध्यम है।हम उन्हें उभरते हुए बाजार में हर उपलब्ध अवसर का उचित लाभ उठाने के लिए प्रोत्साहित करते हैं और पूरी लगन व मेहनत से अपने सपनों को साकार करने के लिए प्रेरीत करते है।


वेदांत गोयल

इस अवसर पर टिमिट कार्पोरेट रिसोर्स सेन्टर के असि0 डायरेक्टर श्री आकाश भटनागर और टीएमयू कार्पोरेट रिसोर्स सेन्टर के जॉइंट डायरेक्टर श्री सिद्धार्थ सिंह ने कम्पनी के अधिकारियों का धन्यवाद व्यक्त किया व चयनित विद्यार्थी के उज्ज्वल भविष्य की हार्दिक बधाई दी व कहा कि टिमिट में पढ़ने वाले विद्यार्थियों के सुनहरे भविष्य को संवारने के लिए प्लेसमेंट सेल लगातार नामचीनी कंपनियों की प्लेसमेंट ड्राइव व इंटर्नशिप ड्राइव आयोजित करता रहेगा।

# 17 अगस्त को नगर में निकाली जाएगी राम डोल शोभायात्रा, कमेटी ने बैठक कर लिया निर्णय

**शाह टाइम्स संवाददाता**

कांठ।श्री कृष्ण जन्माष्टमी के उपलक्ष में श्री रामडोल शोभायात्रा 17अगस्त को धूमधाम के साथ निकाली जाएगी। रामडोल कमेटी के कोषाध्यक्ष प्रदीप कुमार बिश्नोई ने बताया कि श्री कृष्ण जन्माष्टमी उपरांत 71 वें वार्षिकोत्सव का शुभारंभ मुख्य अतिथि सपा विधायक कमाल अख्तर, वरिष्ठ भाजपा नेता मुकेश माहेश्वरी, पूर्व मंडल अध्यक्ष राजपाल सिंह द्वारा किया जाएगा। विशिष्ट अतिथि के रूप में सहकारी गन्ना विकास समिति कांठ के कुंवर सुरेंद्र सिंह विश्नोई, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष अजयवीर सिंह चौहान ऊर्फ पप्पू भैया, कुंवर आनंद बिश्नोई रहेंगे। श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर मोहल्ला घोसीपुरा स्थित शिव मोहिनी मंदिर पर 16 अगस्त दिन शनिवार को रात्रि में वृंदावन झांकियों के द्वारा सांस्कृतिक झांकियों का भव्य कार्यक्रम किया जाएगा। जिसका शुभारंभ मुख्य अतिथि के रूप मे ब्राह्मण महासभा के जिला अध्यक्ष भावेश शर्मा द्वारा किया जाएगा। इसके बाद 17 अगस्त को शाम 5:00 बजे से श्री रामडोल शोभायात्रा शिव मोहनी मंदिर से प्रारंभ होकर नेता उपदेश चौराहा,लाला न्यादर चौराहा,मेन बाजार, पुराना बस स्टैंड, पेट्रोल पंप तिराहा, रामलीला मंदिर, संत रविदास मंदिर, मोहल्ला पट्टीवाला होते हुए अपने गंतव्य स्थान पर पहुंचेगी। शोभायात्रा में मुख्य आकर्षण का केंद्र रामोतार बीन पार्टी दिल्ली एवं शाहबाद से नासिक मिलन ढोल ताशे रहेंगे। इस अवसर पर, अध्यक्ष राकेश कुमार, उपाध्यक्ष संजय लंबरदार, कोषाध्यक्ष प्रदीप कुमार गुड्डू, राजेंद्र बिश्नोई, पूर्व अध्यक्ष शनि बिश्नोई, प्रदीप कुमार, पिंटू बिश्नोई, डॉक्टर जितेंद्र कुमार, सुमन कुमार सोनू, सचिन कुमार सोनू, रामवीर सिंह, राजीव देसी, सुशील कुमार, धीरज कुमार, शुभम कुमार, धर्मेंद्र तोषी, हर्ष कुमार आदि मौजूद रहे।



# शिव मंदिर लाडलाबाद में श्रद्धालुओं ने किया भगवान शिव का जलाभिषेक, गुरु अरविंद ने बंटवाया प्रसाद

**कांठ।** लाडलाबाद स्थित प्रकटेश्वर शिव मंदिर में सावन के आखिरी सोमवार को लेकर आज भगवान शिव का जलाभिषेक किया गया । जहां पर पहुंचे कांवड़िए डाक कंबड़ बेड़े और क्षेत्र के महिला पुरुष एवं बच्चों ने मंदिर पहुंचकर भगवान शिव के नारे लगाते हुए उनका जलाभिषेक किया। गुरु अरविंद ने पुलिस प्रशासन एवं मंदिर समिति के लोगों द्वारा संपूर्ण माह में व्यवस्था करने पर उनका आभार जताया। इस दौरान उन्होंने प्रसाद का वितरण अपने हाथों से स्वयं किया इस अवसर पर मंदिर समिति के महावीर सिंह मुकुल बिश्नोई महेश कुमार विपिन चौधरी उदय चौधरी आदित्य चौधरी बिट्टू शर्मा रामरतन शर्मा पियूष चौहान और प्रफुल्ल चौहान सहित काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।



# गैलेक्सी पब्लिक स्कूल को सीनियर सेकेंड्री की सीबीएसई मान्यता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** कठिन परिश्रम का कोई विकल्प नहीं होता, इस कहावत को साकार किया है गैलेक्सी पब्लिक स्कूल ने। विद्यालय ने अपने प्रधानाचार्य के नेतृत्व और स्टाफ के परस्पर तालमेल तथा प्रबंधन तंत्र की मजबूती के बल पर सीबीएसई बोर्ड से सीनियर सेकेंड्री स्तर की मान्यता प्राप्त की है। विद्यालय के प्रधानाचार्य और समस्त शिक्षकों ने संगठित प्रयास व निष्ठापूर्वक परिश्रम कर यह सिद्ध कर दिया कि यदि लक्ष्य स्पष्ट हो और समर्पण पूर्ण हो, तो किसी भी मंजिघ्ल को हासिल किया जा सकता है। मान्यता प्राप्त होने के बाद विद्यालय अब कक्षा 11वीं एवं 12वीं तक की शिक्षा सीबीएसई मान्यता के अंतर्गत संचालित कर सकेगा, जिससे क्षेत्र के विद्यार्थियों को अब उच्च गुणवत्ता की शिक्षा स्थानीय स्तर पर ही प्राप्त हो सकेगी। विद्यालय परिवार ने इसे एक नई शुरुआत मानते हुए भविष्य में और भी बेहतर शैक्षणिक वातावरण सुनिश्चित करने का संकल्प लिया है।

# लीलपुर गांव में शिव नंदी की विधि विधान से स्थापना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांठ।** खलीलपुर कददीम गांव में चामुंडा स्थल पर शिव नंदी की विधि विधान से स्थापना की गई ग्रामीण श्री ओम बिश्नोई ने बताया कि शिव नंदी नर्मदा ओंकारेश्वर से लाए गए। उसके बाद पंडित सचिन शर्मा द्वारा विधि विधान से उनकी स्थापना कराई गई। इस दौरान अन्य भी धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए गए और प्रसाद वितरण कर गांव के लोगों ने विधि विधान से भगवान शिव की पूजा और आराधना की। इस पावन अवसर पर गांव के सभी महिला पुरुष और बच्चे मौजूद रहे ग्रामीणों ने सावन माह के आखिरी सोमवार को भगवान शिव का जलाभिषेक करते हुए धर्म लाभ उठाया।



# बार पदाधिकारियों ने ली सत्य व गोपनीयता की शपथ

## द बार एसोसिएशन एंड लाईब्रेरी मुरादाबाद के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों व सदस्यों ने सत्य व गोपनीयता की शपथ ली





**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** बार एसोसिएशन के एस पी गुप्ता भवन में शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया।

जनपद न्यायाधीश की अध्यक्षता में हुई शपथग्रहण समारोह में आयुक्त अन्ज्जेय कुमार, बार काउंसिल के पूर्व अध्यक्ष व सदस्य श्रीश महरोत्रा एवं पुलिस उपमहानिरीक्षक मुनिराज मुख्य अतिथि के रुप में तथा सांसद रुचि वीरा विशिष्ट अतिथि के रुप में उपस्थित रही। जनपद न्यायाधीश, बार काउंसिल ऑफ यूपी के पूर्व अध्यक्ष श्रीश महरोत्रा तथा एल्डर्स कमेटी के चेयरमैन रमाशंकर ने दि बार एसोसिएशन एण्ड लाईब्रेरी मुरादाबाद के अध्यक्ष आनंद मोहन गुप्ता, महासचिव कपिल गुप्ता, कोषाध्यक्ष अजय बंसल वरिष्ठ उपाध्यक्ष अंजार हुसैन, कनिष्ठ उपाध्यक्ष पुनीत चौहान व सचिन शर्मा, संयुक्त सचिव जितेंद्र प्रताप सिंह, आवरण अग्रवाल एवं रमापंत पाण्डेय तथा सीनियर व जूनियर कार्यकारिणी सदस्यो को शपथ दिलाई। शपथ ग्रहण समारोह में बड़ी संख्या में अधिवक्ता समाज सेवी एवं राजनीतिज्ञ उपस्थित रहे।

विद्यायक समरपाल सिंह धवल दीक्षित, मेजर डा राजीव ढल,के अतिरिक्त एल्डर्स कमेटी के सुभाष चन्द्र गर्ग, महेश चन्द्र त्यागी सहित चुनाव समिति के सदस्य नरेंद्र सिंह चौहान शमशेर सिंह अजयवीर सिंह त्यागी सजंय सक्सैना सोनी रमेश सिंह आर्य विशाल कांत जगदीश चंद्र मिश्रा चौधरी राजेंद्र सिंह, नदीम अहमद, ठाकुर अनिल कुमार सिंह सतीश कुमार विश्नोई संजय कुमार यादव मनोज कुमार गुप्ता कपिल विश्नोई संदीप खन्ना प्रमोद, मुकेश वर्मा, अतुल सोती, विपिन कुमार प्रजापति, मौहम्मद सालिम, मौहम्मद नासिर, लईक अहमद, अनुज शर्मा, शमीम अहमद सैफी, आफताब पाशा प्रत्येक के अलावा ठाकुरद्वारा, कांठ चंदौसी, बिलारी की बार एसोसिएशन के पदाधिकारी भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन अभिषेक भटनागर एवं राकेश जौहरी ने संयुक्त रूप से किया।

अध्यक्ष आनंद मोहन गुप्ता ने आगंतुक अतिथि व अधिवक्ताओं का आभार व्यक्त किया।




# ईश्वर सगुण और निर्गुण दोनों है

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** महिला आर्य समाज स्टेशन रोड मुरादाबाद के साप्ताहिक सत्संग में पं वीरेंद्र आर्य ने वैदिक रीति से यज्ञ संपन्न कराया तत्पश्चात सुदेश आर्य ने ईश्वर भक्ति भजन प्रस्तुत किया। इस अवसर पर पूर्व प्रधान आशा जैमिनी ने महर्षि दयानंद सरस्वती के अमर ग्रंथ सत्यार्थ प्रकाश का पाठ करते हुए बताया कि परमपिता परमात्मा में सभी गुण है। वह सगुण भी है और निर्गुण भी। परमात्मा न्यायकारी, दयालू सर्वशक्तिमान,अजर अमर अभय नित्य आदि गुणों के कारण सगुण है और निराकार अर्थात साक्षात शरीरधारी न होने के कारण निर्गुण है। इस अवसर पर शन्नो गुप्ता,प्रभा नारंग गायत्री सिंह,ऊषा गुप्ता मीरा सोती खुशबू आर्य, रमेश सिंह आर्य आदि उपस्थित रहे।



## महिला की तहरीर पर दो के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**ठाकुरद्वारा ।** फैक्ट्री में काम करने के दौरान कहासुनी पर गाली गलौज व मारपीट करने के आरोप में पत्नी की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने दो के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सरकड़ा करीम सुनीता देवी पत्नी ब्रह्मपाल ने बताया कि उसका पति उत्तराखंड के एक फैक्ट्री में मजदूरी करता है। घटना 2 अगस्त को वह अपने साथी महेन्द्र, वीरेंद्र के साथ फैक्ट्री में मजदूरी के लिए गया था। उसी दौरान किसी बात को लेकर उसके पति ब्रह्मपाल की महेंद्र ,वीरेंद्र से कहासुनी हो गई। पीड़िता का कहना है कि कहासुनी के दौरान आरोपितों ने उसके पति के साथ गाली-गलौज करते हुए लाठी-डंडों से हमला कर दिया और जान से मारने की धमकी दी। फैक्ट्री में कार्यरत रामानन्द व रंजन आदि अन्य मजदूरों ने पीड़िता के पति को बचाया गंभीर रूप से घायल हुए ब्रह्मपाल को फैक्ट्री की गाड़ी से तत्काल नजदीकी अस्पताल ले जाया गया, जहां से डॉक्टरों ने उसकी हालत गंभीर बताते हुए काशीपुर के बड़े अस्पताल में रेफर कर दिया। ब्रह्मपाल के सिर में गहरी चोट आई है और वह अभी भी अस्पताल में भर्ती है। पीड़िता सुनीता ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की थी जीसपर कोतवाली पुलिस ने तहरीर के आधार पर मेहंद व वीरेंद्र के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी है।

## झूठे मुकदमे में फंसाने के आरोप में दंपति पर मुकदमा दर्ज

**ठाकुरद्वारा।** झूठे मुकदमे में फंसाने व पैसे की अवैध बसूली के प्रयास करने व मारपीट करने के आरोप में दंपति के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम उस्मानपुर निवासी भजर सिंह पुत्र सुरेश सिंह ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कहा वह गृह मंत्रालय में तैनात सहायक उप निरीक्षक (लिपिक) के पद पर कार्य कर रहा है। जिसमें गांव के ही दंपति उन्हें झूठे मुकदमे में फंसाने और जान से मारने की धमकी दे रहा है। आरोप है कि 27 जुलाई व 28 जुलाई 2025 को ब्रह्मपाल सिंह और पूजा ने उनके साथ गाली-गलौज की और मारपीट की को. शिश भी की। भरज सिंह का कहना है कि वह भारत सरकार के गृह मंत्रालय के अधीन दिल्ली स्थित इंडियन साइबर क्राइम को-ऑर्डिनेशन सेंटर में नियुक्त हैं और अवकाश पर अपने गांव आए हुए हैं। इस दौरान दबंग दंपति द्वारा की जा रही धमकियों और उत्पीडन के चलते उनका परिवार खुद को असुरक्षित महसूस कर रहा है। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि ब्रह्मपाल सिंह और पूजा के खिलाफ कानून कार्यवाही की मांग की थीं।

# तेज रफ्तार कार सवार ने बाइक रिक्शा में मारी टक्कर , घायल

**ठाकुरद्वारा।** क्षेत्र में तेज रफ्तार कार सवार ने बाइक रिक्शा की चेन चढ़ा रहै व्यक्ति को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया।

परिजनों ने मौके पर पहुंचकर घायल को उपचार के लिए उत्तराखंड के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया वही पुत्र की तहरीर पर कार चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम रामनगर खागूवाला निवासी अमित कुमार शर्मा, पुत्र प्यारे लाल शर्मा ने कोतवाली में तहरीर दी है। उन्होंने बताया कि उसके पिता तरफ दलपत से सहालग का काम खत्म कर अपनी मोटरसाइकिल रिक्शा से अपने घर वापस लौट रहै थे। तभी रास्ते में बाइक रिक्शा की चेन उतरने के कारण रिक्शा अपनी साइट खड़ी कर उसकी चेन चढ़ाने लगे तभी विपरीत दिशा से तेज रफ्तार कार सवार नशे में धुत गुलफाम पुत्र यासीन ने बाइक रिक्शा में जोरदार टक्कर मार दी। जिसमे प्रार्थी के पिता गम्भीर रूप से घायल हो गए। सूचना पाकर मौके पर पहुचे परिजनों ने उनको नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया जहाँ चिकित्सकों ने हालत गंभीर बताते हुए हायर सेंटर रैफर कर दिया है वही पुलिस ने पुत्र की तहरीर पर कार चालक गुलफाम के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी है।

# बजरंगियों ने नाचते-गाते मंदिर पहुंचकर किया भगवान शिव का जलाभिषेक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांठ।** बजरंगियो ने नाचते गाते हुए नए गांव के शिव मंदिर पर पहुंचकर भगवान शिव का जल अभिषेक किया विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के कार्यकर्ता रात करीब 1:00 बजे हरिद्वार को गंगाजल लाने के लिए रवाना हुए आज दोपहर बाद वह नया गांव पहुंचे तो गांव के महिला पुरुषों और बच्चों ने ढोल नगाड़ों के साथ उनका स्वागत किया।

बजरंगियों की टोली मंदिर पर पहुंची तो वहां भी मौजूद भारी संख्या में लोगो द्वारा उनका स्वागत किया गया। इसके बाद सभी ने भगवान शिव का जलाभिषेक किया और देश की समृद्धि और खुशहाली के लिए भगवान से प्रार्थना की। इस मौके पर मोनू बिश्नोई बजरंगी पंडित सुमित शर्मा अखिलेश चौहान अजय पाल तोमर निपेंद्र प्रजापति हरीश आवेश कमल सैनी अभिषेक बिश्नोई वलेश गोस्वामी विनय चौधरी संचित कुमार मोहित पाल आवेश कुमार हरीश कुमार अंकित कुमार शिवा महिपाल अमन कुमार सचिन अग्निहोत्री हर्ष बिश्नोई चंद्रपाल चौहान राकेश कुमार अजय कुमार मुकुल चौहान सुरेश सैनी गोलू कश्यप सोनू कश्यप शिखर बिश्नोई संदीप कुमार अक्षय दिवाकर पंकज सैनी सूर्यम सैनी मुकुल चौहान आदि मौजूद रहे।



## ड्रोन चोरी की अफवाहों पर ध्यान नहीं देने का आमजन से किया अनुरोध

**भोजपुर।** सोमवार को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल के निर्देशानुसार प्रभारी निरीक्षक शरद मलिक एवं बीट प्रभारियों ने क्षेत्र का दौरा कर गांव,मोहल्लों में जाकर लोगों को ड्रोन-चोरी से जुड़ी किसी भी भ्रामक अफवाह पर ध्यान न देने की अपील की। उन्होंने कहा की आमजन की सुरक्षा को लेकर सतर्क हैघ। क्षेत्र में लगातार निगरानी की जा रही है। लोगों से अफवाहों पर ध्यान नहीं देने के साथ ही बेवजह लोगों में भय पैदा करने वालों के विरुद्ध गैंगस्टर और राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के तहत वैधानिक कार्रवाई करने की चेतावनी दी है। प्रभारी निरीक्षक ने लोगों से किसी भी सूचना की सत्यता की पुष्टि किए बिना उसे साझा न करने का अनुरोध किया है।


## बेदखली सूचना

हमने अपने पुत्र अमरदीप, पुत्रवधू श्रीमती कीर्ति व पौता आदित्या को गलत संगत/गलत आचरण व दुर्व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर पारिवारिक सम्बन्ध विच्छेद कर लिए है। भविष्य में इनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्यों/लेनदेन व मुकदमेंबाजी के लिए वह स्वंय जिम्मेदार होगें। आज के बाद हमारा व हमारे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई ताल्लुक व वास्ता नहीं होगा। मुंशीराम कश्यप पुत्र स्व. श्री मिश्री लाल व श्रीमती सरला पत्नी श्री मुंशीराम कश्यप निवासीगण सी-22, हनुमान नगर, लाईनपार, मुरादाबाद।



## उत्तर रेलवे

### ई-निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रवर मंडल यांत्रिक अभियंता मुरादाबाद के द्वारा **ई टेंडर संख्या MC-15-CAMC-HRE-HW_25** के अंतर्गत निविदा आमंत्रित की जाती है। जिसके बंद होने की तिथि व समय **21.08.2025** को **15:00** बजे है जो बंद होने के बाद किसी भी समय वैबसाइट पर खोले जाएगे। इस निविदा के अंतर्गत मैनुआल ऑफर स्वीकार्य नही होगे। टेंडर से संबंधित अन्य जानकारी वैबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है।

| विभाग | सी & डब्लू | ई टेंडर सं० | MC-15-CAMC-HRE-HW_25 |
|---|---|---|---|
| कार्य का नाम | "Comprehensive Annual Maintenance Contract (CAMC) of Hydraulic Re- railing Equipment for a period of three years at C&W Depot HW of MB Division" with OEM or their authorized agent on Single Tender Basis." | | |
| निविदा टाइप | एकल | बिडिंग स्टाइल | सिंगल पैकेट सिस्टम |
| निविदा बंद होने की दिनाँक एवं समय | 21.08.2025, 15:00 बजे | | |
| एडवेरटाइज्ड वेल्यू | ₹ 25,98,827.06/- | ऑफर की वैधता | 45 दिन |

No.: MC-15-CAMC-HRE-HW-25 Date: 31.07.2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 2360/2025


# मारपीट में चार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ठाकुरद्वारा।** गाली-गलौज और मारपीट करने के आरोप में पुलिस ने तीन चार आरोपियों के खिलाफ मुक. दमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

नगर के मोहल्ला वार्ड-8 निवासी अशफाक पुत्र अली हुसैन ने कोतवाली पुलिस को दी गई तहरीर में बताया वह नगलिया रॉड पर सब्जी का फड़ लगाकर घर का पालन पोषण करता है। घटना 2 अगस्त को वह अपने सब्जी के फड़ पर मौजूद था। तभी ही अभिनव पुत्र बबलू उर्फ सोमवीर निवासी उदावाला व उसके साथ फो अज्ञात साथी खड़े थे। तभी बाइक पर सत्यम पुत्र लेखराज, आदर्श पुत्र वीर सिंह,मंयक व चार अज्ञात व्यक्ति आए और सब्जी के फड़ के पास खड़े अभिनव के साथ गाली गलौज करना शुरू कर दिया।गाली गलौज का विरोध करने पर उक्त लोग आग बबूला हो गए और लाठी डंडे व धारदार हथियारों ईट पत्थरों से मारपीट शुरू हो गई। जिसमें अफरातफरी का मौहोल बन गया।जिसमे प्रार्थी अशफाक ने दोनो में बीचबचाव कराना चाहा तो उक्त लोगो ने अशफाक के साथ मारपीट करना शुरू कर दिया। जिसमें प्रार्थी के सर पर ईट लगने से गम्भीर रूप से घायल हो गया।पीड़ित की चीख पुकार सुनकर अन्य लोगो को आता देख उक्त लोग हाथों में लाठी डंडे व धारदार हथियारों को लहराते हुए कानूनी कार्यवाही लिए जाने पर जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कानूनी कार्यवाही की मांग की थी। जिसमें कोतवाली पुलिस ने तहरीर के आधार पर तीन नामदर्ज व चार अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी है।

## सरे राह महिला के साथ की अश्लील हरकतें वीडियो वायरल

**मुरादाबाद।** थाना मुगलपुरा क्षेत्र से एक इंसानियत को शर्मसार कर देने वाली घटना सामने आई है आपको बता दें कि, थाना मुगल. पुरा क्षेत्र की एक गली से बुर्का पहने महिला रास्ते पर जा रही थी उसी समय एक युवक उसकी तरफ दौड़ता हुआ आया और उसको अपनी बाहों में खींच कर गले लगाया और अश्लील हरकतें करने लगा चीखों पुकार मचाने पर वह युवक महिला को छोड़कर फरार हो गया।

जिसकी हरकतें पास ही लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई एसपी सिटी कुमार रणविजय सिंह ने मीडिया को बताया कि आरोपी युवक की तलाश सीसीटीवी कैमरे के आधार पर की जा रही है और जल्द ही उसको जेल भेजा जाएगा।


## कार्यालय नगर पंचायत उमरी कलां ( मुरादाबाद )

पत्रांक:-349/न०प०उ०क०/2025-26 दिनांक:-04/08/2025

### ई-निविदा सूचना

समस्त ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत उमरी कलां जनपद मुरादाबाद को वर्ष 2024-25 में 15 वें वित्त आयोग, 2 प्रतिशत स्टाम्प शुल्क, मुख्यमंत्री वैश्विक नगरोदय योजना एवं पं० दीनदयाल उपाध्याय नगर विकास योजना के अर्न्तगत प्राप्त धनराशि से कार्य कराने हेतु ई-टेण्डरिंग के माध्यम से ऑनलाइन निविदा वेबसाइट **https://etender.up.nic.in** पर दिनांक 06.08.2025 को दोपहर 12.00 बजे से 26.08.2025 की दोपहर 2.00 बजे तक **Online** डाउनलोड एवं अपलोड की जा सकती है। अपलोड किये गये दस्तावेजों की मूल प्रतियों दिनांक-26.08.2025 को प्रात: 10.00 बजे से दोपहर 02.00 बजे तक कार्यालय अपर जिलाधिकारी (प्रशासन), मुरादाबाद एवं कार्यालय नगर पंचायत उमरी कलां में रखे टेण्डर वॉक्स में डाली जायेगीं। प्राप्त निविदाए उसी दिन अपराह्न 03.00 बजे अपर जिलाधिकारी (प्रशासन), मुरादाबाद के कार्यालय में उपस्थित ठेकेदारों के समक्ष व्दसपदम खोली जायेंगी। निविदादाता से अपेक्षा की जाती है कि निविदा डालने से पूर्व निविदा प्रपत्र/निविदा शर्तों का भली-भांति अध्ययन कर लें। अन्य शर्ते किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय में एवं **https://etender.up.nic.in** पर देखी जा सकती है।

**( अरविन्द कुमार )**
**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पंचायत उमरी कलां**
**मुरादाबाद।**

**( मोहम्मद उसमान अली )**
**अध्यक्ष**
**नगर पंचायत उमरी कलां**
**मुरादाबाद।**



## उ0प्र0आवास एवं विकास परिषद,

कार्यालय सम्पत्ति प्रबन्धक, (मुरादाबाद/चंदौसी/अमरोहा/बिजनौर)
आफिस कॉम्पलैक्स (भूतल), सैक्टर-5 मझौला योजना सं0-4, भाग-2, मुरादाबाद।
E-mail : emombd@upavp.com

**सर्वसाधारण को सूचना**-परिषद की जिगर विहार योजना, मुरादाबाद में स्थित स्वयं वित्त पोषित भवन संख्या बी-165 का आवंटन-पत्र पत्रांक 819 दिनांक 01.04.1987 द्वारा श्री जे0 डी0 अरोरा पुत्र श्री एल० आर० अरोरा के पक्ष में आवंटित किया गया था। आवंटी ने इस कार्यालय से दिनांक 25.05.1987 को किराया-किस्त क्रय किरायेदारी का अनुबन्ध निष्पादित कराकर दिनांक 06.06.1987 को भौतिक कब्जा प्राप्त कर लिया गया। आवंटी द्वारा दिनांक 04.04.1988 को पट्टा विलेख निष्पादित कराकर दिनांक 20.07.1998 को सब रजिस्ट्रार कार्यालय, मुरादाबाद में पंजीकृत करा लिया गया था। आवंटी द्वारा पूर्ण भुगतान करते हुए दिनांक 24.09.2008 को इस कार्यालय से फ्री-होल्ड डीड निष्पादित कराकर दिनांक 01.12.2008 को सब रजिस्ट्रार कार्यालय, मुरादाबाद में पंजीकृत करा लिया गया था। श्रीमती सरोज अरोरा पत्नी स्व0 श्री जे०डी० अरोरा, श्रीमती अदिती खत्री पुत्री स्व० श्री जे०डी० अरोरा, पत्नी श्री अजय खत्री व श्रीमती स्मिति पुनहानी पत्नी श्री तरुण पुनहानी, पुत्री स्व० श्री जे०डी० अरोरा ने अपने संयुक्त प्रार्थना-पत्र दिनांक शून्य के द्वारा अपने पति/पिता श्री जे० डी० अरोरा की मृत्यु दिनांक 23.02.2022 को होना सूचित करते हुए स्वयं वित्त पोषित भवन संख्या बी-165 जिगर विहार योजना, मुरादाबाद को अपने पक्ष में वारिसान के आधार पर नामान्तरण हेतु अनुरोध किया है। यदि इस नामान्तरण में किसी को कोई आपत्ति है तो वह इस सूचना के प्रकाशन के 30 दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति साक्ष्य सहित सम्पत्ति प्रबन्धक कार्यालय, उ0प्र0 आवास एवं विकास परिषद, ऑफिस कॉम्प्लेक्स (भूतल), सेक्टर-5, मझोला योजना संख्या-4, भाग-2, मुरादाबाद में प्राप्त करा सकता है। निर्धारित तिथि के पश्चात् कोई क्लेम / आपत्ति मान्य न होगी तथा नियमानुसार नामान्तरण संबंधी कार्यवाही की जायेगी।-**आज्ञा से सम्पत्ति प्रबन्धक**

**पत्र सं०**-1404/सं.प्र.-मुरा./ **दिनांक:** 04.08.2025



## उ0प्र0आवास एवं विकास परिषद,

कार्यालय सम्पत्ति प्रबन्धक, (मुरादाबाद/चंदौसी/अमरोहा/बिजनौर)
आफिस कॉम्पलैक्स (भूतल), सैक्टर-5 मझौला योजना सं0-4, भाग-2, मुरादाबाद।
E-mail : emombd@upavp.com

**सर्वसाधारण को सूचना**-परिषद की जिगर विहार योजना, मुरादाबाद में स्थित उच्च आय वर्ग भवन संख्या ए-32 का आवंटन-पत्र पत्रांक 98 दिनांक 02.06.1984, संशोधित पत्रांक सं0 274 दिनांक 27.07.1984 द्वारा श्री रमेश चन्द्र तिवारी पुत्र स्व0 श्री घनानन्द तिवारी के पक्ष में आवंटित किया गया था। आवंटी ने इस कार्यालय से दिनांक 07.08.1984 को किराया-किस्त क्रय किरायेदारी का अनुबन्ध निष्पादित कराकर दिनांक 17.08.1984 को भौतिक कब्जा प्राप्त कर लिया गया। आवंटी द्वारा पूर्ण भुगतान करते हुए दिनांक 12.08.1997 को इस कार्यालय से विक्रय विलेख निष्पादित कराकर दिनांक 20.08.1997 को सब रजिस्ट्रार कार्यालय, मुरादाबाद में पंजीकृत करा लिया गया था। श्रीमती अजिता तिवारी पत्नी स्व0 श्री रमेश चन्द्र तिवारी ने अपने प्रार्थना पत्र दिनांक शून्य के द्वारा अपने पति श्री रमेश चन्द्र तिवारी की मृत्यु दिनांक 23.11.2016 को होना सूचित करते हुए उच्च आय वर्ग भवन संख्या ए-32 जिगर विहार योजना, मुरादाबाद को अपने पक्ष में वारिसान के आधार पर नामान्तरण हेतु अनुरोध किया है। यदि इस नामान्तरण में किसी को कोई आपत्ति है तो वह इस सूचना के प्रकाशन के 30 दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति साक्ष्य सहित सम्पत्ति प्रबन्धक कार्यालय, उ0प्र0 आवास एवं विकास परिषद, ऑफिस कॉम्प्लेक्स (भूतल), सेक्टर-5, मझोला योजना संख्या-4, भाग-2, मुरादाबाद में प्राप्त करा सकता है। निर्धारित तिथि के पश्चात् कोई क्लेम / आपत्ति मान्य न होगी तथा नियमानुसार नामान्तरण संबंधी कार्यवाही की जायेगी।- **आज्ञा से-सम्पत्ति प्रबंधक**

**पत्र सं०**-1398/सं.प्र.-मुरा./ **दिनांक:** 04.08.2025

# भारत की रोमांचक जीत, सीरीज बराबर

## ओवल टेस्टः इंग्लैंड के आखिरी 4 विकेट एक घंटे में गिरे, मोहम्मद सिराज का पंजा, छह रन से जीता मैच

**लंदन, वार्ता।** तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज (पांच विकेट) और प्रसिद्ध कृष्णा (चार विकेट) की घातक गेंदबाजी की बदौलत भारत ने पांचवें टेस्ट मैच के पांचवें दिन सोमवार को पहले सत्र में इंग्लैंड को दूसरी पारी में 367 रन पर समेट कर मुकाबला छह रनों से जीत लिया।

इसी के साथ भारत ने पांच मैचों की सीरीज में 2-2 की बराबरी कर ली। भारतीय कप्तान शुभमन गिल को पूरी सीरीज में उनकी शानदार बल्लेबाजी के लिए 'प्लेयर ऑफ द सीरीज' और मोहम्मद सिराज को आखिरी मैच में नौ विकेट लेने के लिए 'प्लेयर ऑफ द मैच' नवाजा गया। इंग्लैंड ने कल के छह विकेट पर 339 रनों से आगे खेलना शुरु किया। आज सुबह के सत्र में 78वें ओवर की तीसरी गेंद पर मोहम्मद सिराज ने ध्रुव जुरेल के हाथों जेमी स्मिथ (दो) को कैच आउट कराकर भारत को सातवीं सफलता दिलाई। इसके बाद सिराज ने जेमी ओवर्टन (नौ) को पगबाधा आउटकर भारत को जीत के करीब पहुंचा दिया। इसके बाद प्रसिद्ध कृष्णा ने ब्लॉक होल में गेंद डालकर जॉश टंग




(शून्य) को बोल्ड कर भारत को नौंवी सफलता दिलाई। 86वें ओवर की पहली गेंद पर मोहम्मद सिराज ने गस ऐटकिसन का ऑफ स्टंप उखाड़ कर मैच भारत की झोली में डाल दिया। ऐटकिसन ने 29 गेंदों में 17 रन बनाकर इंग्लैंड को जीत के करीब ले जाने की कोशिश की लेकिन सीराज की योकर ने उनका ऑफ स्टंप उखाड़कर भारतीय खेमे को जीत की खुशी से सराबोर कर दिया। इसी के साथ भारत ने इंग्लैंड को 367 के स्कोर पर ऑल आउट कर छह विकेट से मुकाबला जीत लिया। इसी के साथ भारत ने पांच मैचों की सीरीज 2-2 से बराबर कर ली है। भारत की ओर से मोहम्मद सिराज ने 30.1 ओवर में 104 रन देकर पांच विकेट लिये। जबकि प्रसिद्ध कृष्णा ने 27 ओवर में 126 रन देकर चार विकेट झटके। आकाश दीप ने एक बल्लेबाज को आउट किया। भारत ने पहली पारी में 224 रन बनाये थे। इंग्लैंड ने पहली पारी में 247 रन बनाकर 23 रनों की मामूली बढ़त हासिल की थी।

## मैं अपनी टीम के प्रदर्शन से खुश हूंः कप्तान स्टोक्स



**● दोनों ही टीमों ने इस सीरीज में अच्छा प्रदर्शन किया और अपनी पूरी ऊर्जा के साथ खेली**

**लंदन, वार्ता।** इंग्लैंड टीम के कप्तान बेन स्टोक्स ने कहा कि मैं अपनी टीम के प्रदर्शन से खुश हूं। भारत के छह रन से मैच जीतने पर बेन स्टोक्स ने कहा कि गेम ना खेल पाना कठिन है। दोनों ही टीमों ने इस सीरीज में अच्छा प्रदर्शन किया और अपनी पूरी ऊर्जा के साथ खेला। इस सीरीज का हिस्सा रहना गर्व का हिस्सा रहा और मैं अपनी टीम के प्रदर्शन से खुश हूं। (वोक्स को बल्लेबाजी के लिए भेजने पर) यह दर्शाता है कि इन खिलाड़ियों के लिए देश के लिए खेलना कितना मायने रखता है। उन्होंने कहा कि इंग्लैंड और भारत की सीरीज हमेशा एक बड़ी सीरीज होती है और कई बार भावनाएं खुलकर सामने आ जाती हैं। हर कोई अपने देश का प्रतिनिधित्व करने आता है। जब आप मैच की शुरुआत में एक गेंदबाज कम हो जाते हैं तो अन्य गेंदबाजो के ऊपर अतिरिक्त जिम्मेदारी आ जाती है।

### ● प्लेयर ऑफ द सीरीज रहे गिल

## हमें पता था कि इंग्लैंड के खेमे में दबाव हैः गिल

**लंदन, वार्ता।** भारतीय टीम के कप्तान शुभमन गिल ने कहा कि हमें पता था कि इंग्लैंड के खेमे में दबाव है और हम इसी सोच के साथ मैदान में आए कि उन पर दबाव बनाये रखना है।

मैच के बाद संवाददाता सम्मेलन में शुभमन गिल ने कहा इस सीरीज में दोनों टीमों ने बढ़िया प्रदर्शन किया हर मैच अंतिम दिन तक पहुंचा जो कि दोनों टीमों के प्रदर्शन के बारे में बताता है।

प्लेयर ऑफ द सीरीज से सम्मानित गिल ने कहा कि सिराज और प्रसिद्ध जैसे गेंदबाज जब गेंदबाजी कर रहे होते हैं तो

**● सिराज और प्रसिद्ध जैसे गेंदबाज जब गेंदबाजी कर रहे होते है तो बतौर कप्तान अधिक चिंता की बात नहीं**

बतौर कप्तान अधिक चिता करने की जरूरत नहीं होती। दोनों गेंदबाज जानते हैं कि गेंद को कैसे हरकर कराना है। हमें पता था कि इंग्लैंड के खेमे में दबाव है और हम इसी सोच के साथ आए थे कि उनके ऊपर से दबाव कम नहीं होने देना है। उन्होंने कहा कि इस प्रदर्शन से मैं बेहद खुश हूं और इस सीरीज से पहले मैंने बेहद मेहनत की थी।


शुभमन गिल


मोहम्मद सिराज

### संक्षिप्त खेल समाचार

### ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए भारतीय पुरुष हॉकी टीम घोषित

**नई दिल्ली, वार्ता।** हॉकी इंडिया ने सोमवार को डिफेंडर हरमनप्रीत सिंह की अगुवाई में 15 से 21 अगस्त तक ऑस्ट्रेलिया के पर्थ में होने वाले चार मैचों के लिए 24 सदस्यीय भारतीय पुरुष हॉकी टीम की घोषणा कर दी। भारतीय टीम का यह दौरा 29 अगस्त से बिहार के राजगीर में होने वाले महत्वपूर्ण हीरो एशिया कप से पहले एक महत्वपूर्ण माना जा रहा। एशियाकप विश्व कप क्वालीफायर टूर्नामेंट है। भारतीय टीम का नेतृत्व दिग्गज ड्रैगफ्लिकर, डिफेंडर हरमनप्रीत करेंगे व गोलकीपर के रूप में कृष्ण व सूरज शामिल होंगे। टीम में डिफेंडर सुमित, जरमनप्रीत, संजय, अमित, नीलम संजीप , जुगराज सिंह शामिल हैं, जबकि कर्नाटक के पूवन्ना सीबी टीम में एक नए चेहरे के रूप में शामिल हैं।

### तीरंदाजी लीग के पहले संस्करण की घोषणा की

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारतीय तीरंदाजी संघ ने सोमवार को दुनिया भर के पुरुष और महिला रिकर्व और कंपाउंड तीरंदाजों के लिए फ्रैंचाइजी-शैली वाली पहली तीरंदाजी लीग की घोषणा की। विश्व तीरंदाजी, विश्व तीरंदाजी एशिया और भारतीय खेल मंत्रालय के प्रोत्साहन से आयोजित होने वाली इस लीग में दुनिया के शीर्ष 10 विदेशी तीरंदाजों के साथ-साथ शीर्ष भारतीय तीरंदाज भी शामिल होंगे, जो सभी छह फ्रैंचाइजी टीमों का प्रतिनिधित्व करेंगे। इस लीग का उद्देश्य देश के ओलंपिक आंदोलन का समर्थन करने और इस खेल की वैश्विक लोकप्रियता को बढ़ाने के लिए भारतीय तीरंदाजों के विकास के लिए एक पेशेवर मंच बनना है। लीग का पहला संस्करण इस साल अक्टूबर में नई दिल्ली के यमुना स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में 11 दिनों तक चलेगा।

## पाक ने विंडीज को हराया, सीरीज जीती

**● पाकिस्तान ने वेस्टइंडीज को 13 रनों से हराकर तीन मैचों की सीरीज 2-1 से अपने नाम कर ली**

**लॉडरहिल, वार्ता।** सैम अयूब (66 रन/एक विकेट) तथा साहिबजादा फरहान (74) के बेहतरीन प्रदर्शन की बदौलत पाकिस्तान ने तीसरे टी-20 मुकाबले में सोमवार को वेस्टइंडीज को 13 रनों से हराकर तीन मैचों की सीरीज 2-1 से अपने नाम कर ली।

190 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी वेस्टइंडीज के लिए जेवेल एंड्रयू और ऐलेक ऐथनेज की सलामी जोड़ी ने अभी 44 रन जोड़े थे कि पांचवें ओवर में हारिस रउफ ने जेवेल एंड्रयू 15 गेंदों में 24 रन को आउटकर पवेलियन भेज दिया। नौवें ओवर में मोहम्मद नवाज ने शाई होप (सात) को आउट किया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आए शरफेन रदरफोर्ड ने ऐलेक ऐथनेज के साथ तीसरे विकेट के लिए 36 रन जोड़े। 13वें ओवर में सैम अयूब ने ऐलेक ऐथनेज को आउटकर इस साझेदारी का अंत किया। ऐलेक ऐथनेज ने 40 गेंदों में आठ चौके और एक छक्के की मदद से 60 रनों की पारी खेली। रॉस्टन चेज (15) रिटायर्ड आउट हुए। सुफियान मुकिम ने जेसन होल्डर (शून्य) बोल्ड आउट किया। आखिरी ओवर में हसन अली ने शरफेन रदरफोर्ड को साहिबजादा फरहान के हाथों कैच आउट कराकर वेस्टइंडीज के मैच जीतने की उम्मीद को ध्वस्त कर दिया। शरफेन रदरफोर्ड ने 35 गेंदों में चार चौके और तीन छक्के लगाते हुए (51) रन बनाये। वेस्टइंडीज की पूरी टीम निर्धारित 20 ओवर में छह विकेट पर 176 रन ही बना सकी और मुकाबला 13 रनों से हार गई। 74 रनों की पारी खेलने वाले साहिबजादा फरहान को 'प्लेयर ऑफ द मैच' के पुरस्कार से नवाजा गया। वहीं सीरीज में सात विकेट लेने वाले मोहम्मद नवाज को 'प्लेयर ऑफ द सीरीज' पुरस्कार मिला। पाकिस्तान के लिए हसन अली, मोहम्मद नवाज, हारिस रउफ, सैम अयूब और सुफियान मकीम ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले पाकिस्तान ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी सैम अयूब और साहिबजादा फरहान की सलामी जोड़ी ने बेहतरीन शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिए 138 रन जोड़े। 17वें ओवर में शमार जोसेफ ने साहिबजादा फरहान को आउटकर इस साझेदारी को तोड़ा। साहिबजादा फरहान ने 53 गेंदों में पांच छक्के व तीन चौके लगाते हुए (74) रन बनाए।

### फखर जमान हैमस्ट्रिंग, वेस्टइंडीज सीरीज से बाहर

**कराची, वार्ता।** पाकिस्तान क्रिकेट टीम के सलामी बल्लेबाज फखर जमान वेस्टइंडीज के खिलाफ आगामी तीन मैचों की वनडे सीरीज से बाहर हो गए हैं। वे तीसरे टी-20 में भी खेलने नहीं उतरे। यह फैसला लाडरहिल में खेले गए दूसरे टी-20 मैच के दौरान उनकी बाईं हैमस्ट्रिंग (जांघ की मांसपेशी) में चोट लगने के कारण लिया गया। उनकी जगह तीसरे टी-20 मैच के लिए खुशदिल शाह को प्लेइंग इलेवन में शामिल किया गया था। फखर जमान को वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरे टी-20 में फील्डिंग के दौरान चोट लगी थी। इसके बाद टीम के मेडिकल स्टाफ ने जांच की और उनकी बाईं हैमस्ट्रिंग में हल्की खिंचाव की पुष्टि की। लाहौर में होगा रिहैबिलिटेशन पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने बताया कि फखर 4 अगस्त को पाकिस्तान लौटेंगे।

### ● मैन ऑफ द मैच रहे मोहम्मद सिराज ●

## मैंने सोचा मैं कर सकता हूं कि स्क्रीनशॉट का वॉलपेपर लगायाः सिराज

**● हम अंत तक मिलकर लड़े और मेरी एक ही योजना थी कि निरंतरता के साथ सही लेंथ हिट करता रहूं**

**लंदन, वार्ता।** भारत के तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज ने कहा कि सुबह उठने के बाद मैंने सोचा कि मैं कर सकता हूं, मैंने गूगल से एक स्क्रीनशॉट लिया और उसे वॉलपेपर लगाया। इंग्लैड पर छह रनों की रोमांचकारी जारी के बाद सिराज ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि हर किसी ने कड़ी मेहनत की और हम अंत तक मिलकर लड़े। मेरी एक ही योजना थी कि मैं निरंतरता के साथ सही लेंथ हिट करते रहूं। प्लेयर ऑफ द मैच सिराज ने कहा कि सुबह उठने के बाद मैंने सोचा कि मैं कर सकता हूं, मैंने गूगल से एक स्क्रीनशॉट लिया और उसे वॉलपेपर लगाया। ब्रूक का विकेट गेम चेंजिग मोमेंट था, अगर मैंने वो कैच ले लिया होता तो मैच शायद इस स्थिति में पहुंचता नहीं है। ब्रूक ने बेहतरीन पारी खेली। लॉर्ड्स में आउट होने दिल तोड़ने जैसा पल था, जडेजा भाई ने मुझे यही कहा था कि मैं खेलते रहूं और अपने पिता के बारे में सोचते रहूं कि उन्होंने यहां तक मुझे पहुंचाने के लिए कितनी मेहनत की थी।

### भारत की रनों के लिहाज से सबसे छोटी जीत

**लंदन, वार्ता।** भारत की इंग्लैंड के खिलाफ पांचवें और अंतिम टेस्ट में 6 की जीत उनके लिए टेस्ट में रनों के मामले से उनकी सबसे छोटी जीत है। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 13 रन की जीत के अपने पिछले रिकॉर्ड को तोड़ा। एक रोचक सीरीज का अंत रोचक रूप में हुआ। चौथे दिन के खेल के अंतिम चरण तक मैच पूरी तरह से इंग्लैंड के कब्जे में प्रतीत हो रहा था लेकिन दो नियमित विकेट ने मैच का रुख एकतरफा होने से रोका और पांचवें दिन आकर भारत ने इंग्लैंड के जबड़े से जीत छीन ली। सिराज ने पंजा लेकर भारत की झोली में जीत डाली। सिराज ने आते ही दिन के अपने पहले ओवर में स्मिथ को पवेलियन भेजा और फिर ओवर्टन को लेग बिफोर आउट किया। प्रसिद्ध कृष्णा ने भी जोश टंग को पवेलियन लौटाया लेकिन ऐटकिसन ने बड़े प्रहार कर इंग्लैंड को जल्द से जल्द जीत दिलाने की कोशिश की लेकिन सिराज ने अपने 31वें ओवर की पहली गेंद पर ऐटकिसन को बोल्ड करते हुए मैच भारत के पक्ष में झुका दिया।

## सूर्या पूरी तरह फिट होने के लिए एनसीए में



**बेंगलुरु, वार्ता।** भारतीय टी-20 टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव सर्जरी के बाद एशिया कप से पहले पूरी तरह फिट होने के लिए इस समय राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) में है।

सूर्यकुमार यादव ने हाल ही में पुनर्वास और फिटनेस आकलन के लिए बेंगलुरु स्थित भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के सेंटर में रिपोर्ट की थी। पूरी तरह फिट न होने के कारण उन्हें पश्चिम क्षेत्र के चयनकर्ताओं ने दलीप ट्रॉफी के लिए 15 सदस्यीय टीम से बाहर रखा। ऐसा माना जा रहा है कि सूर्यकुमार ने उन्हें सूचित कर दिया था कि उन्होंने सीओई जांच करा ली है। म्यूनिख में हुई उनकी हर्निया की सर्जरी के बाद वह पुनर्वास की प्रक्रिया में है। सूर्यकुमार का अगला बड़ा टूर्नामेंट नौ से 28 सितंबर तक यूएई में होने वाला एशिया कप है। इस तेजतर्रार टी-20 बल्लेबाज से इस टूर्नामेंट में भारत की कप्तानी करने की उम्मीद है। मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन के अधिकारियों के अनुसार, उन्हें इस आयोजन से पहले पूरी तरह फिट होने का भरोसा है। उन्हें आखिरी बार आईपीएल के दौरान मुंबई इंडियंस की ओर से खेलते हुए देखा गया था। इस बीच, पता चला है कि श्रेयस अय्यर पिछले हफ्ते फिटनेस टेस्ट के लिए सीओई आए थे। अब वह मुंबई लौट गए हैं और माना जा रहा है कि यह दौरा नियमित जांच के लिए था। बताया जा रहा है कि वह पूरी तरह फिट हैं और खेलने के लिए तैयार हैं। एशिया कप के लिए चुने जाने तक, उन्हें दलीप ट्रॉफी में खेलना चाहिए। अय्यर आखिरी बार आईपीएल फाइनल में पंजाब किंग्स फैंचाइजी की कप्तानी करते हुए देखे गए थे। आईपीएल के बेहद सफल सीजन के बाद, एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी के लिए भारतीय टेस्ट टीम में उनके शामिल होने की काफी अटकलें लगाई जा रही थीं, लेकिन अपेक्षित चयन नहीं हो पाया।

## क्रिस वोक्स बल्लेबाजी के लिए उपलब्ध हैः रूट

**लंदन, वार्ता।** इंग्लैंड के ऑलराउंडर जो रूट ने कहा है कि चोटिल तेज गेंदबाज क्रिस वोक्स कंधे की चोट के बावजूद ओवल टेस्ट के आखिरी दिन बल्लेबाजी के लिए उपलब्ध हैं। वोक्स ने रविवार को स्टेडियम के इनडोर फैसल्टी में एक हाथ से बल्लेबाजी का अभ्यास किया और शाम के सत्र में अपनी किट पहने भी नजर आए, ताकि आवश्यकता पड़ने पर वह नंबर 11 पर बल्लेबाजी कर सकें।

इंग्लैंड को जीत के लिए 35 रन और चाहिए और उनके पास चार विकेट शेष हैं। जो रूट ने कहा कि वोक्स की तैयारी यह दिखाती है कि वह टीम के लिए कितने समर्पित हैं। रूट ने कहा कि वह शेष खिलाड़ियों जैसे पूरी तरह से तैयार हैं। यह ऐसी सीरीज रही है, जिसमें खिलाड़ियों को अपनी सीमाओं से आगे जाना पड़ा है। हालांकि उम्मीद है कि हमें उनकी आवश्यकता नहीं पड़ेगी। लेकिन उन्होंने आज थ्रोडाउन लिए हैं और वह टीम के लिए कुछ भी करने को तैयार हैं। यह देखना बाकी है कि वोक्स दाएं हाथ से बल्लेबाजी करने का प्रयास करेंगे या चोट के कारण बाएं हाथ से बल्लेबाजी करेंगे, जैसे एक बार सलीम मलिक ने किया था। या हो सकता है कि वह मैल्कॉम मार्शल की तरह एक हाथ से खेलें। उन्होंने कहा कि इस बारे में मुझे नहीं पता।



**● जो रूट ने कहा कि वोक्स की तैयारी यह दिखाती है कि वह टीम के लिए कितने समर्पित है**

मैंने उन्हें अभी अभ्यास करते नहीं देखा है। शायद सुबह अगर वह थ्रोडाउन लेते हैं, तो जरूर साफ हो जाएगा। इंग्लैंड ने अभी वोक्स की चोट की पूरी जानकारी नहीं दी है और मैच के बाद वह स्कैन के लिए जाएंगे। लेकिन उनके इस समर में दोबारा खेलने की संभावना बहुत कम है और 21 नवंबर से पर्थ में शुरू होने वाले पहले ऐशेज टेस्ट में भी वह शायद ही खेल सकें। रूट ने कहा कि यह स्पष्ट है कि वह काफी दर्द में हैं। इस सीरीज में कई खिलाड़ियों को चोट लगी, फिर भी वे खेलते रहे। पंत ने टूटी टांग के साथ बल्लेबाजी की, टीम के लिए यह बहुत मायने रखता है। यह दिखाता है कि उनमें कितना जज्बा है। उम्मीद है कि वोक्स को ऐसा ना करना पड़े, लेकिन अगर करना पड़ा तो वह हमें जीत दिलाने के लिए उतरेंगे। रूट ने कहा कि उनका मानना है कि उनके पास निचले क्रम में ऐसे बल्लेबाज है जो शेष 35 रन बना सकते है और भारत को सीरीज ड्रॉ करने से रोक सकते है। उन्होंने कहा कि मेजबान टीम सोमवार को पहली एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी अपने नाम करेगी। उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि हमारे पास वह सब कुछ है, जो हमें जीत दिला सकता है। यह एक शानदार सीरीज़ रही है और हमारे ड्रेसिग रूम में आत्मविश्वास है। हमें भरोसा है कि हमारे पास वे खिलाड़ी हैं, जो हमें जीत दिला सकते हैं। लेकिन यह उन सीरीज में से एक है, जहां हर मैच में दोनों टीमों के पास बढ़त बनाने का अवसर था। हमें कल एक शानदार दिन देखने को मिलेगा। इंग्लैंड को सोमवार सुबह भारी रोलर इस्तेमाल करने का अवसर मिलेगा, जिससे रविवार की तरह उन्हें रन बनाने में मदद मिल सकती है।

# बम-बम भोले के जयकारों के साथ शिवालयों में जलाभिषेक



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ठाकुरद्वारा।** सावन का माह का आखिरी और चौथा सोमवार को शिवालयों में देर रात से ही भक्तों की भीड़ उमड़ी पड़ी। बारिश के बावजूद श्रद्धालु मंदिरों में पहुंचकर पूजा अर्चना करने लगे। भारी बारिश के बीच कांवड़ियों और श्रद्धालुओं ने भगवान शिव का जलाभिषेक कर सुख समृद्धि की कामना की। रविवार की देर रात से भारी बारिश शुरू हो गई। भारी बारिश में सोमवार को नगर में सुबह तड़के से ही शिवभक्तों की टोलियां शिव मंदिरों की ओर कूच करती नजर आईं। पैरों में बंधे घुंघरुओं की मधुर ध्वनि और हाथों में गंगाजल लिए भक्तों ने बारिश की परवाह किए बिना शिवमंदिरों में श्रद्धा भाव से जल चढाया। भाजपा नेता ठाकुर अजय प्रताप सिंह के नेतृत्व में नगर में भव्य शोभायात्रा निकाली गई, । शोभायात्रा का नगर व देहात क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर पुष्पवर्षा कर जोरदार स्वागत किया गया। यात्रा का समापन मुरादाबाद रोड स्थित प्राचीन शिव मंदिर पर विधिवत जलाभिषेक के साथ हुआ। इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग कार्यकारिणी सदस्य कपिल कुमार, पवन पुष्पद, ब्लॉक प्रमुख पति वीर सिंह सैनी, ललित चौहान, परविंदर यादव, धीरज कुमार सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। पिपल टोला स्थित पंचशील मंदिर में पारंपरिक विधि-विधान से रुद्राभिषेक किया गया। मंदिर के प्रबंधक रूद्र दत्त शर्मा ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस बार भी सवा क्विंटल गाय के दूध से भगवान शिव का अभिषेक किया गया। हरिहर मंदिर खोखरा लाल शिव मंदिर (फैजुल्लागंज) सन्यासी वाला शिव मंदिर राघुवाला शिव मंदिर रामनगर, खागूवाला सूरजननगर, रतुपुरा, गोप. ीवाला निर्मलपुर, सुल्तानपुर दोस्त वंक. ावाला, जटपुरा, लालपुर चौहान हर मंदिर में श्रद्धालुओं की लंबी कतारें देखी गईं। भक्तों ने भगवान शिव का जलाभिषेक कर क्षेत्र, समाज और परिवार की सुख-शांति की कामना की हैं। वहीं धर्मवीर एग्रीकल्चर इम्पलीमेंटस के डायरेकटर राजीव चौहान व एकता एकेडमी के प्रबंधक सतीश चौधरी के नेतृत्व में हरिद्वार से डांक कांवड लेकर शिव सोमवार की सुबह नगर में हाई पर स्थित मंढ़ी मंदिर पहुंचे। जहां पर भगवान शिव के जयकारों से साथ भगवान शिव का हरिद्वार से डांक कांवड में लाए गंगा जल से जलाभिषेक किया। इस मौके पर शैलेंद्र गहलौत, राज चौहान, विशाल रूहेला, तरूण चौहान, अमित चौहान आदि शामिल रहे।

## गाड़ी की किस्तें जमा नहीं करने पर तीन के खिलाफ मुकदमा

**भोजपुर।** थाना क्षेत्र के गांव सिढ़लऊ नजरपुर निवासी नूर हसन पुत्र जुम्मा की तहरीर पर पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ गाड़ी की किस्तें जमा नही करने एवं जान से मारने की धमकी देने के आरोप में रिपोर्ट दर्ज की है। प्रभारी निरीक्षक शरद मलिक को दी तहरीर में नूर हसन ने बताया है कि आयशर प्रो गाड़ी रामपुर के थाना भोट के गांव मिलक हाशम काशीपुर निवासी मुस्तफा व आरिफ पुत्र राहत एवं थाना स्वार के इमरता निवासी इकरार पुत्र नन्हे को 21लाख59हजार 5सौ रुपए में शर्तों के साथ 35 किस्तों में बेची थी। ग्रामीण का कहना है कि आरोपियों ने गाड़ी लेकर जाने के बाद किस्तें जमा नही की। आरोपियों से किस्तें जमा करने को कहा तो जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# बच्चों को भिक्षावृत्ति कराने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** 'भीख से सीख' कार्यक्रम के तहत जनपद सम्भल को भिक्षावृत्ति मुक्त बनाने का संकल्प जिलाधिकारी डॉ. राजेन्द्र पैंसिया द्वारा लिया गया है। इसी क्रम में सोमवार को चन्दौसी कोतवाली क्षेत्र में एक चिंता. जनक मामला सामने आया जिसमें संभल गेट निवासी राजू कुमार पुत्र राजाराम का है जो कि मूकबधिर है और मजदूरी कर अपने दो छोटे बच्चों (उम्र लगभग 6 और 7 वर्ष) का पालन-पोषण कर रहा है। राजू की पत्नी की कुछ वर्ष पूर्व मृत्यु हो चुकी है। राजू का आरोप है कि जब वह अपने बच्चों को घर पर छोड़कर मजदूरी पर जाता है, तो मोहल्ले का एक युवक विवेक पुत्र मुरारी बच्चों को बहला-फुसलाकर रेलवे स्टेशन, बस स्टैण्ड और बाजारों में भिक्षावृत्ति करवाने ले जाता है। राजू ने बताया कि मोहल्ले के अन्य लोगों ने भी विवेक को ऐसा करने से मना किया, लेकिन वह नहीं माना और विरोध करने पर जान से मारने की धमकी तक देने लगा। राजू ने इस संबंध में कोतवाली चन्दौसी में प्रार्थनापत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि छोटे-छोटे बच्चों को आए दिन पेट्रोल पंप, रोडवेज बस स्टैण्ड, रेलवे स्टेशन और बाजारों में भिक्षा मांगते देखा जा सकता है जो न सिर्फ प्रशासनिक विफलता की ओर इशारा करता है, बल्कि बच्चों के बचपन के शोषण का एक गंभीर उदाहरण भी है। बता दें कि जिलाधिकारी डॉ. राजेन्द्र पैंसिया द्वारा चलाया जा रहा 'भीख से सीख' कार्यक्रम का उद्देश्य भिक्षावृत्ति करने वाले परिवारों को मुख्यधारा में लाकर शिक्षा, पुनर्वास और आत्मनिर्भरता की ओर प्रेरित करना है। ऐसे में यह मामला प्रशासन के लिए एक गंभीर चेतावनी है कि अभियान को सफल बनाने के लिए निगरानी और जमीनी क्रियान्वयन को और सशक्त करने की आवश्यकता है। प्रशासन से अपेक्षा की जा रही है कि मामले की निष्पक्ष जांच कर उचित कार्यवाही की जाए, ताकि बच्चों का बचपन भीख में न खो जाए, बल्कि शिक्षा और संस्कार में निखरे।

# हाईकोर्ट बेंच की स्थापना को लेकर तहसील बार ने उपजिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांठ।** पश्चिमी उत्तर प्रदेश में हाई कोर्ट बेंच स्थापना केंद्रीय संघर्ष समिति के आह्वान पर आज अधिवक्ताओं ने काम नहीं किया और प्रधानमंत्री को प्रेषित ज्ञापन एसडीएम को सौंपते हुए पश्चिमी उत्तर प्रदेश में हाई कोर्ट बेंच की स्थापना कराने की मांग उठाई। बताया गया कि करीब 50 सालों से पश्चिमी उत्तर प्रदेश में हाई कोर्ट बेंच की स्थापना को लेकर अधिवक्तागण एवं आम जनता आंदोलन करते चले आ रहे हैं। किंतु इतने लंबे समय के बाद भी सरकार द्वारा इस मांग पर कोई सुनवाई नहीं की गई। उन्होंने कहा कि सरकार के इस रवैए से जनता और अधिवक्ताओं में काफी नाराजगी है उन्होंने तहसील बार के माध्यम से ज्ञापन सौंपते हुए तत्काल प्रभाव से हाई कोर्ट बेंच की स्थापना कराए जाने की प्रधानमंत्री से मांग उठाई। इस मौके पर अध्यक्ष प्रदीप कुमार महासचिव दीपक बिश्नोई सहित काफी अधिवक्ता मौजूद रहे।

# प्रशासन की पक्षपातपूर्ण कार्यशैली से आक्रोशित किसानों ने सौंपा ज्ञापन




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** राष्ट्रीय किसान संघर्ष समिति (अराजनैतिक) द्वारा सोमवार को जिलाधिकारी संभल को संबोधित एक ज्ञापन नायब तहस. ीलदार सतेन्द्र चहर को सौंपा गया। ज्ञापन में कहा गया कि शासन के स्पष्ट निर्देशों के बावजूद प्रशासनिक अधिकारी किसानों के हितों की अनदेखी कर रहे हैं और जानबूझकर पक्षपातपूर्ण निर्णय लेकर किसानों को नुकसान पहुंचाया जा रहा है। किसानों ने कहा कि अधिकारियों की किसान विरोधी मानसिकता के कारण किसानों की समस्याओं का समाधान नहीं हो पा रहा है। प्रशासनिक स्तर पर जो दिशा-निर्देश दिए गए हैं, उनका पालन न कर, किसानों के साथ अन्यायपूर्ण व्यवहार किया जा रहा है। ज्ञापन में विशेष रूप से ग्राम असालतपुर जारई से जुड़े भूमि विवाद का उल्लेख किया गया है। किसानों ने बताया कि चंदौसी क्षेत्र के ग्राम असालतपुर जारई से लगभग 02 किलोमीटर आगे स्थित हिंदुस्तान इंडस्ट्रियल प्लेज पार्क के पास चकरोड संख्या 501 (05 मीटर चौड़ा कच्चा रास्ता) है, जिसकी लंबाई करीब 03 किलोमीटर है। आरोप है कि इस चकरोड की माप करते समय उसे केंद्र बिंदु न मानते हुए, केवल एक ओर की भूमि का अधिग्रहण किया जा रहा है, जिससे किसानों को भारी नुकसान हो रहा है और पार्क के स्वामी को लाभ पहुंचाया जा रहा है। किसानों ने इसे नियमों के विरुद्ध बताते हुए भूमि नपाई का विरोध करने का निर्णय लिया है। किसानों द्वारा ज्ञापन के माध्यम से मांग की गई कि भूमि अधिग्रहण पर किसानों को चार गुना मुआवजा प्रदान किया जाए, चकरोड संख्या 501 को केंद्र मानते हुए दोनों ओर से समान भूमि अधिग्रहित की जाए, ग्राम असालतपुर जारई की कृषि भूमि का सर्किल रेट अन्य क्षेत्रों की भांति 10-15 प्रतिशत तक बढ़ाया जाए क्योंकि वर्तमान में इसमें वृद्धि नहीं की गई है जो पक्षपातपूर्ण है। साथ ही किसानों ने स्पष्ट चेता. वनी दी है कि यदि 06 अगस्त 2025 तक उनकी मांगे नहीं मानी गईं तो 07 अगस्त 2025 से राष्ट्रीय किसान संघर्ष समिति (अराजनैतिक) व संयुक्त किसान मोर्चा के बैनर तले तहसील चंदौसी परिसर में अनिश्चितकालीन धरना व आंदोलन शुरू किया जाएगा। उन्होंने कहा कि आंदोलन के दौरान किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना की पूर्ण जिम्मेदारी जिला प्रशासन की होगी। ज्ञापन सौंपने वाले किसानों में राहुल कश्यप, मंगलसेन सैनी, रामपाल सिंह, वीरेंद्र सिंह, लखपत सिंह, सुरेश, अमरसिंह तोमर, नरेशपाल सिंह, संजीव कुमार, मोहर सिंह, अनिल कुमार, जितेंद्र सिंह, प्रमोद कुमार, चीनू जैन समेत भारी संख्या में किसान मौजूद रहे।

# विश्व हिंदू परिषद के महानगर मंत्री बने अनिल कठेरिया



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** विश्व हिंदू परिषद मेरठ प्रांत की दो दिवसीय प्रांत बैठक का समापन धामपुर में हुआ । प्रांत बैठक की जानकारी देते हुए प्रांत टोली सदस्य प्रचार विभाग गौरव कश्यप ने बताया कि मुरादाबाद महानगर में नवीन दायित्व की घोषणा की गई जिसमें अनिल कठेरिया को महानगर मंत्री अविनाश गुप्ता विभाग सत्संग प्रमुख राजीव ठाकुर महानगर संयोजक बजरंग दल अभिनव भटनागर महानगर प्रचार सह - प्रमुख अमृत गौड़ को विभाग मंत्री जोगेंद्र यादव विभाग सह - संयोजक बजरंग दल मुरादाबाद और देवेश कुमार राणा संगठन मंत्री ठाकुरद्वारा का दायित्व दिया गया। इस अवसर पर विभाग संगठन मंत्री बृजेश कुमार ने सबका हर्षवर्धन करके सभी को नवीन दायित्व की शुभकामनाएं

# गीता सत्संग भवन में श्रीकृष्ण अवतरण की कथा हुई वर्णित





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** नगर के सीतारोड स्थित गीता सत्संग भवन में चल रही श्रीमद्भागवत कथा सप्ताह के पांचवें दिन सोमवार को कथाव्यास प्रशान्त कुमार मिश्र ने अम्बरीष चरित्र, गंगा अवतरण कथा, श्रीराम चरित्र, ययाति चरित्र और श्रीकृष्ण जन्म की कथा सुनाई। कथाव्यास ने अम्बरीष चरित्र की कथा में सुनाया कि भगवान भक्त के अधीन होते हैं और जो भक्त का अपराध करता है, भगवान उसको कभी क्षमा नहीं करते हैं। गंगा अवतरण की कथाव्यास ने बताया कि गंगा समस्त संसार के पाप को नष्ट करती हैं लेकिन गंगा के पाप तब धुलते हैं जब संत जन गंगा में स्नान करते हैं।

श्रीराम चरित्र में व्यास ने राम राज्य की अवधारणा पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि मनुप्रोक्त संविधान के द्वारा ही संसार के समस्त प्राणी सुखी हो सकते हैं और इसी के द्वारा धर्मराज्य तथा रामराज्य की स्थापना हो सकती है।

भगवान श्रीराम का अवतार भगवान मनु के सिद्धांतों के रक्षण के लिए ही होता है। ययाति चरित्र में बताया कि अजितेंद्रिय व्यक्ति के लिए पृथ्वी की सारी सामग्री भी कम पड़ जाती है, इसलिए संतोष को धारण करते हुए भगवान श्रीहरि के चरणों में प्रीति रखना प्राणियों का प्रमुख कर्त्तव्य है। श्रीकृष्ण जन्म की कथाव्यास ने बताया कि जब असुरों के अत्याचार से पृथ्वी करा. हने लगी तब भगवान ने देवकी के गर्भ से जन्म लिया। भगवान के अवतार का उद्देश्य गौ, ब्राह्मणों और धर्म की रक्षा करना होता है। श्रीकृष्ण के रूप में साक्षात् परमब्रह्म ने ही अवतार ग्रहण किया है। इसके बाद कथाव्यास और साथी ब्राह्मणों ने भगवान की बधाई के खूब गीत गाए। इस अवसर पर यथार्थ कृष्ण पाठक, कृष्णकांत पांडेय, मुख्य यजमान दिवाकर पाठक उनकी पत्नी ऋचा पाठक मुख्य आयोजक आचार्य सत्यप्रकाश पाठक शास्त्री, जयशंकर दुबे, आई.पी. शर्मा, अनुपम शर्मा, मदनलाल शर्मा, यतीश शर्मा, चेतन्य शर्मा, देवक. ीनंदन, चंद्रप्रकाश गुप्ता, रामाशंकर शर्मा, माधव मिश्र आदि रहे।

# सीओ अनुज चौधरी को प्रमोशन, बनेंगे एएसपी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** चर्चित और कर्तव्यनिष्ठ पुलिस अधिकारी अनुज चौधरी को एडिशनल एसपी (एएसपी) पद पर पदोन्नति मिलने जा रही है।

शासन स्तर पर उनकी प्रोन्नति को हरी झंडी मिल गई है और उनका नाम विभागीय प्रोन्नति समिति की बैठक में अंतिम रूप से चयनित कर लिया गया है। अब बस औपचारिक आदेश जारी होना शेष है। इस प्रमोशन की पुष्टि जनपद संभल के पुलिस अधीक्षककृष्ण कुमार बिश्नोई द्वारा की गई है। उन्होंने कहा कि अनुज चौधरी एक अनुशासित, निर्भीक और व्यवहा. रिक अधिकारी हैं, जिनका कार्यकाल बेहद सराहनीय रहा है। बता दें कि अनुज चौधरी 2012 बैच के पीपीएस अधिकारी हैं। उन्होंने खेल कोटे से चयन पाकर उत्तर प्रदेश पुलिस सेवा में प्रवेश किया था।

इससे पहले 2005 में अर्जुन अवार्ड से सम्मानित किया गया था। अनुज चौधरी का नाम शाही जामा मस्जिद सर्वे के दौरान चर्चा में आया था, जब क्षेत्र में तनावपूर्ण स्थिति उत्पन्न हो गई थी। उन्होंने सूझबूझ, संयम और निष्पक्षता के साथ हालात को संभाला और किसी भी अप्रिय घटना को टाल दिया। इसी प्रकार, होली और जुमा के बयान विवाद के दौरान भी उन्होंने प्रभावशाली तरीके से शांति व्यवस्था बनाए रखी।

इन मामलों में उनकी भूमिका को जनता और प्रशासन, दोनों ने सराहा। पदोन्नति के बाद अनुज चौधरी अब एडिशनल एसपी के रूप में कार्यभार संभालेंगे, जिससे उन्हें और अधिक प्रशासनिक अधिकार व जिम्मेदारियाँ प्राप्त होंगी। यह न केवल उनके लिए बल्कि पूरे विभाग और जनपद के लिए गर्व की बात है। सीओ अनुज चौधरी का एएसपी पद पर प्रमोशन सिर्फ एक प्रशासनिक प्रक्रिया नहीं, बल्कि उनके दृढ़ संकल्प, कर्तव्यनिष्ठा और सेवा भाव का सार्वजनिक सम्मान है। यह प्रमोशन आने वाले समय में कानून व्यवस्था की बेहतरी और प्रशासनिक मजबूती की दिशा में भी एक सकारात्मक संकेत है।

# गणेश चौथ मेले की तैयारियों को लेकर कलक्ट्रेट सभागार में हुई बैठक




**चन्दौसी।** गणेश चौथ मेले के शांतिपूर्ण और व्यवस्थित आयोजन के लिए सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार बहजोई में एक संयुक्त वार्षिक बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक की अध्यक्षता जिलाधिकारी डॉ. राजेन्द्र पैंसिया एवं पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार ने की। बैठक में मेले की तैयारियों, व्यवस्थाओं और सुरक्षा उपायों को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। मेले की सफलता को सुनिश्चित करने हेतु सभी संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वे मेला क्षेत्र में समय से पहले पेयजल, विद्युत, स्वास्थ्य, साफ-सफाई, यातायात व्यवस्था एवं सुरक्षा के समुचित प्रबंध सुनिश्चित करें। बैठक में मेला कमेटी के सदस्यों से भी संवाद किया गया, और उनके सुझावों को संज्ञान में लेते हुए संबंधित विभागों को आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए गए। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी सम्भल, अपर पुलिस अधीक्षक (उत्तरी) सम्भल, क्षेत्राधिकारी चंदौसी, उपजिलाधिकारी चंदौसी समेत अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। जिलाधिकारी ने कहा कि गणेश चौथ मेला आस्था और श्रद्धा का प्रतीक है, अतः इसकी गरिमा बनाए रखते हुए जनसहयोग से एक आदर्श मेला आयोजन सुनिश्चित किया जाए। वहीं पुलिस अधीक्षक ने मेला क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद रखने, भीड़ नियंत्रण, पार्किंग व्यवस्था और गश्त को लेकर निर्देश दिए। उन्होंने यह भी कहा कि संवेदनशील स्थानों पर पुलिस बल की तैनाती सुनिश्चित की जाएगी और सीसीटीवी कैमरों से निगरानी की व्यवस्था भी की जाएगी। सम्बंधित अधिकारियों को जल्द ही स्थल निरीक्षण कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं।

# सावन का आखिरी सोमवार, बारिश का सबसे भारी दिन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** इंद्र देवता सावन के अंतिम सोमवार पर प्रसन्न नजर आए। बीते दो माह से हो रही रिमझिम फुहारों के बाद रविवार और सोमवार को मानसून ने रिकॉर्ड तोड़ दिया, जिससे पूरे क्षेत्र में जमकर बारिश हुई और जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया। बीते 12 घंटों से लगातार हो रही बारिश ने जहां लोगों को गर्मी से राहत दी, वहीं शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में जलभराव की समस्या गहरा गई है। खासतौर से शहर के प्रमुख मार्गों सीता रोड, मनिहार चौक, फुब्बारा चौक, मालवीय चौक, सुभाष रोड और स्टेशन रोड पर भारी जलभराव देखा गया, जिससे राहगीरों और दोपहिया वाहन चालकों को खासा परेशान होना पड़ा। स्थानीय निवा. सियों ने नगरपालिका की जल निक. ासी व्यवस्था पर सवाल उठाए, वहीं कई दुकानदारों ने दुकानों में पानी भरने की शिकायत भी की। इधर सावन माह का अंतिम सोमवार होने के कारण अधिकतर विद्यालयों में अवकाश घोषित किया गया था।

# शादी का झांसा देकर युवती से किया दुष्कर्म

**मुरादाबाद।** थाना मझोला क्षेत्र की जयंतीपुर चौकी अंतर्गत एक युवती के साथ दो साल तक शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने और अश्लील फोटो खींचकर ब्लैकमेल करने का मामला सामने आया है। आरोप है कि आरोपी युवक ने 1 अगस्त 2025 को युवती को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया और शादी का वादा करके एक घर में ले जाकर शारीरिक संबंध बनाए। इस दौरान आरोपी ने युवती की अश्लील फोटो खींच ली और उन्हीं फोटोज के जरिए उसे धमकाने लगा। प्राप्त जानकारी के अनुसार, युवक काफी समय से युवती को प्रेम का झांसा देकर अवैध संबंध बना रहा था। जब युवती ने शादी के लिए दबाव डाला, तो आरोपी ने उसे अपने बुलाकर फोटो और वीडियो बना लिए और उन्हें वायरल करने की धमकी देने लगा। लगातार ब्लैकमेलिंग से परेशान होकर युवती ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई।

मामले की गंभीरता को देखते हुए मझोला थाना पुलिस ने आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुक. दमा पंजीकृत करते हुए उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। इस बाबत पूछे जाने पर चौकी इंचार्ज प्रबोध सिंह ने बताया कि पुलिस ने विवेचना के बाद आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस मामले की आगे जांच कर रही है।

# ईंधनपुर नगला में आखिरी सोमवार को किया श्रद्धालुओं ने जलाभिषेक



**कुंदरकी।** क्षेत्र के गांव ईंधन पुर नगला में प्राचीन शिव मंदिर झारखंड पाताल फोड़ मोटेश्वर महादेव शिव मंदिर पर सावन के आखिरी सोमवार को सुबह से ही बड़ी संख्या में दूर दराज से आए श्रद्धालुओं ने जलाभिषेक किया।

सोमवार को कुंदरकी। ब्लॉक के ग्राम ईंधन पुर नगला में प्राचीन शिव मंदिर झारखंड पाताल फोड़ मोटेश्वर महादेव शिव मंदिर पर सावन के चौथे ओर अंतिम सोमवार को सुबह से बड़ी संख्या में दूर दराज से आए श्रद्धालुओं ने जलाभिषेक किया,और कांवरियों ने डाक कांवर व अन्य पैदल कंवर चढ़ाई,मंदिर पर पुलिस प्रशासन के साथ कमेटी अध्यक्ष आदि लोग उपस्थित रहे। सावन के आखिरी सोमवार को मोटेश्वर महादेव शिव मंदिर पर मेले का भी आयोजन हुआ। इस दौरान देहात एसपी कुँवर आकाश सिंह कुंदरकी पुलिस बल मौजूद रहा। इसके अलावा नगर व अन्य ग्रामो में कांवड़ियों ने आखिरी सोमवार को जलाभिषेक किया। उधर थाना प्रभारी प्रदीप कुमार शेरावत ने भी पूरे क्षेत्र की व्यवस्थाओं का जायजा लिया साथ ही हाइवे पर लगातार पेट्रोलिंग की गई।

शाह टाइम्स

सम्पादकीय

मंगलवार, 5 अगस्त 2025

# अमेरिका का अड़ियल रुख

विश्व में अमेरिकी धौंस बनाए रखने के लिए वहां के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प बराबर देशों को धमका रहे हैं। कभी वह युद्ध रुकवाने के नाम पर विदेशों को धमकी देते दिखाई देते हैं तो कभी व्यापार को एक हथियार के रूप में इस्तेमाल कर रहे हैं। ऐसा करते हुए भी वह दोस्त व दुश्मन में भी कोई भेद करते दिखाई नहीं दे रहे हैं। सभी को एक डंडे से हांक रहे हैं। भारत की ही बात करें, भारत को मित्र देश की श्रेणी में भी रखते हैं, रणनीतिक साझेदार भी बताते हैं, लेकिन साथ ही 25 प्रतिशत का टैरिफ भी लगाते हैं और दलील देते हैं कि भारत रूस से तेल खरीद रहा है और वह तेल का पैसा रूस को मजबूत कर रहा है। जिससे रूस को यूक्रेन के साथ युद्ध करने में मदद मिल रही है और यह तब है जब अभी व्यापार को लेकर भारत व अमेरिका के प्रतिनिधियों के बीच वार्ता चल रही है।

ऐसा ही रुख वह चीन के प्रति भी दिखा रहा है। चीन को भी सीधे धमकी दे रहा है और रूस व इरान से तेल न लेने के लिए दबाव बना रहा है और बात न मानने की सूरत में सौ फीसदी टैरिफ लगाने की धमकी दे रहा है। चीन ने हालांकि साफ कर दिया कि वह अमेरिका की धमकियों से पीछे हटने वाला नहीं है। ईरान और रूस से वह अपना तेल लेना जारी रखेगा। यह भी तब है जब स्कॉटहाम में व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने के लिए दोनों देश बैठक कर रहे हैं। अमेरिका कितना आक्रामक है यह अमेरिकी वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट की एक्स पर की गई टिप्पणी से स्पष्ट हो जाता है, जिसमें उन्होंने कहा है कि जब रूस से तेल खरीदने की बात आती है तब चीन अपनी संप्रभुता को गंभीरता से लेता है। वैसे देखा जाए तो यह सीधे-सीधे खुली गुंडागर्दी की तरह है। हर देश की अपनी एक संप्रभुता है, अपनी जरूरत है और अपनी क्षमता है। उसी के अनुसार किसी भी देश को अपनी नीति बनानी पड़ती है। बनानी भी चाहिए, लेकिन कोई बड़ा देश उसको अपनी नीति छोड़ने के लिए कहने लगे, इसका कैसे समर्थन किया जा सकता है।

आखिर अमेरिका क्या कर रहा है। अमेरिका भी तो अपने हित ही देख रहा है, बल्कि अपने हितों की पूर्ति करने के लिए वह किसी भी हद तक जाने को आतुर दिखाई दे रहा है। यह दबंगई नहीं तो और क्या है, ऐसा करते हुए वह अपने आचरण को छुपा भी नहीं रहा है। खुल्लमखुल्ला लोगों को धमका रहा है। कोई भी समझ सकता है कि अगर देश रूस से व्यापार करने को लेकर पीछे हटते हैं तो रूस भी हाथ पर हाथ रखकर तो बैठेगा नहीं। अगर रूस इतना कमजोर होता तो वह ट्रम्प की बात कब की मान चुका होता। चीन ने भी उसकी बात मानने से साफ इन्कार कर दिया है। भले ही अमेरिकी राष्ट्रपति को लग रहा हो, वह टैरिफ के माध्यम से न सिर्फ कमजोर देशों को झुका देंगे, बल्कि उसके द्वारा होने वाली आमदनी से वह अमेरिका को मजबूती देंगे, लेकिन उन्हें समझना होगा कि हर चीज के दो पहलू होते हैं, यह दांव उल्टा भी पड़ सकता है। जिसकी कई अर्थशास्त्री आशंका भी जता चुके हैं। ऐसी भी खबरें हैं कि अमेरिका में महंगाई बढ़ने लगी है। कुल मिलाकर जिस तरह युद्धों के भय से पहले ही दुनिया डरी हुई थी, अब ट्रम्प के टैरिफ वॉर ने इसमें और आग में घी का काम किया है।

## सुरक्षा बलों के पराक्रम पर सवाल



भाजपा विरासत के संरक्षण के साथ-साथ विकास के लिए भी संकल्पित है, विरासत के संरक्षण के लिए मां शाकंभरी देवी कारिडोर बन रहा है, किसी भी मौसम में देशभर के श्रद्धालु आ सकते हैं, इसी तरह महाकुंभ में इतने श्रद्धालु आए, इससे कांग्रेस और उसके सहयोगी दल परेशान हैं, अगर आतंकी वारदात होती है, तो यह संरक्षण देने के लिए छाती चौड़ी करके आगे बढ़ने का काम करते हैं, हाल ही में दो घटनाओं पर न्यायालय ने निर्णय दिया, महाराष्ट्र के मालेगांव में कांग्रेस की तत्कालीन सरकार ने हिंदुओं को अभियुक्त बनाया था, कांग्रेस और उसके सहयोगी दल का यह कृत्य राष्ट्रद्रोह की श्रेणी में आता है, कांग्रेस आतंकी हमला करने वालों को क्लीन चिट देती है और सुरक्षा बलों के पराक्रम पर सवाल खड़ा करती है।

**-योगी आदित्यनाथ, मुख्यमंत्री, उप्र**

# डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा भारत को तोहफा





**विनीत नारायण**

हाल ही में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने भारत से आयात होने वाले सामानों पर 25 प्रतिशत टैरिफ और रूस से तेल और हथियारों की खरीद के लिए अतिरिक्त दंड की घोषणा की। यह कदम भारत-अमेरिका व्यापार संबंधों में एक महत्वपूर्ण मोड़ के रूप में देखा जा रहा है, विशेष रूप से तब जब दोनों देश एक व्यापार समझौते पर बातचीत कर रहे हैं। ट्रम्प ने भारत और रूस को 'मृत अर्थव्यवस्था' (डेड इकॉनमी) कहकर निशाना बनाया और भारत के उच्च टैरिफ और गैर-मौद्रिक व्यापार बाधाओं को इसका कारण बताया।

डोनाल्ड ट्रम्प ने अपने दूसरे कार्यकाल में वैश्विक व्यापार को प्रभावित करने वाली आक्रामक टैरिफ नीतियों को अपनाया है। 7 अगस्त 2025 से लागू होने वाले 25 प्रतिशत टैरिफ का ऐलान करते हुए, ट्रम्प ने भारत के रूस से तेल और सैन्य उपकरणों की खरीद को प्रमुख कारण बताया। उनके अनुसार, भारत रूस का सबसे बड़ा ऊर्जा खरीदार है, जो यूक्रेन में रूस के सैन्य अभियान के समय में अस्वीकार्य है। इसके अतिरिक्त, ट्रम्प ने भारत के उच्च टैरिफ ॎजिसे उन्होंने दुनिया में सबसे अधिक बतायाॠ और गैर-मौद्रिक व्यापार बाधाओं की भी आलोचना की।

यह टैरिफ अचानक भारत के लिए एक झटके के रूप में आया है, क्योंकि भारत और अमेरिका पिछले कुछ महीनों से एक व्यापार समझौते पर बातचीत कर रहे थे। ट्रम्प ने पहले 20-25 प्रतिशत टैरिफ की संभावना जताई थी, लेकिन अंतिम घोषणा में अतिरिक्त दंड भी शामिल किया गया। यह कदम भारत के फार्मास्यूटिकल्स, कपड़ा, रत्न और आभूषण और ऑटोमोबाइल जैसे क्षेत्रों को प्रभावित कर सकता है, जो अमेरिका के साथ भारत के व्यापार का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं।

कांग्रेस के नेता और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने ट्रम्प के 'मृत अर्थव्यवस्था' वाले बयान का समर्थन करते हुए केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा, हां, ट्रम्प सही हैं। हर कोई जानता है कि भारतीय अर्थव्यवस्था मृत है, सिवाय प्रधानमंत्री और वित्त मंत्री के। मुझे खुशी है कि ट्रम्प ने यह तथ्य सामने रखा। पूरी दुनिया जानती है कि भारतीय अर्थव्यवस्था खत्म हो चुकी है। भाजपा ने अडानी को मदद करने के लिए अर्थव्यवस्था को बर्बाद कर दिया।

राहुल गांधी ने नरेंद्र मोदी सरकार की आर्थिक नीतियों पर सवाल उठाए, विशेष रूप से नोटबंदी और 'त्रुटिपूर्ण' जीएसटी को अर्थव्यवस्था के पतन का कारण बताया। उन्होंने यह भी पूछा कि ट्रम्प के भारत-पाकिस्तान सीजफायर को लेकर बार बार किए जा रहे दावों पर प्रधानमंत्री की चुप्पी क्यों है?

कांग्रेस पार्टी ने इस टैरिफ को भारत की विदेश नीति की विफलता के रूप में चित्रित किया। कांग्रेस नेता सुप्रिया नेत ने कहा, राहुल गांधी ने पहले ही इस बारे में चेतावनी दी थी। यह टैरिफ हमारी अर्थव्यवस्था, निर्यात, उत्पादन और रोजगार पर असर डालेगा। हम अमेरिका को फार्मास्यूटिकल्स निर्यात करते हैं और 25 प्रतिशत टैरिफ से ए महंगे हो जाएंगे, जिससे मांग कम होगी और उत्पादन व रोजगार पर असर पड़ेगा। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने भी प्रधानमंत्री की चुप्पी पर सवाल उठाए और टैरिफ को भारत के व्यापार, एमएसएमई और किसानों के लिए हानिकारक बताया।

अन्य विपक्षी नेताओं ने भी इस मुद्दे पर सरकार की आलोचना की। समाजवादी पार्टी के नेता अखिलेश यादव ने इसे भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए बुरे दिनों की शुरुआत बताया, जबकि असदुद्दीन ओवैसी ने ट्रम्प को व्हाइट हाउस का जोकर कहकर उनकी आलोचना की। हालांकि, कांग्रेस के कुछ नेताओं ने राहुल गांधी के रुख से अलग हटकर अधिक संतुलित दृष्टिकोण अपनाया। शशि थरूर ने चेतावनी दी कि टैरिफ भारत-अमेरिका व्यापार को गंभीर रूप से प्रभावित कर सकते हैं और भारत को अपने निर्यात बाजारों में विविधता लाने की आवश्यकता है।

वहीं अर्थशास्त्रियों ने इस टैरिफ के भारत की अर्थव्यवस्था पर संभावित प्रभाव को लेकर मिश्रित राय व्यक्त की है। कुछ विशेषज्ञों का मानना है कि इसका प्रभाव सीमित होगा, जबकि अन्य ने दीर्घकालिक नुकसान की चेतावनी दी है। ईन्वेस्टमेंट इनफार्मेशन एंड क्रेडिट रेटिंग एजेंसी ऑफ इंडिया (आईसीआरए) की मुख्य अर्थशास्त्री अदिति नायर ने कहा, प्रस्तावित टैरिफ और दंड हमारी अपेक्षा से अधिक हैं और इससे भारत की जीडीपी वृद्धि पर असर पड़ सकता है। प्रभाव की गंभीरता दंड के आकार पर निर्भर करेगी। अर्नेस्ट एंड यंग इंडिया (ई-वाई) के व्यापार नीति विशेषज्ञ अग्नेश्वर सेन ने बताया कि टैरिफ से समुद्री उत्पाद, फार्मास्यूटिकल्स, कपड़ा, चमड़ा और ऑटोमोबाइल जैसे क्षेत्र सबसे अधिक प्रभावित होंगे। यह क्षेत्र भारत-अमेरिका व्यापार में मजबूत हैं, और टैरिफ से इनकी प्रतिस्पर्धात्मकता कम हो सकती है।

फाउंडेशन फॉर इकोनॉमिक डेवलपमेंट के राहुल अहलूवालिया ने चेतावनी दी कि टैरिफ भारत को वियतनाम और चीन जैसे अन्य एशियाई अर्थव्यवस्थाओं की तुलना में कमजोर स्थिति में ला सकता है। उनके अनुसार, निर्यात आपूर्ति श्रंखलाओं का भारत की ओर स्थानांतरण अब संभावना नहीं है। हालांकि, कुछ विशेषज्ञों ने आशावादी रुख अपनाया। फिक्की के अध्यक्ष हर्षवर्धन अग्रवाल ने कहा, हालांकि यह कदम दुर्भाग्यपूर्ण है और हमारे निर्यात पर असर डालेगा, हमें उम्मीद है कि यह एक अल्पकालिक घटना होगी और दोनों पक्ष जल्द ही एक स्थाई व्यापार समझौते पर पहुंच जाएंगे। भारत सरकार ने इस मुद्दे पर सतर्क और संयमित रुख अपनाया है। वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने संसद में कहा, हम राष्ट्रीय हितों की रक्षा के लिए सभी आवश्यक कदम उठाएंगे। भारत ने एक दशक में फ्रैजाइल फाइव से दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था बनने का सफर तय किया है। सरक. ारी सूत्रों ने संकेत दिया है कि भारत तत्काल जवाबी टैरिफ लगाने के बजाय बातचीत के रास्ते को अपनाएगा।

एक सूत्र ने कहा, चुप्पी सबसे अच्छा जवाब है। हम बातचीत की मेज पर इस मुद्दे को हल करेंगे। कुल मिलाकर डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा भारत पर लगाए गए 25 प्रतिशत टैरिफ और अतिरिक्त दंड ने भारत-अमेरिका व्यापार संबंधों में एक नया तनाव पैदा कर दिया है। राहुल गांधी और विपक्ष ने इसे सरकार की आर्थिक और विदेश नीति की विफलता के रूप में प्रस्तुत किया, जबकि अर्थशास्त्रियों ने इसके मिश्रित प्रभावों की ओर इशारा किया है। जहां कुछ क्षेत्रों पर तत्काल असर पड़ सकता है, वहीं भारत के पास अन्य बाजारों में विविधता लाने और बातचीत के जरिए समाधान खोजने का अवसर है। यह स्थिति न केवल आर्थिक बल्कि भूराजनीतिक दृष्टिकोण से भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि भारत को अपनी रणनीतिक स्वायत्तता और आर्थिक हितों को संतुलित करना होगा। देखना यह है कि आने वाले दिनों में सरकार इस समस्या से कैसे निपटती है।

# अगस्त में इन हसीन जगहों को करें एक्सप्लोर

**केरल की सांस्कृतिक राजधानी के रूप में फेमस त्रिशूर घूमने के लिहाज से एक परफेक्ट डेस्टिनेशन है। यह केरल का ऐतिहा. सिक और धार्मिक शहर माना जाता है। त्रिशूर में आपको खूबसूरती से लेकर स्थानीय संस्कृति का बेजोड़ नमूना देखने का मौका मिलेगा। आप यहां पर अथिरापल्ली झरना, वड़ाकुमनाथन मंदिर आदि को भी एक्सप्लोर कर सकते हैं।**



जब भी दक्षिण भारतीय राज्यों में घूमने की बात होती है, तो लोग सबसे पहले केरल का नाम लेते हैं। अरब सागर के तट पर स्थित केरल एक बेहद खूबसूरत राज्य है। जहां पर हर दिन हजारों पर्यटक घूमने के लिए पहुंचते हैं। केरल में कपल्स को हिल स्टेशन्स से लेकर समुद्री इलाके सबसे आकर्षिक करते हैं। इसलिए हर महीने दर्जन से भी अधिक कपल्स केरल रोमांटिक वेकेशन पर जाते हैं। अगस्त साल का एक ऐसा महीना है, जब कपल्स केरल में छुट्टियां मनाने के लिए पहुंचते हैं। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको केरल की कुछ रोमांटिक डेस्टिनेशन के बारे में बताने जा रहे हैं। जहां पर आप भी अपने पार्टनर के साथ हसीन पल बिताने के लिए पहुंच सकते हैं।

**अल्लेप्पी**

अगस्त के महीने में केरल की सबसे खूबसूरत और रोमांटिक जगह घूमने की बात की जाती है, तो कई कपल्स सबसे पहले अल्लेप्पी पहुंचते हैं। यह जगह अपनी खूबसूरती और मेहमान नवाजी के कारण केरल के टॉप हनीमून डेस्टिनेशन माना जाता है। यह जगह अपने सबसे सुंदर बैकवाटर, लैगून और खूबसूरत बीचेज के लिए जाना जाता है। यहां पर समुद्र तट के किनारे कई ऐसे रिसॉर्ट और विला हैं, जो कपल्स का शानदार वेलकम करते हैं। वहीं आप खूबसूरत बीच के किनारे खुशनुमा सुबह से लेकर हसीन शाम का लुत्फ उठा सकते हैं। वहीं पार्टनर के साथ हाउसबोट्स का भी आनंद ले सकते हैं।

**वायनाड**

वैसे केरल का मुन्नार तो हर कोई घूमने जाता है, लेकिन अगर आप किसी भीड़-भाड़ से दूर शांत और खूबसूरत हिल स्टेशन को एक्सप्लोर करना चाहते हैं। तो आपको वायनाड को जरूर एक्सप्लोर करना चाहिए। यहां पर आप अपने पार्टनर के साथ रोमांटिक और क्वांटिटी टाइम बिता सकेंगे।

वायनाड एक बेहद शानदार और खूबसूरत हिल स्टेशन है। जोकि अपने चाय-काफी के बागान, हरियाली और शानदार वॉटरफॉल के लिए फेमस है। यहां पर कई ऐसे रिसॉर्ट और विला हैं, जहां पर आप अपने पार्टनर के साथ रोमांटिक पल बिता सकते हैं। इसके अलावा आप यहां पर कुरुवा द्वीप, चेम्बरा पीक और बाणासुर सागर बांध जैसी जगहों को एक्सप्लोर कर सकते हैं।

**कोवलम**

केरल के सबसे खूबसूरत और लोकप्रिय पर्यटन स्थलों में कोवलम का नाम भी शामिल है। यह अरब सागर के तट पर स्थित है। यहां पर सिर्फ अगस्त के महीने में नहीं बल्कि हर महीने पर्यटक घूमने के लिए पहुंचते हैं। यह जगह अपने अधिक समुद्र तटों और प्राकृतिक सुंदरता के लिए भी जाना जाता है। यहां पर हवा बीच, लाइट हाउस बीच और कोवलम बीच के किनारे कई कपल्स हनीमून के लिए भी पहुंचते हैं।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# अगस्त क्रांति: स्मृतियों के बीच राष्ट्रभक्ति पर सुलगते सवाल





**वीरेश तरार**

भारत छोड़ो आंदोलन, जिसे इतिहास में अगस्त क्रांति के नाम से जाना जाता है, केवल एक राजनीतिक घोषणापत्र नहीं था। यह भारत की आत्मा से उपजे उस आक्रोश की आवाज थी, जो वर्षों से दबाई जा रही थी। यह अंग्रेजों के विरुद्ध तो था ही, लेकिन उससे कहीं गहरे जाकर यह उन तमाम शक्तियों के विरुद्ध भी था, जो भारत की स्वतंत्र चेतना को दबाए रखना चाहती थीं, फिर चाहे वे विदेशी हुक्मरान हों या देश के भीतर छिपे उनके साझेदार।

इस क्रांति की शुरुआत आठ अगस्त, उन्नीस सौ बयालीस को मुंबई में गांधी जी के करो या मरो के आह्वान से हुई, लेकिन इसकी चेतना कई दशक पहले उपज चुकी थी। लाहौर अधिवेशन, 1929 यही वह क्षण था जब भारतीय स्वतंत्रता संग्राम ने पूर्ण स्वराज को अपना लक्ष्य घोषित किया। इस प्रस्ताव का नैतिक बल था। भगत सिंह और उनके साथियों द्वारा जगाई गई वह क्रांति-चेतना, जो केवल सत्ता परिवर्तन नहीं, बल्कि सामाजिक और मानसिक मुक्ति की आकांक्षा से प्रेरित थी। भगत सिंह ने केवल ब्रिटिश सत्ता को चुनौती नहीं दी थी, बल्कि उन्होंने उस प्रत्याशा और जड़ता को भी तोड़ा था जो डोमिनियन स्टेटस के नाम पर अंग्रेजी कृपा की प्रतीक्षा कर रही थी। उनका विचार था कि अधूरी आजादी, दरअसल गुलामी की ही एक और शक्ल है। उनकी शहादत के बाद जो पीढ़ी सामने आई, उसमें छात्र, नवयुवक, किसान और मजदूर सभी में एक छटपटाहट थी। यह वर्ग अंग्रेजों से सिर्फ इसलिए नहीं टकरा रहा था कि वे विदेशी थे, बल्कि इसलिए भी कि वे उस शोषण-व्यवस्था के रक्षक बन चुके थे जिससे भारतीय जन-जीवन त्रस्त था। गांधी जी ने लंबे समय तक ब्रिटिश शासन को एक नैतिक सत्ता माना और वे डोमिनियन स्टेटस के पक्षधर रहे, लेकिन जब विश्व युद्ध के बीच अंग्रेजों की साम्राज्यिक कमजोरी सामने आई और भारतीय जनमानस की बेचैनी असहनीय हो गई, तब गांधी जी को पूर्ण स्वतंत्रता की मांग करनी पड़ी। यही वह बिंदु था, जहां क्रांतिकारी चेतना और गांधीवादी नेतृत्व एक बिंदु पर आकर मिलते हैं।

अगस्त क्रांति का सबसे बड़ा सत्य यही था कि जब कांग्रेस का संपूर्ण नेतृत्व गांधी, नेहरू, पटेल आदि गिरफ्तार कर लिया गया, तब भी आंदोलन नहीं रुका। यह एक जन-आंदोलन था, जिसमें नेतृत्व का अभाव भी ऊर्जा को रोक न सका। छात्र, किसान, स्त्रियां, मजदूर सबने अपने-अपने ढंग से ब्रिटिश सत्ता को चुनौती दी। परंतु, इस व्यापक जनक्रांति के बीच कुछ ऐसे चेहरे और संगठन भी थे जिन्होंने मौन धारण कर लिया और यह मौन केवल रणनीतिक नहीं, वैचारिक था।

हिंदू महासभा और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने आंदोलन से खुद को दूर रखा। सावरकर के निर्देश पर हिंदू महासभा के नेता प्रांतीय सरकारों में अंग्रेजों के साथ कार्यरत रहे। बंगाल और सिंध में मुस्लिम लीग के साथ मिलकर हिंदू महासभा ने सरकार चलाई उस समय जब देश के नौजवान जेलों में थे, यातनाएं झेल रहे थे, गोलियां खा रहे थे। आरएसएस ने प्रत्यक्ष भागीदारी नहीं की और आज जो संगठन राष्ट्रवाद का सबसे ऊंचा झंडा उठाते हैं, वे तब भारत की पुकार पर मौन थे। यह ऐतिहासिक सत्य है, जिसे विस्मृत नहीं किया जाना चाहिए विशेषकर तब, जब यही संगठन आजादी के आंदोलन में कांग्रेस की भूमिका पर बार-बार सवाल उठाते हैं।

भारत की रियासतों का एक बड़ा हिस्सा, विशेषत: राजपूताना, हैदराबाद, कश्मीर, ग्वालियर आदि, अंग्रेजों का स्थाई साझेदार बना रहा।

ये रियासतें कर वसूली और जागीरदारी के माध्यम से सत्ता में भागीदारी करती थीं और उन्हें स्वतंत्र भारत की कोई इच्छा नहीं थी। यह वर्ग कृ जमींदार, रईस, बड़े व्यापारी, ब्रिटिश सरकार के सहयोगी अधिकारी 1857 की क्रांति में क्रांति को विफल करने में सक्रिय भूमिका निभा चुके थे और 1942 में भी वही भूमिका दोहरा रहे थे। वे भारत को नहीं, अपने लाभ को बचाना चाहते थे। इसके बरक्स वह वर्ग था किसान, मजदूर, छोटा दुक. ानदार, दैनिक श्रमिक कृ जो अंग्रेजी शासन से त्रस्त था और जिसकी पीड़ा ही अगस्त क्रांति की आग में घी का काम कर रही थी। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी की भूमिका अगस्त क्रांति में जटिल रही। 1941 में सोवियत संघ पर हिटलर के आक्रमण के बाद, सोवियत हितों की रक्षा के नाम पर कम्युनिस्टों ने ब्रिटिश युद्ध प्रयासों को समर्थन देना शुरू किया। उन्होंने भारत छोड़ो आंदोलन से दूरी बनाई, यद्यपि कई स्थानीय स्तरों पर कार्यकर्ता आंदोलन से जुड़े रहे। यह एक उदाहरण है जब अंतर्राष्ट्रीय वामपंथी वैचारिक प्रतिबद्धताएं राष्ट्रीय आंदोलन से टकराईं।

डॉ. भीमराव अंबेडकर, इस समय वायसराय की कार्यकारिणी परिषद में श्रम सदस्य के रूप में कार्यरत थे। उन्होंने आंदोलन का प्रत्यक्ष समर्थन नहीं किया। उनके लिए स्वतंत्रता से भी पहले सामाजिक समता और दलित अधिकारों की गारंटी जरूरी थी। यद्यपि वे ब्रिटिश सत्ता के स्थाई बने रहने के पक्षधर नहीं थे, पर उन्होंने कांग्रेस की नीयत पर सवाल उठाए और आंदोलन को अधूरी सामाजिक दृष्टि से देखा। हालांकि, इस लेख में उनकी भूमिका को विश्लेषण के लिए पृथक लेख में स्थान देना अधिक उचित होगा।

भारत छोड़ो आंदोलन केवल कांग्रेस का नेतृत्व आंदोलन नहीं था, बल्कि भारतीय जनता की निर्णायक भागीदारी का वह क्षण था जब लोग खुद आगे बढ़कर आंदोलन को जीवित रखते हैं। इसमें वही संगठन चुप थे, जो आज राष्ट्रवाद की ठेकेदारी करते हैं। इतिहास का यह चेहरा, हर बार स्मरण किया जाना चाहिए, क्योंकि जब आज सत्ता पक्ष आजादी के आंदोलन में कांग्रेस की भूमिका को धुंधलाने का प्रयास करता है, तो यह सवाल बार-बार पूछा जाना चाहिए कि 1942 ,जहां पूरा भारत सड़कों पर था और उसका नेतृत्व जेलों में, तब आप कहां थे? यहां इन पंक्तियों में हम केवल इतिहास का स्मरण नहीं कर रहे हैं बल्कि वर्तमान राजनीतिक विमर्श के बीच इस ऐतिहासिक सवाल को रख ना भी इसलिए जरूरी समझ रहे है क्योंकि स्वाधीनता केवल एक तारीख नहीं एक चेतना है, जिसे हर पल जिंदा रखना जरूरी है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# अपनी मर्जी से तेल खरीदेगा चीन

## बीजिंग ने सख्त रुख अपनाया, अमेरिका की मांग को ठुकराया

**बीजिंग।** अमेरिका, रूस और ईरान से कच्चा तेल खरीदने वाले देशों पर सख्ती कर रहा है। हालांकि चीन ने अमेरिका की इस मांग को मानने से साफ इन्कार कर दिया है। चीन और अमेरिका के बीच व्यापार समझौते पर भी बातचीत चल रही है और उम्मीद जताई जा रही है कि दोनों देशों में व्यापार समझौता जल्द हो सकता है, लेकिन रूस और ईरान से तेल न खरीदने की बात पर चीन ने सख्त रुख अपनाया है। चीन के विदेश मंत्रालय ने बुधवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर साझा एक पोस्ट में लिखा कि चीन हमेशा देशहित को ध्यान में रखते हुए अपनी ऊर्जा जरूरतों की आपूर्ति सुनिश्चित करेगा।

अमेरिका ने रूस और ईरान से तेल खरीदने पर चीन पर 100 प्रतिशत टैरिफ लगाने की धमकी दी है। जिस पर चीन के विदेश मंत्रालय ने बुधवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर साझा एक पोस्ट में लिखा कि चीन हमेशा देशहित को ध्यान में रखते हुए अपनी ऊर्जा जरूरतों की



### ईरान का 80-90 फीसदी तेल खरीद रहा चीन

आपूर्ति सुनिश्चित करेगा। चीन ने कहा कि दबाव बनाने और जबरदस्ती से कुछ हासिल नहीं होगा। चीन अपनी संप्रभुता, सुरक्षा और विकास हितों की दृढ़ता से रक्षा करेगा। चीन की यह प्रतिक्रिया ऐसे समय सामने आई है, जब दोनों देशों के अधिकारी स्टाकहोम में व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने में जुटे हैं। चीन के सख्त रुख पर तंज कसते हुए अमेरिका के वित्त मंत्री स्काट बेसेंट ने कहा कि जब रूस से तेल खरीदने की बात आती है, तब चीन अपनी संप्रभुता को बहुत गंभीरता से लेता है। गौरतलब है कि अमेरिका का कहना है कि रूस से जो देश तेल खरीद रहे हैं, उससे रूस की सेना की मदद हो रही है और यूक्रेन में युद्ध जारी है। वहीं ईरान भी तेल बिक्री के पैसों से पश्चिम एशिया में आतंकी संगठनों को फंडिंग दे रहा है। ऐसे में अमेरिका में रूस और ईरान के वित्तपोषण पर रोक लगाना चाहते हैं। अमेरिका ने भारत पर भी इसके लिए 25 प्रतिशत टैरिफ और पेनल्टी लगाने की घोषणा की है। एशिया सोसाइटी पालिसी इंस्टीट्यूट के प्रतिष्ठित फेलो डैनी रसेल ने कहा कि रूस से तेल खरीदना जारी रखने से रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ शी जिनपिंग की 'रणनीतिक एकजुटता' बनी रहती है और चीन की आर्थिक लागत में भी उल्लेखनीय कमी आती है।

### तेल खरीदकर रूस की मदद कर रहा भारत



**राष्ट्रपति ट्रम्प के करीबी सहयोगी व्हाइट हाउस में डिप्टी चीफ ऑफ स्टाफ स्टीफन मिलर ने फिर लगाया आरोप**

**वाशिंगटन।** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के एक वरिष्ठ सहयोगी ने रविवार को आरोप लगाया कि भारत मास्को से तेल खरीदकर यूक्रेन युद्ध में रूस को प्रभावी ढंग से वित्तीय मदद दे रहा है। ट्रम्प की ओर से नई दिल्ली पर रूस से तेल खरीदना बंद करने का दबाव बढ़ाने के बाद अमेरिकी अधिकारी ने यह आरोप लगाया है।

व्हाइट हाउस में डिप्टी चीफ आफ स्टाफ और शासन में ट्रम्प के सबसे प्रभावशाली सहयोगियों में से एक स्टीफन मिलर ने कहा, राष्ट्रपति टंप ने बहुत स्पष्ट रूप से कहा कि रूस से तेल खरीदकर भारत का इस युद्ध को वित्तपोषित करना स्वीकार्य नहीं है। मिलर ने फाक्स न्यूज से कहा लोग यह जानकर हैरान होंगे कि रूसी तेल खरीदने में भारत खासकर चीन के साथ जुड़ा हुआ है। यह एक आश्चर्यजनक तथ्य है। हालांकि मिलर ने अपनी आलोचना को नरम करते हुए ट्रम्प के भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ संबंधों का उल्लेख किया और इसे जबरदस्त बताया। मिलर की ओर से की गई भारत की यह आलोचना ट्रम्प प्रशासन की ओर से हिंद-प्रशांत क्षेत्र में अमेरिका के प्रमुख साझेदारों में से एक के बारे में की गई अब तक की सबसे कड़ी आलोचनाओं में से एक थी। वाशिंगटन स्थित भारतीय दूतावास ने इस टिप्पणी का तुरंत जवाब नहीं दिया।

# यूक्रेनी सेना में महिलाओं का दबदबा

## साढ़े तीन साल में तादाद एक लाख पहुंची, ड्रोन से लेकर मोर्चे पर तोपें संभाल रहीं

- युद्ध शुरू होने के बाद महिलाएं सेना में शामिल होने के लिए खुद आगे आ रही
- 2022 में रूस के आक्रमण से पहले सेना में 15 प्रतिशत महिलाएं थीं, अब उनकी संख्या दोगुनी हो गई है



**कीव।** यूक्रेन और रूस युद्ध के बीच यूक्रेन की सेना में महिलाओं की भागीदारी तेजी से बढ़ी है। बीते साढ़े तीन साल में सेना में महिलाओं की संख्या बढ़कर एक लाख हो गई है। फिलहाल यूक्रेनी सेना में कुल 10 लाख सैनिक हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, युद्ध शुरू होने के बाद महिलाएं सेना में शामिल होने के लिए खुद आगे आ रही हैं।

सशस्त्र बलों की सलाहकार ओक्साना ग्रिगोरिएवा बताती हैं कि रूस के खिलाफ फिलहाल साढ़े पांच हजार महिलाएं सीधे मोर्चे पर हैं। ये महिलाएं ड्रोन से लेकर सीधे मोर्चे पर तोपें संभाल रही हैं। इसके अलावा ये मेडिकल सपोर्ट, फ्रंटलाइन ट्रांसपोर्ट जैसी डयूटीज भी निभा रही हैं। बता दें कि 2022 में रूस के आक्रमण से पहले सेना में 15 प्रतिशत महिलाएं थीं। अब उनकी संख्या दोगुनी हो गई है। ग्रिगोरिएवा कहती हैं कि सैन्य स्कूलों और कालेजों में अब 20 प्रतिशत छात्राएं हैं, जो बड़ा बदलाव है। पूर्व पेशेवर हेप्टाथलीट अलीना शुख ने शुरू में प्रतिष्ठित अजोव ब्रिगेड में भर्ती होने की कोशिश की, लेकिन उन्हें बताया गया कि उनके लिए कोई पद नहीं है। इसके बाद वे खर्टिया ब्रिगेड में शामिल हुईं। शुख कहती हैं कि वह अपनी ब्रिगेड में ज्यादातर पुरुष सैनिकों से मजबूत हैं। वहीं, तोपखाने की कमांडर ओल्हा बिहार कहती हैं कि टेक्नोलाजी युद्ध को बदल रही है। अब सबसे अच्छा सैनिक ड्रोन पायलट हो सकता है, जिनकी उगलियां तेज चलती हैं। वे कहती हैं कि मुझे उम्मीद है कि मैं एक दिन रक्षा मंत्री बनूंगी। इनविजिबल बटालियन के एक रिसर्च प्रोजेक्ट में मदद करने वाली मारिया बर्लिंस्का रूस के शुरुआती आक्रमण के बाद से महिलाओं के लिए ज्यादा भूमिकाएं खोलने की कोशिश कर रही हैं। वे बताती है, हर युद्ध ने तकनीकी प्रगति और महिलाओं की आजादी को बढ़ावा दिया है।

## संक्षिप्त समाचार

### इज़रायल ने यमन से दागे गए ड्रोन को रोका

**यरूशलम/सना।** इज़रायल की सेना ने यमन से उसके क्षेत्र की ओर दागे गए एक ड्रोन को रोक दिया है। सेना ने रविवार को यह जानकारी दी। सेना ने एक बयान में कहा कि दक्षिणी इज़रायल के बेनी नेत्ज़ारिम में सायरन यमन से प्रक्षेपित एक ड्रोन की घुसपैठ के कारण सक्रिय हो गए। बयान में यह भी कहा गया है कि ड्रोन को रोक लिया गया और किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है।

### कैमरून के एंग्लोफोन में चार अलगाववादी लड़ाके मारे गए

**याउंडे।** कैमरून के अशांत दक्षिण-पश्चिम क्षेत्र में एक सैन्य अभियान में कम से कम चार अलगाववादी लड़ाके मारे गए हैं। सुरक्षा सूत्रों ने रविवार को यह जानकारी दी। एक क्षेत्रीय सैन्य अधिकारी ने बताया कि सैन्य बलों ने शनिवार देर रात एंग्लोफोन क्षेत्र के मौमू इलाके में लड़ाकों पर घात लगाकर हमला किया। अधिकारी ने नाम न बताने की शर्त पर बताया, अपने सूत्रों से सूचना मिलने के बाद हमारे बहादुर सैनिकों ने नियमित गश्त पर निकले और नागरिकों को आतंकित करने वाले अलगाववादी आतंकवादियों पर घात लगाकर हमला किया।

### मेक्सिको की जेल में हुए दंगे में सात कैदियों की मौत

**मेक्सिको सिटी।** मेक्सिको के पूर्वी राज्य वेराक्रूज़ के टक्सपैन शहर में शनिवार को एक जेल में हुए दंगे में कम से कम सात कैदियों की मौत हो गई और 11 अन्य घायल हो गए। राज्य के लोक सुरक्षा सचिवालय ने रविवार को यह जानकारी दी।

# रूस के ऑयल डिपो पर यूक्रेन का ड्रोन अटैक

## आग लगी, विस्फोट का वीडियो बनाने वाली दो रशियन लड़कियों को हिरासत में लिया

**मास्को।** यूक्रेन ने रूस के सोची स्थित एक आयल डिपो पर ड्रोन से हमला किया। हमले के बाद डिपो में भीषण आग लग गई। क्रास्नोडार क्षेत्र के गवर्नर वेनियामिन कोंद्रात्येव ने बताया कि ड्रोन के मलबे के तेल टैंक से टकराने के बाद आग लगी, जिसे बुझाने के लिए 120 से ज्यादा दमकलकर्मी लगाए गए।

सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में डिपो से उठते काले धुएं के गुबार देखे जा सकते हैं। हमले के बाद रूस की नागरिक उड्डयन एजेंसी रोसावियात्सिया ने कुछ समय के लिए सोची एयरपोर्ट पर उड़ानें रोक दीं। इस दौरान 2 रशियन लड़कियां विस्फोट के साथ वीडियो बनाते हुए भी नजर आईं। दोनों के साथ बैकग्राउंड में एक युवक भी मौजूद था। वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने तीनों को



हिरासत में ले लिया। रूस के रक्षा मंत्रालय के मुताबिक, रशियन सेना ने शनिवार रात से रविवार सुबह तक रूस और ब्लैक सी के ऊपर यूक्रेन के 93 ड्रोन मार गिराए। हालांकि रूस के वोरोनेज क्षेत्र में एक और यूक्रेनी ड्रोन हमले में चार लोग घायल हो गए। सोची आयल डिपो पर यूक्रेनी ड्रोन हमले के बाद काले धुएं का गुबार उठता नजर आया। दूसरी तरफ रूस भी लगातार यूक्रेन पर मिसाइल और ड्रोन हमले कर रहा है। यूक्रेनी वायुसेना के मुताबिक शनिवार रात 2 अगस्त को रूस ने 76 ड्रोन और 7 मिसाइलें दागीं। इनमें से 60 ड्रोन और 1 मिसाइल को मार गिराया गया। बाकी 16 ड्रोन और 6 मिसाइलें आठ अलग-अलग जगहों पर गिरीं। इससे पहले 31 जुलाई को रूसी ड्रोन और मिसाइल हमले में यूक्रेन के 31 लोग मारे गए थे। इनमें 5 बच्चे शामिल थे, जबकि 150 से ज्यादा घायल हुए थे। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने रूसी राष्ट्रपति पुतिन को शांति वार्ता को आगे बढ़ाने के लिए 8 अगस्त तक का अल्टीमेटम दिया है। ट्रम्प ने चेतावनी दी कि अगर कोई हल नहीं निकला तो रूस पर नए आर्थिक प्रतिबंध लगाए जाएंगे। हालांकि उन्होंने यह भी कहा- रूसी काफी चालाक होते हैं, अक्सर प्रतिबंधों को चकमा दे देते हैं, देखते हैं क्या होता है। ट्रम्प ने बताया कि उनके विशेष दूत स्टीव विटकाफ बुधवार या गुरुवार को रूस की यात्रा पर जा सकते हैं।

### जापान की सबसे बुजुर्ग महिला बनीं शिगेको कगावा

**टोक्या।** जापान के स्वास्थ्य, श्रम और कल्याण मंत्रालय के अनुसार, नारा प्रान्त की 114 वर्षीय सेवानिवृत्त चिकित्सक शिगेको कगावा जापान की सबसे बुजुर्ग जीवित व्यक्ति बन गई हैं। इससे पहले 114 वर्षीय मियोको हिरोयासु जापान के सबसे बुजुर्ग व्यक्ति थे, लेकिन अब उनके निधन के बाद शिगेको कगावा के नाम यह उपलब्धि दर्ज हो गई है। जापान की असाधारण दीर्घायु की प्रतीक कगावा ने द्वितीय विश्व युद्ध से पहले मेडिकल स्कूल से स्नातक की उपाधि प्राप्त की। उन्होंने द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान ओसाका के एक अस्पताल में सेवाएं दीं और बाद में एक प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ के रूप में खुद के क्लिनिक का संचालन किया। वह 86 वर्ष की आयु में सेवानिवृत्त हुईं। 1

# टैरिफ लगाकर अमेरिका का कर्ज उतारेंगे ट्रम्प

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने दर्जनों व्यापारिक साझेदार देशों पर पारस्परिक टैरिफ लगाने के अपने फैसले का बचाव किया है। ट्रम्प ने कहा कि ऐसा कई साल पहले कर दिया जाना चाहिए था। ट्रम्प ने कहा कि टैरिफ से मिलने वाले पैसों से अमेरिका अपना कर्ज उतारेगा।

मीडिया से बात करते हुए ट्रम्प ने कहा कि हम कर्ज का भुगतान करेंगे। देश में बहुत सारा पैसा आने वाला है और इतना पैसा देश में कभी एकसाथ नहीं आया होगा। इससे पहले कर्ज का भुगतान करेंगे। हमें ये कई साल पहले कर देना चाहिए था। मैंने अपने पहले कार्यकाल में चीन के साथ ये किया था, लेकिन कोरोना महामारी के चलते अन्य देशों के साथ ऐसा नहीं हो सका। ट्रम्प ने कहा कि मैं किसी तरह का दबाव नहीं, बल्कि निष्पक्षता चाहता हूं। हम जहां भी और जितना हो सके, पारस्परिक

**■ देश में बहुत सारा पैसा आने वाला है और इतना पैसा देश में कभी एकसाथ नहीं आया होगा**

कर देखना चाहते हैं। कभी-कभी, यह उनके लिए बहुत ज्यादा हो जाता है। यह एक बहुत बड़ी राशि होगी। और मैं बस इतना ही कह सकता हूं कि इससे हमारा देश सैकड़ों अरब डॉलर कमाएगा। व्हाइट हाउस में आने के छह महीनों के भीतर ही ट्रम्प ने वैश्विक आर्थिक व्यवस्था को तबाह कर दिया और अमेरिका की आर्थिक ताकत का इस्तेमाल कर उन देशों को दंडित देना शुरू किया, जिनके साथ अमेरिका का व्यापार घाटा है। 2 अप्रैल को अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने उन देशों से आयात पर 50 प्रतिशत तक पारस्परिक कर लगाने और लगभग सभी अन्य देशों पर 10 प्रतिशत आधारभूत कर लगाने की घोषणा की, जिनके साथ अमेरिका का व्यापार घाटा है।

### गाजा में अतिरिक्त धनराशि देगा ऑस्ट्रेलिया

**कैनबरा।** ऑस्ट्रेलिया सरकार ने गाजा में मानवीय सहायता प्रयासों के लिए अतिरिक्त धनराशि देने का वादा किया है। विदेश मंत्री पेनी वोंग और अंतर्राष्ट्रीय विकास मंत्री ऐनी एली ने सोमवार को घोषणा की कि ऑस्ट्रेलिया गाजा में भोजन, चिकित्सा आपूर्ति और अन्य जीवन रक्षक सहायता प्रदान करने वाले संगठनों को अतिरिक्त दो करोड़ ऑस्ट्रेलियाई डॉलर (1.29 करोड़ अमेरिकी डॉलर) प्रदान करेगा। नई धनराशि में संयुक्त राष्ट्र विश्व खाद्य कार्यक्रम के लिए 60 लाख ऑस्ट्रेलियाई डॉलर (38 लाख अमेरिकी डॉलर) और यूनिसेफ तथा रेड क्रॉस की अंतर्राष्ट्रीय समिति के लिए 50 लाख ऑस्ट्रेलियाई डॉलर (32 लाख अमेरिकी डॉलर) शामिल हैं।

### थाईलैंड और कंबोडिया के अधिकारियों की मलेशिया में बैठक

**कुआलालंपुर।** थाईलैंड और कंबोडिया के अधिकारियों ने सोमवार को मलयेशिया में पहली बार आमने-सामने बैठक की। पिछले हफ्ते दोनों देशों के बीच घातक सीमा संघर्ष के बाद संघर्षविराम लागू हुआ था।

उसके बाद यह पहली औपचारिक बैठक थी। इस संघर्ष में कई दर्जन लोगों की जान गई और 2.6 लाख से ज्यादा लोग बेघर हुए। चार दिन तक चलने वाली सामान्य सीमा समिति की यह बैठक पहले कंबोडिया में होनी थी। लेकिन बाद में दोनों देशों ने एक तटस्थ स्थान के तौर पर मलयेशिया में मिलने पर सहमति बनाई। मलयेशिया इस साल आसियान का अध्यक्ष भी और पिछले महीने दोनों देशों के बीच संघर्ष रुकवाने में मध्यस्थ की भूमिका

**■ संघर्षविराम के बाद तनाव कम की कोशिशें तेज**

निभा चुका है। 28 जुलाई को संघर्षविराम तब लागू हुआ, जब अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने दोनों देशों को आर्थिक दबाव में लेकर चेतावनी दी कि अगर संघर्ष बंद नहीं हुआ, तो अमेरिका उनके साथ कोई व्यापार समझौता नहीं करेगा। संघर्षविराम के बाद एक अगस्त को अमेरिका ने इन देशों से आयात होने वाले सामान पर टैरिफ 36 फीसदी से घटाकर 19 प्रतिशत कर दिया। आज बातचीत का मुख्य उद्देश्य यह था कि भविष्य में दोबारा कोई झड़प न हो, इसके लिए नियम तय किए जाएं। सीमा विवाद वाले इलाकों पर पुराने दावों को इस चर्चा का हिस्सा नहीं बनाया गया।

### भारतवंशी मथुरा श्रीधरन अमेरिका में सॉलिसिटर जनरल बनी

**वाशिंगटन।** भारतीय मूल की अमेरिकी वकील मथुरा श्रीधरन को ओहियो राज्य की सालिसिटर जनरल नियुक्त किया गया है। नियुक्ति के बाद मथुरा को आनलाइन ट्रोलिंग का सामना करना पड़ा। कुछ लोगों ने उनकी बिंदी और भारतीय मूल को लेकर सवाल उठाए और कहा कि एक गैर-अमेरिकी को यह पद क्यों दिया गया। इसके जवाब में ओहियो के अटार्नी जनरल डेव योस्ट ने कहा कि कुछ लोग गलत कह रहे हैं कि मथुरा अमेरिकी नहीं हैं। वह अमेरिकी नागरिक हैं, एक अमेरिकी नागरिक से शादीशुदा हैं और उनके माता-पिता भी अमेरिकी नागरिक हैं। अगर उनका नाम या रंग आपको परेशान करता है, तो समस्या आप में है, न कि मथुरा या उनकी नियुक्ति में।



प्रयागराज। मानसून के मौसम में गंगा नदी के जलस्तर में वृद्धि के बीच एसडीआरएफ के जवान बाढ़ग्रस्त क्षेत्र से लोगों को निकालते हुए।



# नेहा धूपिया ने 'फ्रीडम टू फीड' अभियान को फिर से किया शुरू

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेत्री-निर्माता और मातृत्व अधिकारों की समर्थक नेहा धूपिया ने अपने सराहे गए अभियान 'फ्रीडम टू फीड' को वर्ल्ड ब्रेस्टफीडिंग वीक 2025 के लिए फिर से शुरू किया है।

वर्ष 2019 में शुरू हुआ यह अभियान, नेहा के अपने मातृत्व के अनुभवों और इस चाह से शुरू हुआ था कि सार्वजनिक स्थानों पर स्तनपान को बिना शर्म या जजमेंट के सहजता से अपनाया जा सके। यह प्लेटफ़ॉर्म अब तक एक ऐसा मंच बन चुका है जहां माताएं और देखभाल करने वाले अपने अनुभव साझा करते हैं और खुलकर बात करते हैं। इस साल नेहा कुछ मशहूर अभिनेत्रियों राधिका आप्टे, युविका चौधरी और सोनाली सहगल के साथ डिजिटल बातचीत करेंगी। इन बातचीतों में वे शरीर पर नियंत्रण, समाज की अपेक्षाएं और मातृत्व से जुड़ी भावनात्मक बातों पर गहराई से चर्चा करेंगी। ये बातचीतें उनके सोशल मीडिया चैनलों पर पूरे हफ्ते साझा की जाएंगी।अब तक इस अभियान को बिपाशा बसु, फ्रीडा पिटो, सोहा अली खान और दिया मिर्ज़ा जैसे कई जाने-माने सितारों का समर्थन मिला है, जिन्होंने ब्रेस्टफीडिंग और महिलाओं के स्वास्थ्य को लेकर खुलकर आवाज़ उठाई है। अभियान को फिर से शुरू करने पर नेहा धूपिया ने कहा कि जब मैंने पहली बार 'फ्रीडम टू फीड' शुरू किया था, तो यह मेरे निजी अनुभव से जुड़ा हुआ था। एक ऐसा समय जब मैं खुद को असहज, जज की गई और अकेली महसूस कर रही थी, जबकि वो मेरी जिंदगी का सबसे नैसर्गिक और सशक्त पल होना चाहिए था।

### ब्राजील में दिल का दौरा पड़ने से 20 साल की लड़की की मौत

**रियोडिजिनेरो।** ब्राजील में एक 20 साल की लड़की की चलती बस में मौत हो गई। उसे दिल का दौरा पड़ा था, लेकिन जब डाक्टरों ने उसका इलाज करना शुरू किया, तो उन्हें उसके शरीर से चिपके हुए 26 आईफोन मिले। यह घटना 29 जुलाई की है। लड़की बस में अकेले सफर कर रही थी। वह साओ पाउलो जा रही थी। इसी दौरान उसने सांस लेने में परेशानी की शिकायत की। उसकी हालत बिगड़ती देख बस स्टाफ ने तुरंत डाक्टरों को बुलाया। डाक्टरों की टीम ने करीब 45 मिनट तक उसे होश में लाने की कोशिश की, लेकिन वह सफल नहीं हो पाए और उसे मौके पर ही मृत घोषित कर दिया गया।





